फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 75 संख्या: 178 प्रभात जयपुर, बुधवार 29 जनवरी, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

The Mela Fete Bazaar Exponentially

Sessions will be conducted in multiple Indian languages including Hindi, Bengali, Rajasthani, Kannada, Tamil, Telugu, Odia, Sanskrit, Assamese, Malayalam, Marathi, Punjabi, and Urdu

MUSIC EVENINGS AT JLF

The Jaipur Music Stage has something for everyone

# दिल्ली के चुनाव में भाजपा व कांग्रेस की ओर से ''लोकल फ्लेवर'' की कमी दिख रही है

## दोनों पार्टियों के पास मु.मंत्री के रूप में ''प्रोजैक्ट'' करने वाला चेहरा नज़र नहीं आ रहा, भाजपा, अब तक की बाहरी व्यक्ति को मु.मंत्री के रूप में ''प्रोजैक्ट'' करने की रणनीति कामयाब नहीं होते देख, मु.मंत्री के मुद्दे पर चुप है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जनवरी। कांग्रेस ने दिल्ली में अपना खोया हुआ आधार पुन: प्राप्त करने तथा सत्ता में वापसी की कोशिश करने का एक बहुत बड़ा अवसर खो दिया है।

यह कहना अजीब लग सकता है कि कांग्रेस ने दिल्ली के चुनावों को गम्भीरता से नहीं लिया, यही नहीं केजरीवाल के खिलाफ अजय माकन के देशद्रोही वाले बयान के कारण अपनी चुनावी सम्भावनाओं को पूरी तरह डुबो देने की सीमा तक पहुँच गई।

आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता तेजी से घट रही है। तथा भाजपा, पिछले 26 साल से सत्ता से दूर होने के कारण, पूरी तरह निराश और हताश स्थिति में अपनी वापसी की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस, जो गहरी नींद में सोई हुई लग रही थी, अब जाग पड़ी दिखाई दे रही है।

- कांग्रेस अब सोते से जागी है तथा राहुल गांधी ने पटपड़गंज और ओखला में रैली आयोजित की। पर, उनका रैली में हुआ भाषण ''ऑल इंडिया थीम'', जैसे अंबानी, अडानी, जातिगत जनगणना, जीएसटी, संविधान पर ही केन्द्रित रहा।
- भाजपा व कांग्रेस, केजरीवाल व आप के शासन का अंत देखना चाहते हैं, पर, दोनों के लिये यह संभव नहीं हो पा रहा कि एक दूसरे से लड़ना छोड़कर केजरीवाल को हराने पर ध्यान लगायें।

राहुल गांधी ने आज शाम पटपड़गंज और ओखला में दो सभाओं का सम्बोधित की। क्या पार्टी को केजरीवाल और भाजपा के खिलाफ अपना सब कुछ दाँव पर नहीं लगा देना चाहिये था और दिल्ली में अनगिनत सभाएं और रोड शो करके अपने उम्मीदवारों का समर्थन और सहयोग नहीं देना चाहिये था।

आज राहुल ने अपने भाषणों में केजरीवाल और भाजपा पर हमला तो बोला, लेकिन उनके भाषण अधिकांशत: उसी पुराने पैटर्न के ही थे-मीडिया पर हमला, भाजपा का बड़े उद्योगपतियों के हाथों में खेलना, अडानी, अम्बानी तथा अन्य बड़े व्यवसायी, जातिगत जनगणना, जीएसटी, संविधान तथा उनके ऐसे ही अन्य प्रिय विषयों पर उनके भाषण केन्द्रित रहे।

राहुल गांधी के भाषणों में स्थानीय रंग का, दिल्ली के मुद्दों का अभाव था। वे केजरीवाल के शीशमहल के खिलाफ बोले। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में बिलकुल अलग ढंग तथा स्वच्छ राजनीति का वादा किया था, लेकिन अन्त में वे शराब घोटाले के शिल्पी ही सिद्ध हुये तथा इसके लिये उन्हें, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा आप के अन्य नेताओं को जेल जाना पड़ा।

कांग्रेस और भाजपा दोनों ही आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को सत्ता से हटाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन दोनों ही पार्टियों के पास स्थानीय कद्दावर नेता नहीं हैं, जो पार्टी के चेहरे बन सकें तथा जिन्हें मुख्यमंत्री के रूप में प्रोजेक्ट किया जा सके।

भाजपा समय-समय पर बाहरी नेताओं को नेतृत्व के लिये लाती रही, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें उभरने और उठने नहीं दिया।

कांग्रेस के बहुत से दिग्गज पार्टी छोड़ गये हैं और पार्टी में अब ऐसे नेताओं का अभाव है, जिन्हें प्रोजेक्ट किया जा सके।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अधिकारी हाजिर होकर बतायें फ्लाई ओवर कब पूरा होगा'

जयपुर, 28 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने एनएचएआई के अधिकारियों सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों को 29 जनवरी को पेश होकर बताने को कहा है कि जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा के पास बन रहे फ्लाईओवर का काम कब तक पूरा कर लिया जाएगा। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश रायचंद चौधरी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान एनएचएआई की ओर से अधिवक्ता संदीप पाठक ने अदालत को बताया कि जयपुर-अजमेर हाईवे पर पांच फ्लाईओवर का काम शुरू किया गया था। जिनमें से चार फ्लाईओवर बन चुके हैं और उन पर वाहनों का आवागमन भी शुरू हो चुका है। वहीं भांकरोटा पर बन रहे शेष एक फ्लाईओवर का काम अभी चल रहा है और आगामी दिनों में उसे पूरा कर लिया जाएगा।

- हाई कोर्ट ने जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा के पास बन रहे फ्लाई ओवर के निर्माण में देरी पर एनएचएआई से जवाब मांगा।

इस पर अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि फ्लाईओवर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सैम पित्रोदा ने एक बार फिर तूफान खड़ा किया अपनी टिप्पणी से

## पित्रोदा ने कहा कि जो भी, जिस देश के लोग चाहे गैर कानूनी तरीके से भारत आ रहे हों, उन्हें आने देना चाहिये

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जनवरी। अप्रवासियों के बारे में अपनी टिप्पणियों के कारण सैम पित्रोदा एक बार फिर से विवादों में घिर गए हैं। पित्रोदा ने कहा है कि अवैध अप्रवासियों को भारत में रहने की इजाज़त होनी चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इसे ''शर्मनाक, अत्यधिक अपमानजनक और गैरजिम्मेदाराना'' कहा है।

बिना तारीख वाले एक वीडियो में पित्रोदा कहते सुने गए, कि ''यदि वो यहाँ आना चाहते हैं, चाहे अवैध रूप से, तो उन्हें आने दें। हमें सबको शामिल करना चाहिए। यदि हमें थोड़ी बहुत परेशानी होती है, तो कोई बात नहीं। हम शेयर (साझा) कर लेंगे, पर कोई शेयर करना नहीं चाहता है। वे अपना हिस्सा बड़े से बड़ा रखना चाहते हैं।''

पाँच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले, भाजपा अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को एक बड़ा मुद्दा बना रही है, ऐसे में स्पष्ट रूप से पित्रोदा की टिप्पणियों ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि पित्रोदा ने यह टिप्पणियाँ कब की थीं। खबर लिखे जाने तक पित्रोदा की तरफ से कोई स्पष्टीकरण नहीं आया था।

- इस बार तूफान कुछ ज्यादा ही बड़ा है, क्योंकि भाजपा तो गैर कानूनी तरीके से भारत आने वाले बांग्लादेशियों को चुनाव का बड़ा मुद्दा बना रही है, दूसरी और पित्रोदा इन लोगों का स्वागत करने की बात कर रहे हैं।
- इसके पहले उन्होंने विवादास्पद टिप्पणियां, 1984 के सिख विरोधी दंगों के बारे में भी की थीं कि ''हुआ सो हुआ।''
- उन्होंने यह भी कहा था राम मंदिर के निर्माण के समय, कि भारत की बड़ी समस्याएं, गरीबी व बेरोज़गारी को हल करने में मंदिर कुछ भी मदद नहीं करेगा।
- लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने यह कहा था कि नॉर्थ ईस्ट के लोग चीन के लोगों से मिलते-जुलते हैं, पश्चिमी भारत के लोग अरबवासियों की तरह दिखते हैं तथा दक्षिण भारत के लोगों की छवि अफ्रीका के निवासियों जैसी है। वे क्या संकेत कर रहे थे, यह तो वो ही जानें पर इन टिप्पणियों से भी भारतवासी काफी नाराज दिखे थे।

पित्रोदा, जो ओवरसीज़ कांग्रेस के चेयरमैन हैं, कई बार राजनीतिक विवाद खड़े कर चुके हैं। गत वर्ष, लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने पूर्वोत्तर के लोगों को चीनी लोगों जैसी शक्ल वाला बताते हुए यह भी कहा था कि पश्चिम के लोग अरब के लोगों जैसे, उत्तर के लोग श्वेत और दक्षिण के लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं।

एक अन्य अवसर पर इनहैरिटैंस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'निजीकरण और संविदा नीति से गरीबों व बहुजनों के अधिकार छीने जा रहे हैं?'

## राहुल गांधी ने नई दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 28 जनवरी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित के लिए प्रचार किया जो कि नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के चीफ अरविन्द केजरीवाल के सामने प्रत्याशी हैं। दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

उन्होंने नई दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों से भी बातचीत की जिन्होंने राहुल को बताया कि भाजपा की केन्द्र सरकार व आप की राज्य सरकार की नीतियों के कारण हज़ारों लोग बेरोजगार हैं।

गांधी ने सबसे पहले तो महर्षि वाल्मीकि मंदिर का दौरा किया और देश की खुशहाली, शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

- राहुल ने महर्षि वाल्मीकि मंदिर में दर्शन कर प्रचार अभियान शुरु किया। स्थानीय लोगों ने राहुल को साफा पहनाया। राहुल ने प्रचार के दौरान नई दिल्ली, नगर निगम के कर्मचारियों से भी मुलाकात की।
- नई दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित हैं, जो तीन बार की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र हैं। उनका मुकाबला आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और भाजपा के प्रवेश वर्मा से है।

राहुल ने एक्स पर लिखा कि ''दर्शन के बाद मैं नई दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि भाजपा की केन्द्र सरकार और आप पार्टी की राज्य सरकार की संविदा पर रोजगार देने की नीति और निजीकरण के कारण हज़ारों लोग बेरोजगार हैं तथा जो नौकरी में हैं उन्हे उचित वेतन नहीं मिल रहा है''।

राहुल ने कहा कि ''हम लगातार ये मुद्दे उठा रहे हैं कि निजीकरण और संविदा पर नौकरी देने की नीति ऐसे हथियार हैं, जिनसे गरीब और बहुजन के अधिकार छीने जा रहे हैं। हम सबसे पहले इसी मसले का समाधान करेंगे''।

वाल्मीकि कॉलोनी, मंदिर मार्ग के लोगों ने राहुल गांधी को साफा भेंट किया।

राहुल गोल मार्केट में भी स्थानीय लोगों से मिले।

नई दिल्ली में केजरीवाल कड़े मुकाबले में फंसे हुए है। उनका मुकाबला भाजपा के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित से है जो तीन कार्यकाल तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित के पुत्र हैं।

# ताहिर को मिली कस्टडी पैरोल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने ताहिर हुसैन, जो दिल्ली दंगों के मामले में अंडर ट्रायल कैदी है, को मुस्तफाबाद सीट से प्रचार के लिए ''कस्टडी पैरोल'' (हिरासत पैरोल) दी है। ताहिर मुस्तफाबाद से असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के टिकट पर चुनाव लड़ रहा है।

कस्टडी पैरोल के तहत हुसैन को

- 29 जनवरी से 3 फरवरी तक उन्हें रोज 12 घंटे पुलिस की निगरानी में प्रचार के लिए छोड़ा जाएगा। रात होते ही उन्हें पुन: जेल में लौटना होगा।

29 जनवरी से 3 फरवरी तक रोज दिन (जेल मैनुअल के अनुसार 12 घंटे के लिए) में छोड़ा जाएगा और रात में जेल लौटना होगा। इस दौरान उसे तमाम खर्च वहन करना होगा।

उसने तमाम खर्च वहन करने पर सहमति दी, जिसमें पुलिस एस्कॉर्ट वाहन का खर्च भी शामिल है। इसके अलावा भी कई शर्तें हैं, जैसे वह अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मतदान के एक सप्ताह पहले तक तीन सर्वे आप को जिता रहे हैं

## सी-वोटर के सर्वे के अनुसार, महिला वोटरों में आप के लिए भारी झुकाव है, क्योंकि रेवड़ियाँ बांटने में ''आप'' का इतिहास ज्यादा ईमानदारीपूर्ण मानती हैं महिलाएं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जनवरी। इस समय, जब दिल्ली विधानसभा चुनाव होने में केवल एक सप्ताह शेष रहा है, मतदाताओं के मन में सबसे ऊपर एक ही प्रश्न है: क्या आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता में बनी रहेगी या भाजपा अथवा कांग्रेस इसे सत्ता से बेदखल कर देंगे? राष्ट्रीय राजधानी के भाग्य का फैसला 5 फरवरी को होने वाले मतदान और 8 फरवरी को घोषित होने वाले उसके परिणाम से ही होगा।

चुनाव-पूर्व के सर्वेक्षणों ने संभावित परिणामों की जानकारी दी है। सर्वेक्षणों तथा भविष्यवाणियों में काँटे की टक्कर बताई गई है, जिसमें आप को उल्लेखनीय बढ़त मिलने के आसार बताये गये हैं।

सी-वोटर सर्वे के अनुसार, आप संभावित रूप से 51 प्रतिशत से अधिक वोट पाकर महत्वपूर्ण विजय की स्थिति में प्रतीत हो रही है। लेकिन प्रतिक्रिया देने वाले 41 प्रतिशत लोगों ने सरकार बदलने को अपनी प्राथमिकता बताया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट बताती है कि सी-वोटर ने जिन 3,200 लोगों का सर्वे किया है, उनमें से करीब आधे लोगों का कहना है कि वे वर्तमान सरकार से संतुष्ट हैं।

- नैशनल कॉनफिडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी संस्थाओं द्वारा आयोजित सर्वे में 44 प्रतिशत दलित मतदाताओं से पूछने पर आप को समर्थन देने की बात कही तथा 32 प्रतिशत भाजपा और 21 प्रतिशत कांग्रेस के पक्ष में बोले।

सी-वोटर के संस्थापक यशवंत देशमुख के अनुसार, आप का पलड़ा, विशेष रूप से महिलाओं में, काफी भारी दिखाई दिया है। ''न्यूज़ तक'' को दिये गये एक इन्टरव्यू में उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में शामिल 100 में से 80 महिलाएं आज भी आप के समर्थन में हैं। इसके अलावा, 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करने वाली 65 प्रतिशत महिलाओं में करीब 25 प्रतिशत महिलाओं का झुकाव अब आप की तरफ है। इसी प्रकार, पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को वोट देने वाली महिलाओं में से 75 प्रतिशत महिलाओं की निष्ठा अब आप के प्रति हो गई है।

देशमुख ने आप की लोकप्रियता का श्रेय उसकी कल्याणकारी योजनाओं की सतत क्रियान्विति को दिया। उन्होंने रॉयटर्स को बताया, ''दिल्ली में विभिन्न प्रकार की छूटों की क्रियान्विति का टैक रिकॉर्ड अच्छा रहा है।''

नैशनल कॉनफेडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ऑर्गनाइज़ेशन्स (एनएसीडीएओआर) पूरी दिल्ली में 6,256 लोगों, जिनमें 2,574 महिलाएं शामिल हैं, का सर्वे किया। सर्वे के परिणाम आप के लिये दलित मतदाताओं का जबरदस्त समर्थन बता रहे हैं। यह सर्वे दर्शाता है कि 35 विधानसभा क्षेत्रों के दलित आप के पक्ष में हैं, तथा भाजपा और कांग्रेस को क्रमश: 28 और 7 सीटें मिलने का अनुमान है।

कुल मिलाकर, प्रतिक्रिया देने वाले 44 प्रतिशत दलितों ने आप, 32 प्रतिशत ने भाजपा और 21 प्रतिशत दलितों ने कांग्रेस के समर्थन की बात कही है। सर्वे में यह भी सामने आया है कि दलित ऐतिहासिक रूप से इंडिया ब्लॉक के साथ रहे हैं, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर आप और कांग्रेस शामिल हैं, किन्तु ये दोनों पार्टियाँ दिल्ली विधानसभा चुनावों में आमने-सामने हैं।

फलौदी सट्टा बाज़ार की भविष्यवाणी में शुरु में आप को पूर्ण बहुमत मिलना बताया गया था तथा कहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यमुना में ज़हर वाले बयान पर केजरीवाल मुश्किल में

नई दिल्ली, 28 जनवरी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को हरियाणा की भाजपा सरकार पर यमुना के पानी को जहरीला करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा है और कल यानी बुधवार तक सबूत देने को कहा है। चुनाव आयोग ने आप के राष्ट्रीय

- चुनाव आयोग ने केजरीवाल को नोटिस भेजकर कहा, यमुना के पानी में ज़हर है, इसका सबूत दीजिए।

संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यमुना नदी में जहर डालने और सामूहिक नरसंहार के अपने गंभीर आरोपों को तथ्यों के साथ साबित करने को कहा है। ईसीआई ने विभिन्न न्यायिक घोषणाओं और कानूनी प्रावधानों का हवाला दिया जिसके तहत राष्ट्रीय एकता और सार्वजनिक सद्भाव के खिलाफ शरारती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फैडरेशन ऑफ इण्डियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ने 150 राष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों का सर्वे किया, आगामी बजट के बारे में

## सर्वे के अनुसार, इन कम्पनियों का देश की ''ग्रोथ'' के बारे में काफी आशावादी सोच नज़र आया

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 28 जनवरी। वर्ष 2025-26 के केन्द्रीय बजट से पूर्व भारतीय व्यापार व उद्योग जगत बेहद आशान्वित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। फैडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (एफ. आई. सी. सी. आई.) अर्थात फिक्की द्वारा करवाए गए एक सर्वे से यह बात पता चली है। देश भर के विभिन्न सैक्टर्स की 150 कंपनियों के जवाबों से मध्यम दर्जे की आर्थिक ग्रोथ धीमे होने के बावजूद कॉरपोरेट जगत की उम्मीदों को उजागर हुई हैं।

सर्वे में शामिल होकर प्रतिक्रिया देने वाले कुल लोगों में से 64 प्रतिशत ने भारत की ग्रोथ की दिशा पर भरोसा जताया है तथा 60 प्रतिशत ने 2025-26 में ग्रोथ रेट 6.5 से 6.9 प्रतिशत रहने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। हालांकि यह 2023-24 की ग्रोथ रेट 8 प्रतिशत से कम है, पर यह कमी बाहरी इकोनौमिक कारकों की वजह से है।

सर्वे में शामिल लोगों ने फिस्कल कंसोलिडेशन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की। लगभग 47 प्रतिशत ने माना कि 2024-25 का 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटा लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। 24 प्रतिशत ने इससे भी बेहतर हालात की उम्मीद जताई।

सर्वे का एक प्रमुख निष्कर्ष यह था कि सार्वजनिक पूंजी व्यय को बनाए रखने की सभी ने जोरदार अपील की। लगभग 68 प्रतिशत ने कैपिटल निवेश पर सतत फोकस बनाए रखने का समर्थन किया तथा 2025-26 वित्त वर्ष के लिए न्यूनतम 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ पूंजी निवेश पर निरंतर ध्यान केन्द्रित करने की सिफारिश की, जिसे ग्रोथ की निरन्तरता के लिए जरूरी माना गया।

- 60 प्रतिशत कम्पनियां मानती हैं कि देश की जीडीपी की ग्रोथ 6.5 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत तक रहेगी, 2025-26 वित्तीय वर्ष में।
- उद्योग क्षेत्र के लोगों की एक ही मांग है, ''ईज़ ऑफ डूईंग बिज़नैस'' और बेहतर होनी चाहिए, जैसे उद्योग के लिये भूमि अधिग्रहण करने की प्रक्रिया, श्रम संबंधी कानून-कायदे तथा बिजली की उपलब्धि आदि।

व्यापार करने में आसानी (ईज़ ऑफ डूईंग बिजनैस) को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया गया, विशेष रूप से भूमि अधिग्रहण, श्रम नियमों और बिजली आपूर्ति जैसे क्षेत्रों में। उत्तरदाताओं ने अगले पीढ़ी के सुधारों के लिए मार्गदर्शन की उम्मीद जताई, जिस पर पिछले बजट में संकेत दिया गया था।

उपभोग की मांग में कमी एक चिंता के रूप में उभर कर सामने आई।

उद्योग जगत के कई लोगों ने प्रत्यक्ष कर संरचना की समीक्षा करने का आग्रह किया, जिसमें आयकर स्लैब और दरों में संशोधन करने की सिफारिश की गई, ताकि खर्च को बढ़ावा दिया जा सके और आय में वृद्धि हो सके।

कर व्यवस्था को सरल बनाना पर्यावरण के अनुकूल टैक्नॉलजी को प्रोत्साहन देना, और डिजिटलीकरण के माध्यम से अनुपालन बोझ कम करने को महत्वपूर्ण उपाय के रूप में रेखांकित किया गया। सहभागियों ने कस्टम ड्यूटी प्रणाली में सुधार, टैक्स डिडक्शन एट सोर्स (टीडीएस) प्रावधानों के समायोजन की आवश्यकता भी बताई।

इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण (विशेष रूप से उद्योग 4.0), और ग्रामीण विकास को ध्यान केन्द्रित करने के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के रूप में चिन्हित किया। लगभग चालीस प्रतिशत ने एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि यह रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाता है। प्रमुख सुझावों में क्रेडिट तक सुगम पहुंच और प्रौद्योगिकी और प्रथाओं को अपनाने को प्रोत्साहन देना शामिल था।

निर्यात प्रतिस्पर्धा प्रमुख रूप से उभरी और उत्तरदाताओं ने माल परिवहन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या पर 5 करोड़ ने किया संगम स्नान

महाकुंभ नगर, 28 जनवरी। आस्था के महाकुंभ में मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या पर मंगलवार को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पांच करोड़ के करीब पहुंचने का अनुमान है। मेला प्रशासन का

- मेला प्रशासन ने बताया, मंगलवार शाम तक 4.6 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। रात तक यह संख्या 5 करोड़ पहुँच जाने का अनुमान है।

अनुमान है कि मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान करने वालों की संख्या दस करोड़ तक जा सकती है। मंगलवार देर शाम तक 4.64 करोड़ लोगों ने संगम स्नान किया था और रात

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

आशा प्रयत्नशील मनुष्य का साथ कभी नहीं छोड़ती। –गेटे

# मशीनबुद्धि जनित साहित्यकी विश्वसनीयता को खतरा!

एआई के युग में 'साहित्य सृजन की विश्वसनीयता' विषय पर प्रमुख साहित्यकारों ने पिछले दिनों जयपुर में विद्यार्थियों के समक्ष विमर्श किया। जिस प्रकार एआई का तूफान तेज गति से सभी को घेरे जा रहा है उसमें साहित्य के लोगों का एआईजनित नई परिस्थितियों की बात करना स्वाभाविक ही था। हालांकि जिस रचनधर्मी से बातचीत की शुरुआत हुई उसका कहना था कि नई पीढ़ी एआई को सकारात्मकता से स्वीकार कर रही है तो पुरानी पीढ़ी उसके विरोध में खड़ी नज़र आती है। उसका कहना था कि जिस प्रकार गणित में पहले पहाड़े याद किये जाते थे उसकी जगह जोड़-बाकी-गुणा-भाग करने के लिए केलकुलेटर और कंप्यूटर आ गये। एआई उसी का परिष्कृत या सघन रूप है। इसे मनुष्य ने ही बनाया है। ऐसा और लोग भी सोचते हैं कि मशीन बुद्धि साहित्य को इसलिए प्रभावित नहीं कर सकती क्योंकि कंप्यूटरखुद मानव बुद्धि जैसे स्वतंत्र सोच नहीं सकता। विमर्श में मौजूद अन्य साहित्यकारों ने भी एआई की उपयोगिता को तो स्वीकारा, किन्तु उसके साहित्य और साहित्येतर खतरों के प्रति उनकी वाजिब चिंता भी थी। यह सच है कि एआई ने इस सदी की सबसे बड़ी क्रांति की है। मशीन मानव बुद्धि से अधिक तेज और बिना थके प्रदर्शन करती है। विज्ञान जगत में उसके लाभ मानव जाति के लिए जबरदस्त मददगार साबित हो रहे हैं। किन्तु विज्ञान को फेंटेसी के रूप में प्रस्तुत करते लोकप्रिय उपन्यासों और फिल्मों ने आम आदमी के दिमाग में कृत्रिम बुद्धि वाले यांत्रिक मानव बन सकने की ऐसी छवि बना दी गई है कि सभी के सिर पर यह भय चढ़ा हुआ है कि किसी दिन मशीन अनियंत्रित दस्यु बन कर मानव के विरुद्ध खड़ी हो जाएगी। लेकिन यह भी सत्य है कि एआई अब जीवन के हर पहलू में हमारी जरूरत बन गई है। आभासी दुनिया में सोशल मीडिया ने निर्बाध अभिव्यक्ति और लोगों को जोड़ने का भाव दिया था। वहां किसी का नियंत्रण नहीं होने का उत्साह था। मगर यह उत्साह शीघ्र ही बिखर गया जब देखा कि लोगों के चुनने को प्रभावित करने के लिए मशीन बुद्धि पर विश्व की बड़ी कंपनियां अरबों रुपये खर्च कर रही हैं। इन कंपनियों के कंप्यूटर प्रोग्रामरों ने मशीनों को यह भी सिखा दिया कि भाषा में भी वह मानव की तरह अभिव्यक्ति कर सके। अब मशीन अपनी कृत्रिम बुद्धि से खबरें लिख देती है, पत्र लिख देती है, निबंध लिख देती है, और यहां तक कि कविताएं और कहानियां भी लिख देती है। एआई द्वारा लिखा देना विद्यार्थियों को खूब भा रहा है, जिससे शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों को परेशानी हो रही है कि वे कैसे जांचे कि विद्यार्थी ने अपना होमवर्क खुद लिखा है या मशीन से लिखवाया है। उसी प्रकार साहित्यजगत के समीक्षकों की यह परेशानी लाजिमी है कि जो साहित्यिक रचनाएं सामने आएंगी उनकी क्या विश्वसनीयता होगी कि वह किसी रचनाधर्मी की लिखी हुई है या मशीन की उपज है। कंप्यूटर प्रोग्रामरों ने मशीन को यह सिखा दिया है कि वह कैसे शब्द चुने, कैसे वाक्य बनाये और उनमें आपसी ताल-मेल कैसा हो। मशीन ठीक-ठाक वैसा लिखने में सक्षम हो गयी है जैसा भाषा का कोई ठीक-ठाक जानकार व्यक्ति लिख सकता है।


मशीन को कंप्यूटर प्रोग्रामर उसी तरह सिखाते हैं जैसे किसी बालक को सिखाया जाता है। मगर मानव में मेधा होती है, जो मशीन बुद्धि में नहीं होती। मशीन बुद्धि का परिष्कार करने वाले लगातार इस प्रयास में जरूर लगे हैं कि मशीन मानवीय मेधा की अधिक से अधिक नकल कर सके। मगर मानव सिर्फ एक शिक्षक से ही नहीं सीखता। वह अनेक शिक्षकों तथा अपने परिवेश में मौजूद अन्य कई चीजों से सीखता है। मशीन तो केवल आभासी दुनिया में पडे असंख्य डाटा से नकल करती है। हर एक से कुछ लेती है और लाखों से जानकारी लेकर उसे अपने को सिखाए वाक्य विन्यास में ढाल कर अपनी रचना तैयार करती है। यह कहना मुश्किल है कि मशीन ने विशिष्ट रूप से किससे क्या लिया। कहा जा सकता है कि एक रचनाकार भी उसने जो पढ़ा होता है उससे कुछ न कुछ तो लेता ही है भले ही वह उसकी वह नकल नहीं करता है। साहित्यकार के अवचेतन में पड़ी स्मृति स्पष्ट नहीं होती किन्तु उसके लेखन प्रक्रिया में वहां से भी चीजें अनेक रूपों में प्रकट होती ही है, जो मूल से बिल्कुल अलग हो सकती है। किन्तु किसी भी रचनाकार को अपनी रचना के लिए गारा-पानी वहीं से मिलता है। क्या हम कल्पना कर सकते हैं कि कोई साहित्यकार ऐसा भी होगा जो पढ़ता न हो। हमारे एक मित्र जो बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष रह चुके है एक चुटकला सुनाते हैं: हजारी प्रसाद द्विवेदी से मिलने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने विश्वविद्यालय के एक शिक्षक पहुंचे। जाकर उनके चरण छूए, पास बैठे और अपने थैले से निकाल कर अपनी नई प्रकाशित पुस्तक की प्रति उन्हें भेंट करते हुए कहा 41वां पुष्प आपको अर्पण करता हूं। यह उनकी लिखी 41वीं पुस्तक थी। द्विवेदी जी ने पुस्तक ली और उसे बिना देखे अपनी बगल में रख दी और बोले, अरे वाह आपने इतनी रचनाएं कर ली। अब थोड़ा पढ़ लीजिए। यह व्यंग्य किसी भी रचनाकार के लिए गुरुवचन हो सकता है कि लिखने से पहले पढ़ना जरूरी होता है। फिर यदि मशीन भी बहुत सा पढ़ कर नया लिखती है तो परेशानी क्यों? किसी भी पीचड़ी की शुरुआत में ही उस के विषय पर पहले हुए अध्ययनों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना पड़ता है। इसके लिए अध्ययनकर्ता को लाइब्रेरी मंत बैठ कर यह सब करना पड़ता है। एआई के समर्थक कहते हैं कि वैसा काम कृत्रिम बुद्धि करती है। पुराने पीएचड़ी अध्यायन ऑनलाइन से गूगल की खोज सेवा अध्ययनकर्ता को वह सामग्री एक क्षण में खोज कर दे देती है। लेकिन इसके साथ जब थीसिस लिखने में इसी विधि से नकल होने लगी तो उसका पता लगाने के उपाय भी मशीन बुद्धि की मदद से ही किये गये।

> **कहानियों और कविताओं की जैसी रचनाएं अभी छप कर आ रही हैं उनसे तो मशीन बुद्धि से उत्पादित रचनाएं कमतर नहीं पड़ेंगी। कहा जाता है कि नई यांत्रिक तकनीक हमारी जरूरत पर आती है। यहीं पर धोखा हो जाता है। एआई तकनीक बाज़ार की जरूरत है। वह ग्राहक-ग्राहक के चयन को नियंत्रित करना चाहता है। यह नियंत्रण किसी बिक्री की भौतिक वस्तु के लिए हो सकता है, किसी लिए विचारधारा के लिए हो सकता है, किसी राजनैतिक सत्ता के लिए हो सकता है।**

इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि अकादमिक जगत में ही नहीं साहित्य जगत में भी नकल होती रही है जिसमें कोई लेखक थोड़ा सा हेर-फेर करके या किसी और लेखक का पूरा पाठ या उसके हिस्सों को अपने लेख में समाहित कर लेता है। कोई अन्य भाषा की रचना से कुछ उठा लेता हैं। ऐसे कवि भी होते हैं जो अन्य कविताओं से आईडिया उठा लेते हैं या किसी विदेशी कविता का अपनी भाषा में चालाकी से उल्था कर लेते हैं। ऐसों को साहित्य जगत में मान्यता नहीं मिलती क्योंकि समीक्षक ओरिजिनल लेखन को बखूबी पहचानते हैं। किसी सफल लेखक की शैली में कोई और लिखे तो उसे साहित्य में गलत नहीं माना जाता। लेकिन सबको यह पता होता है कि वह किसकी शैली में लिख रहा है। चुरा कर लिखने वालों में कुछ की चवन्नी चल भी जाती है। मगर एआई उस तरह लाइनें उठा कर नकल नहीं करती। वह अंतर्जाल (नेट) पर पड़ी रचनाओं से सामान उठाती है, मगर कोई यह नहीं बता सकता कि एआई की रचना किसकी नकल है। जिस प्रकार साहित्य में नकल को रचना के उद्धरणों पर निशान लगा कर साबित किया जा सकता है कि वह नकल है उस तरह एआई की रचना को नकल के रूप में रेखांकित नहीं किया जाना दूभर है। हालांकि एआई का जिस तेजी से विकास जारी है उसमें आगे जाकर ऐसा भी संभव हो सकता है कि मशीन बुद्धि को कोई टेक्स्ट दिया जाए तो वह खोज करके यह बता दे कि वह रचना एआई से बनी है या मानवीय हाथों से लिखी गई है। जिस प्रकार बनावटी फ़ोटो को एआई पकड़ सकती है उसी प्रकार वह बनावटी मशीन लेखन को भी पकड़ लिया जाने का उद्यम हो सकता है। साहित्यकार अपने अनुभव से नई रचना करता है। उसके जितने अनुभव गहन होंगे, विस्तृत होंगे वे सब उसकी रचना को ऊंचाई देंगे। मगर ऐसा कहने वाले समीक्षक भी कम नहीं हैं कि कहानियों और कविताओं की जैसी रचनाएं अभी छप कर आ रही हैं उनसे तो मशीन बुद्धि से उत्पादित रचनाएं कमतर नहीं पड़ेंगी। कहा जाता है कि नई यांत्रिक तकनीक हमारी जरूरत पर आती है। यहीं पर धोखा हो जाता है। एआई तकनीक बाज़ार की जरूरत है। वह ग्राहक-ग्राहक के चयन को नियंत्रित करना चाहता है। यह नियंत्रण किसी बिक्री की भौतिक वस्तु के लिए हो सकता है, किसी लिए विचारधारा के लिए हो सकता है, किसी राजनैतिक सत्ता के लिए हो सकता है। वह जरूरत किन्ही उधमी समुदाय के कुटिल आनंद के लिए भी हो सकती है। वह जरूरत किसी को यह सुख देने वाली भी हो सकती है कि वह मशीन की सहायता से रचनाएं करके साहित्यकार का तमगा पा गया। इसलिए साहित्य जगत की यह चिंता वाजिब ही है कि नई परिस्थिति में साहित्यिक सृजन की विश्वसनीयता क्या रह जाएगी? ऐसे में यह मानना कि एआई रोजमर्रा की जरूरतों के दबाव में आया है सच नहीं है। यह कंपनियों के दबाव में आया है जो ग्राहक के चयन पर चतुराई से नियंत्रण चाहती हैं और जो अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए मानव की जगह मशीन की एआई से काम कराना चाहती हैं। लेखकों के लिए भी यह खतरे की घंटी है कि प्रकाशन व्यवसाय के लिए उनकी बजाय एआई से किताबें लिखवाना मुनाफे का सौदा होगा। लेकिन मानव की सृजनधर्मिता, जो एआई को बना रही है और बढ़ा रही है, वही इससे निबटने के उपाय भी देगी।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# धर्म व विज्ञान: मानव समुदाय के लिए शान्ति व सुख की तलाश



राजेश्वर सिंह

सभ्यता के आदिकाल में आदिम मनुष्य ने जब जीव, जन्तुओं व वनस्पतियों से भरी हुई पृथ्वी, सरोवर, नदी व सागर में सन्निहित विपुल जलराशि, वायुमण्डल, अग्नि तथा ग्रह, नक्षत्रों से युक्त आकाश को देखा होगा तो उसकी सम्पूर्ण चेतना विस्मय, जिज्ञासा, कृतज्ञता, अहोभाव व भय से भर गई होगी। इसीलिए वैदिक वांड्मय में प्राकृतिक शक्तियों को देवता के रूप में पूजने व उन्हें प्रसन्न करने तथा उनके प्रकोप से बचने हेतु यज्ञ परम्परा का प्रारंभ हुआ। परवर्ती काल खण्ड में वैदिक मनुष्य ने यह अनुभव किया कि समस्त प्राकृतिक शक्तियाँ एक ही परम सत्ता अथवा परम चेतना के विविध रूप हैं और यहाँ से परमात्मा अथवा परम ब्रह्म की अवधारणा अस्तित्व में आई।

मनुष्य की नियति परम सत्ता के द्वारा पूर्व निर्धारित है अथवा उस नियति का निर्धारण उसके स्वयं के हाथ मे है, इस शाश्वत, सनातन एवं चिरन्तन प्रश्न पर बहस आज तक जारी है और इसका कोई सर्वसम्मत समाधान तलाशने में मनुष्य जाति अब तक असफल रही है। मानव जीवन का उद्देश्य जीवन को सुख और शान्ति के साथ जीना है या इसका कोई अन्य परम अथवा चरम लक्ष्य भी है, इस जिज्ञासा ने स्वर्ग, नर्क, वैकुण्ठ, मोक्ष, कैवल्य व निर्वाण जैसी अवधारणाओं को जन्म दिया किन्तु यह प्रश्न भी आज तक अनुत्तिरत ही है। हिन्दू परस्परा में दुःख की विस्मृति या अनुपस्थिति को सुख तथा सुख की निरन्तरता व अखण्डनीयता को आनन्द कहा गया है। आनन्द की यह स्थिति कल्पना है अथवा यथार्थ, इसके बारे में भी सुनिश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता।

मनुष्य के द्वारा किए गये पुण्य व पाप का उसके सुख या दुःख से कोई संबंध है अथवा नहीं, यह भी आज तक तय नहीं हो सका क्योंकि कई बार हम पुण्यात्माओं को दुःख भोगते हुए व पापात्माओं को सुख में लीन देखते हैं। विभिन्न धर्मों व दर्शनों में पुण्यात्मा के द्वारा अनुभव किए जा रहे दुःख को उसकी परीक्षा अथवा पूर्वजन्म में किए गये पापों का फल कहा जाता है, जो कि पूरी तरह सन्तोषप्रद प्रतीत नहीं होता।

विभिन्न धर्मों ने परमात्मा तथा अन्य देवताओं का कृपा प्रसाद प्राप्त करने के लिए पूजा पद्धतियों का प्रणयन किया और जीवन में भाग्य तथा कर्म की भूमिका व पुण्य-पाप तथा सुख-दुःख के संबंध को स्थापित करने के लिए कर्म व पुनर्जन्म जैसी अनेक अवधारणाएँ प्रस्तुत की जो आस्था, श्रृद्धा व विश्वास पर आधारित मान्यताएँ ही है और उनका कोई तार्किक आधार नहीं है।

संगठित धर्मों की सबसे बड़ी देन यह रही है कि चूँकि लगभग सभी-धर्म जीव व जगत का सृजनकर्ता जगदीश्वर को मानते हैं अतः यह मनुष्यों के मध्य बन्धुता तथा जीवों के प्रति करुणा का भाव उत्पन्न करता है, जिससे जीवन को अन्य प्राणियों के साथ शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व में जीना संभव हो जाता है। इसके अलावा प्रत्येक धर्म ने व्यक्ति व समाज के पारम्परिक संबंधों के विनियमन के लिए कुछ नैतिक नियमों अथवा नीतिशास्त्र का प्रणयन किया है ताकि समाज में सुख, शान्ति व सुव्यवस्था स्थापित हो सके। इन सामाजिक नैतिक नियमों के पालन को स्वर्ग व मोक्ष से भी जोड़ा गया ताकि इनको पारलौकिक आधार पर प्रतिष्ठित कर पुष्ट किया जा सके। लगभग सभी संगठित धर्मों में हरा पेड़ काटने, निर्दोष जीवों की हत्या करने, निर्बल पर अत्याचार करने, जल तथा वायु को प्रदूषित करने इत्यादि पर प्रतिबन्ध है तथा श्रम, शुचिता, परोपकार आदि पर बल दिया गया है, जो समाज में सुव्यवस्था बनाए रखने में धर्म की सकारात्मक भूमिका का परिचायक है। इसके अलावा मनुष्य के दुःख, भय, पीड़ा, व्यथा, वेदना व मनस्ताप आदि से आक्रांत होने पर प्राकृतिक शक्तियों अथवा परम सत्ता पर भरोसा उसका हौसला नहीं टूटने देता व उसे निराशा, हताशा व अवसाद में जाने से बचाता है।

किन्तु संगठित धर्मों ने प्रत्यक्ष जीवन से पलायन कर किसी परोक्ष महत्तम लक्ष्य के लिए सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने, असीमित पूजा-पाठ, अनुष्ठान, कर्मकाण्ड में लीन रहने, कर्म से विरत होकर केवल भाग्य पर भरोसा करने, जादू-टोना, झाड़-फूंक, ढोंग, पाखण्ड व अन्धविश्वास इत्यादि कुरीतियों को प्रोत्साहन देने तथा नकली व मिथ्याचारी बाबाओं का अन्धानुकरण करने जैसी कुप्रवृत्तियों को भी प्रोत्साहित किया है, जो किसी भी स्थिति में मान्य नहीं हो सकता।

इस संबंध में एक तथ्य ध्यातव्य व ज्ञातव्य है कि आदिम मनुष्य ने जब प्राकृतिक शक्तियों अथवा परमात्मा की पूजा, प्रार्थना व उपासना प्रारंभ की, तब भी वह अपनी दैनिक आवश्यकताओं यथा अन्न, वस्त्र व आवास आदि की पूर्ति के लिए केवल इन प्राकृतिक शक्तियों अथवा परमात्मा पर ही आश्रित नहीं रहा वरन उसने इस दिशा में अपना प्रयास व परिश्रम भी अनवरत व अप्रतिहत गति से जारी रखा जिसकी वजह से वर्तमान भौतिक सभ्यता आस्तित्त्व में आई।

भौतिक सुख साधन व सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए किए गये व किए जा रहे इन प्रयासों को ही हम विज्ञान व प्रौद्योगिकी के रूप में जानते हैं। इसके अलावा आस्था व विश्वास के जरिए जिन प्राकृतिक शक्तियों अथवा परमात्मा को हम मानते हैं, उनके रहस्य को वास्तविक, यथार्थ तथा तार्किक रूप से जानने का मनुष्य का प्रयास भी विज्ञान व प्रौद्योगिकी के माध्यम से जारी है।

किन्तु विज्ञान ने जहां मनुष्य के जीवन को सरल, सुगम व सुविधापूर्ण बनाया है, वहीं प्रकृति व पर्यावरण का विनाश, जल और वायु का प्रदूषण, शारीरिक श्रम से दूरी, असाध्य बीमारियों का उदय, भौतिक प्रगति की असीमित लालसा के चलते अवकाश का अभाव, व्यस्तता में वृद्धि के चलते मनुष्य का निरंतर बढ़ता हुआ अकेलापन, सामाजिक सम्पर्क में कमी, सामुदायिक भावना का विलोप, मनोरोग, मनोविकृति, प्राकृतिक नियमों में गैरजरूरी हस्तक्षेप इत्यादि भी इसी की देन है ।

मेरी विनम्र राय में धर्म यदि मुनष्य को स्वयं में अन्तर्निहित क्षमता व संभावना को पहचानने, उसे मूर्तिमान करने हेतु कठोर परिश्रम करने, परिश्रम के अनुकूल अथवा प्रतिकूल फल को प्रसन्नता पूर्वक स्वीकार करने, अन्य जीव-जन्तुओं, प्रकृति तथा पर्यावरण के साथ शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व एवं सामञ्जस्य में जीने तथा दीन, दुःखी, निर्बल, निर्धन व असहाय के प्रति प्रेम, करुणा, दया, सहानुभूति, सहयोग व सहायता का भाव विकसित करने में मदद करे तथा विज्ञान यदि प्रकृति व मनुष्य के मध्य अन्योनोश्रित संबंध के दृष्टिगत बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों के अनियन्त्रित, विचारहीन तथा विनाशकारी विध्वंस के बजाय मनुष्य की वास्तविक जरूरतों की पूर्ति के लिये उक्त संसाधनों के विचारपूर्ण सदुपयोग पर बल देने एवं प्राकृतिक नियमों में अनावश्यक हस्तक्षेप न कर उन नियमों के प्रति जिज्ञासा की पूर्ति के भाव को प्रबल करे तो मनुष्य का जीवन शान्ति व सुख से परिपूर्ण हो सकता है।

**–राजेश्वर सिंह,**
**आईएएस ( सेवानिवृत्त )**

## दो दिवसीय मारवाड़ हॉर्स शो एक फरवरी से

**जोधपुर, (कासं)।** 10 वां मारवाड़ हॉर्स शो 1 व 2 फरवरी को ऑल इंडिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी, जोधपुर व मारवाड़ी हॉर्स बुक रजिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एचएच महाराजा उम्मेदसिंह एयरपोर्ट रोड पाबूपुरा पर आयोजित होगा। आयोजन के मुख्य संरक्षक पूर्व महाराजा गजसिंह होंगे।

ऑल इण्डिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि मारवाड़ी हॉर्स शो का उद्घाटन शनिवार एक फरवरी को प्रातः 9.45 बजे किया जाएगा। सचिव नाथावत बताया कि प्रातः जजिंग रिंग-अदंत बछेरी, अदंत बछेरी एफएस (फाउंडेशन स्टॉक) दो दांत बछेरी जजिंग रिंग होगी। प्रतियोगिता में दोपहर में कोल्ट मिल्क टीथ, कोल्ट मिल्क टीथ एफएस, कोल्ट 2 टीथ जजिंग रिंग होगी। वहीं बग्गी प्रदर्शनी व प्रतियोगिता, मारवाड़ी हॉर्स प्रदर्शन होगा व सांय टेंट पेगिंग प्रतियोगिता प्रथम राउण्ड का आयोजन होगा।

रविवार को प्रजजन घोड़ियों की जजिंग रिंग, शो जंपिंग, मारवाड़ी अश्वों की ड्रेसाज प्रस्तुति, नर घोड़ा (स्टेलियन) जजिंग रिंग, बेस्ट अश्व प्रतियोगिता, हैक्स लेडिज हैक्स ओपन प्रतियोगिता, टैंट पेगिंग, पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होगा। इन्दरजीत सिंह नाथावत ने बताया कि इस हॉर्स शो में देश के विभिन्न प्रदेशों के स्टडबुक द्वारा रजिस्टर्ड घोड़े भाग लेंगे व दो दिन विभिन्न अश्व प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने बताया कि सात श्रेणियों में नर घोड़ा एवं प्रजनन योग्य घोड़ियों की श्रेणी में प्रथम आने वाले अश्व को एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार व कप प्रदान किया जाएगा। द्वितीय व तृतीय आने वाले अश्व को 51 व 21 हजार की नगद राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो दांत बछेरे-बछेरियां एवं अदन्त बछेरी व बछेरा को 51, 21 हजार व 11 हजार का नगद पुरस्कार एवं कप प्रदान किया जाएगा।

## राजस्थान राज्य महिला आयोग ने अजमेर में जन सुनवाई की

### संभाग के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने जन सुनवाई में अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान राज्य महिला आयोग द्वारा सर्किट हाऊस में जन सुनवाई की गई। इसमें संभाग के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की।

राजस्थान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती ने बताया कि महिला आयोग द्वारा राज्य के समस्त संभागों पर बैठक एवं जन सुनवाई का कार्यक्रम रखा गया है। इसके अन्तर्गत अजमेर में जन सुनवाई की गई। जन सुनवाई सर्किट हाऊस में हुई। मुख्यालय एवं संभाग के जिलों से आई हुई महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखी। इन्हें आयोग द्वारा धैर्यपूर्वक सुना गया। इन प्रकरणों पर कार्यवाही कर पीड़ित महिलाओं को राहत पहुंचाने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया कि जन सुनवाई में पारिवारिक कलह, दहेज प्रताड़ना, सम्पत्ति विवाद, उत्पीड़न एवं बलात्कार जैसे अपराधों से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुए। आयोग के पास विभिन्न माध्यमों से प्रतिदिन लगभग 5 प्रकरण आते हैं। गत 3 वर्ष में 11609 प्रकरण प्राप्त हुए। आयोग द्वारा पूर्व के बकाया प्रकरणों को मिलाकर 25248 प्रकरण निस्तारित किए गए। वर्तमान में आयोग के पास 2564 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। इन प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कर पीड़िताओं को राहत देने के लिए आयोग संकल्पबद्ध है।

उन्होंने बताया कि महिला आयोग प्रकरण के प्राप्त होते ही सक्रियता के साथ कार्य करने लगता है। आयोग के सदस्य, अधिकारी एवं न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी कर्मठता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हैं। पीड़िता को राहत पहुंचाने के लिए प्रत्येक स्तर से सम्पर्क किया जाता है। समस्त प्रकरणों पर त्वरित न्याय दिलाने की भावना के साथ आयोग कार्य करता है। झूठा प्रकरण दर्ज करवाने वालों के विरूद्ध भी कार्यवाही करते हैं। इस अवसर पर महिला आयोग के जज बृज माधुरी शर्मा, सदस्य सुमन यादव, सदस्य सचिव विरेन्द्र सिंह यादव, उपसचिव अनिल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मीताली गर्ग एवं महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक जगदीश चौधरी उपस्थित रहे।

## जोधपुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

### फ्लाइट में सवार यात्री ने फ्लाइट के इमरजेंसी गेट से छेड़छाड़ की

**जोधपुर, (कासं)।** एयरपोर्ट पर मंगलवार एक बड़ा हादसा टल गया। जोधपुर से बैंगलोर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में सवार यात्री ने फ्लाइट इमरजेंसी गेट के साथ छेड़छाड़ कर दी। इसके चलते यात्री को विमान से उतारकर एयरपोर्ट थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि इंडिगो स्टाफ ने घटनाक्रम को लेकर रिपोर्ट दी है। जोधपुर में एक बैंक वर्कशॉप में आए गुरुग्राम निवासी बैंकर ने आज सुबह की बैंगलोर के लिए फ्लाइट पकड़ी थी। जोधपुर-बेंगलुरु फ्लाइट में एयर होस्टेस यात्रियों को सुरक्षा मानक बता रही थी। उस समय इमरजेंसी गेट कैसे खोलें, इसको लेकर बता रही थी। इस दौरान बैंकर ने इमरजेंसी गेट के स्वीच पर लगा फ्लैप हटाकर देखने का प्रयास किया, जिसके बाद होस्टेस ने इसकी सूचना पायलट को दी। इसके बाद फ्लाइट एसओपी के तहत यात्री को उतार दिया गया। यात्री से एयरपोर्ट सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ ने पूछताछ की। बाद में एयरपोर्ट थाने से पुलिस एयरपोर्ट पहुंची और यात्री को थाने लेकर आए।

पुलिस ने बताया कि फ्लिप हटाने से किसी तरह का सायरन नहीं बजा था, लेकिन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री को फ्लाइट से उतारा गया था। पुलिस के अनुसार फ्लाइट में जिसने यह हरकत की है वो निजी बैंक में अधिकारी हैं। उनका नाम सिराज किदवई है। यात्री इंडिगो की फ्लाइट से जोधपुर से बेंगलुरु जा रही थी। जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट थाना पुलिस पहुंची और बैंक अधिकारी को स्थानीय थाने ले जाया गया। थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि फ्लाइट सुबह 10 बजकर 05 मिनट पर एयरपोर्ट से रवाना होने वाली थी, लेकिन करीब 20 मिनट की देरी से रवाना हुई।

## एक बाल श्रमिक मुक्त करवाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संचालित बाल श्रम की रोकथाम हेतु संचालित पेन इंडिया रेस्क्यू अभियान के तहत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत रोडवेज बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित होटल, ढाबों एवं रेस्टोरेंट पर बाल श्रम नहीं रखने हेतु शपथ पत्र भरवाए एवं पोस्टर चस्पा किए। इस दौरान सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थित अजमेरी चाट से एक बाल श्रमिक को मुक्त करवाया। मुक्त करवाए गए बालक को बाल कल्याण समिति सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालक को एवरेस्ट शेल्टर होम में आश्रय हेतु रखवाया गया। इस अभियान के दौरान श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक अशीष यादव एवं श्रम निरीक्षक शिवप्रसाद चौधरी, मानव तस्करी विरोधी इकाई के प्रभारी शौकत हुसैन, हेड कांस्टेबल मुकेश पारीक एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया, काउंसलर निर्मला पुरोहित, सुपरवाइजर आनंद सुनारिया मौजूद रहे।

## गौशाला की आड़ में हो रहे अतिक्रमण को हटाया

### 45 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा था, 35 बीघा जमीन मुक्त कराई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** विधानसभा में जहाजपुर में गौशाला की आड़ में सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के सवाल पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 35 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया।

उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा में अतिक्रमण से संबंधित प्रश्न उठाया गया था जिसमें प्रशासन ने पूर्व में दो जगहों पर कार्रवाई की थी। आज पूर्व तैयारी के बाद तीसरी जगह भी अतिक्रमण को हटाया गया है। गौशाला के नाम पर कृषि कार्य में इस्तेमाल ली जा रही थी, उसको अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है। गौशाला समिति प्रबंधन को भी हमने गौशाला भूमि आवंटन के लिए निर्देश दिए हैं। तहसीलदार रवि कुमार मीणा ने बताया कि 45 बीघा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण था जिसमें से लगभग 35 बीघा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया है।

- **प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए सात जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल किया**
- **गौशाला के नाम पर कृषि कार्य में इस्तेमाल ली जा रही थी भूमि**

प्रशासन ने अतिक्रमण को हटाने के लिए सात जेसीबी मशीनों को इस्तेमाल में लिया, जो तकरीबन दो घंटे तक चली। इस दौरान भारी पुलिस बल व प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र पारीक, थानाधिकारी सुनिल ताड़ा मय जाब्ते के एवं प्रशासनिक कार्मिकों में पटवारी, गिरदावर व नगर पालिका के कार्मिक भी मौजूद रहे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 29 जनवरी, 2025**

माघ मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, बुधवार, विक्रम संवत 2081, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र प्रातः 8:21 तक, सिद्धि योग रात्रि 9:21 तक, नाग करण सायं 6:06 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मिथुन, बुध-मकर, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग सायं 6:06 से प्रातः 7:15 तक रहेगा। आज देव पितृकार्य अमावस्या, मौनी अमावस्या और आज कुम्भ महापर्व मुख्य शाही स्नान प्रयागराज में है और आज द्वापर युगादि है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:59 तक, शुभ 11:19 से 12:40 तक, चर 3:21 से 4:41 तक, लाभ 4:41 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:18, सूर्यास्त 6:02




**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।




**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**सिंह**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।




**कन्या**
व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।



**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।



**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**धनु**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।



**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में अनावश्यक धन खर्च होगा। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।



**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# जेल प्रहरी पेपर लीक मामले में फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2018 में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा में परीक्षा पूर्व पेपर की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराकर चयनित कराने वाले फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एव एसओजी राजस्थान जयपुर की ओर से दस हजार रुपये नकद पुरस्कार की घोषणा भी की गयी थी।



आरोपी दान सिंह

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी और एटीएस वीके सिंह ने बताया कि जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2018 में ऑनलाईन कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में फरार दस हजार रूपये का इनामी आरोपित दान सिंह निवासी खूंटेला जिला डीग है, जो जुलाई 2004 में लाईब्रेरियन के पद पर चयनित होकर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बसला बागीदौरा जिला बांसवाड़ा में कार्य कर रहा था। जिसे एटीएस यूनिट उदयपुर की टीम निरुद्ध किया गया है। एसओजी आरोपी दान सिंह से पूछताछ करने मे जुटी है।

वीके सिंह ने बताया कि माह अक्टूबर 2018 में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई थी। वहीं 28 अक्टूबर 2018 को मुखबिर की सूचना पर एसओजी टीम ने आर्य कॉलेज कूकस जयपुर के बाहर परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के फोन चेक किये गये। जिसमें परीक्षा पूर्व रात्री में ही अभ्यर्थी ओमवीर व राधेश्याम के मोबाइल फोन्स में इस परीक्षा के पेपर की उत्तर कुंजी प्राप्त हो चुकी थी। इस प्रकार 28 अक्टूबर की परीक्षा के पेपर की उत्तर कुंजी परीक्षा पूर्व अभ्यर्थियों के पास पहुंचकर पेपर लीक हुआ था। जिसके सम्बन्ध में पुलिस थाना एसओजी पर मामला दर्ज किया गया था।

जांच सामने आया कि पेपर लीक करने वाले माफिया-सरगना सोनीपत निवासी अनिल कुमार व दिल्ली निवासी आशीष जाट ने अपनी टीम के साथ होटल हाईवे च्वॉइस कोटपूतली पहुँच कर इस परीक्षा के अभ्यर्थियों को अपने स्थानीय दलालों के माध्यम से एकत्रित कर उन्हें परीक्षा पूर्व पेपर की उत्तर कुंजी उपलब्ध करवाकर चयनित कराया था। इस गैंग 27 और 28 अक्टूबर 2018 की सभी पारियों के पेपर लीक कराना पाया गया है। इस भर्ती परीक्षा में चयनित जेल प्रहरी हरेन्द्र सिंह, दीपक मेहता एवं योगेश कुमार पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं। चयनित अन्य जेल प्रहरियों के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है। वहीं आरोपी दान सिंह निवासी खूंटेला जिला डीग ने इस परीक्षा में मुख्य पेपर लीक सरगना अनिल कुमार के सम्पर्क में रहकर स्थानीय स्तर पर अभ्यर्थी हरेन्द्र सिंह व अन्य अभ्यर्थियों को होटल हाईवे वॉइस कोटपुतली ले जाकर परीक्षा पूर्व पेपर की उत्तर कुंजी उपलब्ध करवाकर चयनित कराया था।

- परीक्षा से पूर्व पेपर की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों का चयन करवाने का मामला

आरोपित दान सिंह लम्बे समय से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस व एसओजी, राजस्थान जयपुर द्वारा 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार की घोषणा भी की गयी थी। गौरतलब है कि पेपर लीक करने वाले सरगना दलाल एवं जेल प्रहरियों सहित अब तक कुल 15 आरोपियों गिरफ्तार हो चुके है।

## सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव स्थगित

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज के सफाई कर्मचारियों की यूनियन संयुक्त वाल्मिकी एवं सफाई कर्मचारी संघ के चुनावों को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया है। इसके पीछे कारण सोमवार शाम को नगर निगम ग्रेटर में हुए उपद्रव, आगामी विधानसभा सत्र और फरवरी में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण को बताया है।

चुनाव अधिकारी एवं ग्रेटर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार ने आदेश जारी कर बताया कि संघ चुनाव के लिए प्राप्त हुए नामांकन पत्रों के बाद कई शिकायतें मिली हैं, जिनका निस्तारण करने में समय लगेगा। इसके अलावा 31 जनवरी से विधानसभा का सत्र भी शुरू होगा, जिसमें व्यस्तता रहेगी और फरवरी में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 का काम होना है।

इसके अलावा 27 जनवरी की देर शाम को चुनाव को लेकर हुई उपद्रव में हुई लाठी-भाटा जंग होने से अशांति फैल गई। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय चुनाव का मुख्य पोलिंग बूथ भी है और यहां इस उपद्रव में सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया है, जो आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

# सूर्य नमस्कार से 1.33 करोड़ विद्यार्थी बनाएंगे नया विश्व रिकॉर्ड : दिलावर



शिक्षा संकुल में हुई एक बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वीसी के जरिए जिला एवं ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की।

**जयपुर।** राज्य स्कूल शिक्षा विभाग गत वर्ष की भांति इस बार भी सूर्य नमस्कार में नया विश्व रिकॉर्ड रचने की तैयारी कर रहा है। सूर्य सप्तमी के अवसर पर प्रदेश के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में एक साथ 3 फरवरी को सूर्य नमस्कार किया जाएगा। इस दौरान गत वर्ष 78,974 स्कूलों में 1.33 करोड़ विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार में बने विश्व रिकॉर्ड को ब्रेक करने का प्रयास किया जाएगा। शिक्षा संकुल में हुई एक बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वीसी के जरिए जिला एवं ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सूर्य नमस्कार हमारी भारतीय परंपरा से जुड़ा एक अहम हिस्सा है। प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन-मष्तिष्क भी शांत रहता है। मैं सूर्य नमस्कार में एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए आमजन को भी आयोजन का हिस्सा बनाने की अपील की।

राज्य के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय शिक्षा संस्थानों में एक साथ एक समय पर सूर्य नमस्कार का

- सूर्य सप्तमी पर प्रदेश के सभी विद्यालयों में 3 फरवरी को होगा आयोजन
- क्रीडा भारती संस्था करेगी इस आयोजन में विशेष सहयोग

आयोजन 3 फरवरी को सुबह सवा दस बजे किया जाएगा। करीब 20 मिनट के इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों, एसएमसी/एसडीएमसी सदस्यों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चत की जाएगी और कार्यक्रम की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी करके उसकी रिपोर्ट लेना सुनिश्चत की जाएगी। इस आयोजन का संपूर्ण डेटा शाला दर्पण एवं पीएसपी पोर्टल पर दोपहर दो बजे तक अपलोड किया जाएगा। सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में आयोजन से पूर्व सूर्य नमस्कार अभ्यास कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। बीमार एवं शल्य प्रक्रिया से गुजरे बच्चे इसका हिस्सा नहीं होंगे लेकिन कक्षा एक से कक्षा 5 तक के बच्चों को सूर्य नमस्कार की कुछ एक क्रियाओं में भागीदार अवश्य बनेंगे।

क्रीडा भारती संस्था सूर्य नमस्कार में सभी शिक्षा संस्थाओं का सहयोग करेगी। संस्था से जुड़े एक्सपर्ट विद्यालयों में जाकर न केवल सूर्य नमस्कार का महत्व बताएंगे, साथ ही नमस्कारासन, हस्तोत्तानासन सहित योग की सभी क्रियाओं को लाइव करके समझाएंगे ताकि प्रतिदिन विद्यालयों में प्रार्थना सभा के समय इसका अभ्यास कराया जा सके और सूर्य सप्तमी को एक साथ राज्यभर में सूर्य नमस्कार की निर्धारित 10 योग क्रियाओं को किया जा सके। योग में एक्सपर्ट्स एवं कई एनजीओ भी विद्यालयों में सहयोग करेंगे। शिक्षा मंत्री स्वयं भी इस विशेष कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। इस दौरान निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, आयुक्त संस्कृत शिक्षा प्रियंका जोधावत, क्रीडा भारती के मेध सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



दिनभर खिली धूप दोपहर बाद बदला। मौसम तो आसमान में बादल छाए। फोटो : दिनेश भारद्वाज

## आदिवासी शिविर में खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जयपुर।** भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से यहां आयोजित 16वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के चौथे दिन आज युवाओं के लिए कई रोमांचक गतिविधियां आयोजित की गईं। दिन की शुरुआत पारंपरिक खेलों के साथ हुई। कबड्डी, खो-खो, रुमाल झपटा और रस्साकशी जैसे खेलों ने युवाओं में उत्साह भर दिया। इन खेलों के माध्यम से युवाओं ने न केवल शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हुए एक-दूसरे के साथ मेल-जोल बढ़ाया, बल्कि अपनी संस्कृति और परंपराओं से भी जुड़े रहे।

जिला युवा अधिकारी कुमार मधुकर ने बताया कि महिलाओं के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में महिलाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके सिखाए गए और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा, युवाओं के लिए कौशल विकास और करियर मार्गदर्शन पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही, केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी युवाओं को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता में युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में पोस्टर पेंटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोकगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के युवाओं ने अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया।

# मुख्यमंत्री ने दिल्ली में राजस्थान के पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की उपस्थिति में राजस्थान के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इन चुनावों में लगाए गए प्रवासी राजस्थानी कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को जमीन पर उतारने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं।

- दिल्ली चुनाव को लेकर रणनीतियों पर की चर्चा

इस दौरान शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के घोटालों एवं झूठे वादों से दिल्ली की जनता त्रस्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए हमें एकजुट होकर पार्टी के विजन को साकार करना है।

उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी तय कार्ययोजना के अनुसार काम करते हुए पार्टी के एजेंडे को जनमानस तक पहुंचाएं।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, अशोक परनामी, सीपी जोशी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, सांसद राजेन्द्र गहलोत, विधायक राजेन्द्र गुर्जर, जितेन्द्र गोठवाल, दीप्ति किरण माहेश्वरी, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा सहित वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा सत्र 40 दिन चलाये जाने का लक्ष्य : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र को 40 दिन चलाये जाने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा है कि इसके लिए पूरे प्रयास किये जाएंगे। यह सत्र कागज रहित और कागज सहित दोनों तरह से चलाया जाएगा। विधानसभा के सदस्य को पेपरलैस प्रकिया का सामूहिक और व्यक्तिगत दोनों ही तरह से प्रशिक्षण दे दिया गया है। वन नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत नेवा के अधिकारियों द्वारा सदन में भी सदस्यों को ऑनलाईन प्रक्रिया में मदद प्रदान की जाएगी।

देवनानी ने बताया है कि सोलहवीं विधानसभा में पूछे गये प्रश्नों में से 88 प्रतिशत के जवाब विधानसभा को प्राप्त हो गए हैं। उन्होंने बताया है कि विधानसभा में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को 10049 प्रश्न भिजवाये गये थे। अब इसमें से 1246 प्रश्नों के जवाब आने शेष हैं। पन्द्रहवीं

- विधानसभा के तृतीय सत्र के लिए पत्रकार मंत्रणा समिति की बैठक
- सदन के नये कलेवर का समिति ने किया अवलोकन, सर्वदलीय बैठक बुधवार को

विधानसभा के भी बकाया पाँच हजार प्रश्नों में से 70 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए उनके स्तर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की दो बार विधान सभा में बैठक बुलाई गई और मुख्य सचिव को भी इस संबंध में पत्र भेजा गया। शेष प्रश्नों के जवाब भी सत्र आरम्भ होने से पहले विधान सभा को मिल जाएंगे। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान प्रश्नकाल और शून्यकाल में राज्य सरकार के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को अधिकारी दीर्घा में मौजूद रहने के लिए भी राज्य सरकार को कहा गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पत्रकार दीर्घा मंत्रणा समिति में उपस्थित सदस्यों से विधान सभा संबंधी समाचारों में सकारात्मक रुख अपनाए जाने का आग्रह किया है।

देवनानी ने बताया है कि तृतीय सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक बुधवार को बुलाई गई है। इसमें सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों के जनप्रतिनिधि से चर्चा की जाएगी। देवनानी ने बताया है कि विधान सभा का सदन नये कलेवर में तैयार किया गया है। गुलाबी शहर का सदन भी गुलाबी रंग में तैयार किया गया है। देवनानी ने पत्रकार मंत्रणा समिति के सदस्यों को नये कलेवर में तैयार सदन का अवलोकन करवाया।

## कोकिन, गांजा व स्मैक के साथ पांच तस्कर दबोचे

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ब्रह्मपुरी, विश्वकर्मा, जयसिंहपुरा खोर, आमेर एवं मुहाना थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ कोकीन 8.90 ग्राम स्मैक 02.10 ग्राम, गांजा 156 ग्राम, एवं बिक्री की राशि 17 हजार 950 रुपये बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार जब्त शुदा अवैध मादक पदार्थ की कीमत 5 लाख 94 हजार 800 रुपये है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएटी ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर विजय सिंह उर्फ बोबी निवासी ब्रह्मपुरी जयपुर,मुस्कान सांसी निवासी अजीतगढ़ जिला सीकर हाल विश्वकर्मा जयपुर,पूजा मालावत निवासी मुहाना जयपुर,मंजू सांसी निवासी जयसिंहपुरा खोर जयपुर और मविंदादी जेंगो हामिसी निवासी तंजानिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ कोकीन 8.90 ग्राम स्मैक 02.10 ग्राम, गांजा 156 ग्राम, एवं बिक्री की राशि 17 हजार 950 रुपये बरामद किया गया।

# ओ.पी.जे.एस.विवि के पूर्व चेयरमैन और रजिस्ट्रार सहित पांच की जमानत याचिका खारिज

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चूरू की ओपीजेएस विश्वविद्यालय की ओर से बीपीएड की फर्जी और बैक डेट में डिग्रियां देने के मामले में विवि के पूर्व चेयरमैन जोगेन्द्र सिंह, पूर्व रजिस्ट्रार जितेन्द्र सिंह, सरिता कडवासरा, मंदीप कुमार और प्रेमजीत सिंह को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने इन आरोपियों की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को कहा है कि वह मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरा करे। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपियों की ओर से पेश जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि फर्जी दस्तावेज जारी करना समाज के खिलाफ बड़ा अपराध है। ऐसे फर्जी दस्तावेजों से मेहनती अभ्यर्थी नौकरी से वंचित होते हैं। आरोपियों के ऐसे कृत्य से न केवल अभ्यर्थी, बल्कि उनके परिवारवालों की उम्मीद भी समाप्त हो जाती है। ऐसे में आरोपियों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

जमानत याचिकाओं में कहा गया कि मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्हें 5 जुलाई, 2024 को जेल भेजा गया था और तब से वे जेल में बंद हैं। उनके खलाफ कोई साक्ष्य नहीं है और उन्हें मामले में झूठा फंसाया गया है। इसके अलावा मामले की ट्रायल पूरी होने में लंबा समय लगने की संभावना है। ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए एएजी राजेश चौधरी ने कहा कि आरोपियों की भूमिका फर्जी और बैक डेट में डिग्रियां मुहैया कराने में सामने आई है। यदि उन्हें जमानत दी गई तो वे साक्ष्य को प्रभावित कर सकते हैं।

## जयपुर में 14 फरवरी को होंगे पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 14 फरवरी को जयपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए (जिन पदों का 5 वर्षीय कार्यकाल जनवरी, 2025 एवं मार्च 2025 में पूर्ण हो रहा है उनके अतिरिक्त पदों पर उपचुनाव होंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 29 जनवरी को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी। 3 फरवरी तक (रविवार के अतिरिक्त) प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र स्वीकार किये जाएंगे। 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी तो वहीं, 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। 14 फरवरी को सुबह 8 बजे से सांय 5 बजे तक मतदान होगा। 15 फरवरी को प्रात: 9 बजे से जिला मुख्यालय पर जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर पंचायत समिति सदस्य के पद हेतु मतगणना होगी।

सांभरलेक पंचायत समिति सदस्य संख्याक 13, कोटखावदा पंचायत समिति की बल्लुपुरा पंचायत, तूंगा पंचायत समिति की पालावाला जाटान पंचायत एवं चाकसू पंचायत समिति की थली पंचायत के सरपंच के लिए उप चुनाव होगा। सांभर लेक पंचायत समिति की जयसिंहपुरा पंचायत, कोटखावदा पंचायत समिति की बल्लूपुरा पंचायत एवं तूंगा पंचायत समिति की पालावाला जाटान पंचायत के उपसरपंच के लिए उपचुनाव होगा।

उन्होंने बताया कि भैसवा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 10, विजयपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 15, नटाटा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 2, काशीपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 5, हरसूलिया पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 6, हबसपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 2, जयसिंहपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 10, बल्लुपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 1,2,3 एवं 4 में उपचुनाव होगा।

वहीं तुंगा पंचायत समिति के पालावाला जाटान पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 1,2,3,4,5,6 एवं 7 के साथ साथ किशनपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 5,6 और 7 के लिए उपचुनाव होगा। उन्होंने बताया कि सरपंच एवं पंच के लिए 29 जनवरी को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी।

# राइजिंग राजस्थान : 1100 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतरा

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में निष्पादित किए गए एमओयू एक के बाद एक धरातल पर उतर रहे हैं। रीको द्वारा चार और प्रमुख कम्पनियों मेक्सोप इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड, रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड को औद्योगिक इकाई लगाने के लिए भूखण्ड आवंटित कर दिए गए हैं। इनमें मेक्सोप इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड को भिवाड़ी जिले के कारोली औद्योगिक क्षेत्र, रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र (भिवाड़ी), लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को भीलवाड़ा जिले के उखलिया औद्योगिक क्षेत्र एवं सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड को कलड़वास औद्योगिक क्षेत्र (उदयपुर) में भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान इन कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश करने में रूचि दिखाते हुए राज्य सरकार के साथ एमओयू किए थे। एमओयू के पश्चात् रीको द्वारा भूमि आवंटन से लेकर परियोजना की शुरूआत तक, सभी प्रक्रियाओं को कम्पनियों के लिए बहुत ही आसान बनाया जा रहा है। भूखण्ड उपलब्ध होने के पश्चात् कम्पनियों द्वारा जल्द ही




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ( फाइल फोटो )।

औद्योगिक इकाई के परिचालन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मेक्सोप इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ऑटो क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी है जो ऑटो कंपोनेंट प्रोडक्ट्स जैसे डाइ कास्टिंग और फैब्रिकेशन का निर्माण करती है। 750 करोड़ रुपये के निवेश के साथ कम्पनी की यह इकाई 1500 लोगों को रोजगार देगी। यह इकाई करीब 30 एकड़ भूमि पर स्थापित होगी।

एल्यूमिनियम निर्माण से जुड़ी रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (हीरो ग्रुप कम्पनी) 6 एकड़ भूमि पर 150 करोड़ रूपये के चरणबद्ध निवेश कर अपनी परिचालन प्रक्रिया शुरू करके करीब 250 लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगी। सोलर पेनल के निर्माण पर आधारित कम्पनी लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड उखलिया औद्योगिक क्षेत्र, भीलवाड़ा में 6 एकड़ भूमि पर 110 करोड़ रुपये का निवेश करने के साथ लगभग 150 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। कम्पनी की यह इकाई सोलर पैनल के निर्माण में राजस्थान को अग्रणी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। टैक्सटाइल

- ऑटो, सोलर पैनल व टैक्सटाइल सेक्टर की चार कम्पनियां राज्य में करेंगी निवेश

आधारित कम्पनी सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड उदयपुर के कलड़वास औद्योगिक क्षेत्र में इस नई औद्योगिक इकाई में वूवन कोटेड और अनकॉटेड फैब्रिक बनाएगी। इस इकाई द्वारा 100 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। करीब 5 एकड़ भूमि पर लगने वाली इस इकाई में कम्पनी द्वारा लगभग 87 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।

रीको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में कई बड़ी कम्पनियों ने राजस्थान में अपनी औद्योगिक इकाई लगाने के लिए एमओयू किए जो उनका राज्य सरकार एवं यहां की औद्योगिक नीतियों के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है। इसी विश्वास पर खरा उतरने के लिए रीको प्रयासरत है। रीको एमओयू करने वाली कम्पनियों को भूखण्ड उपलब्ध कराने एवं जल्द से जल्द औद्योगिक इकाई शुरू करने में हरसंभव सहायता उपलब्ध करवा रहा है।

## कृषि क्षेत्र में नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी शासन सचिव राजन विशाल ने मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान जयपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण में कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को सशक्त बनाना एवं नवाचार के साथ कृषि बाजारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जायेगा। इस मौके पर शासन सचिव ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्ठा से प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे किसानों को योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ समय पर मिल सके। सभी प्रशिक्षणार्थी अपने-अपने विचार साझा करे, जिससे कृषकों को आ रही परेशानियों का पता चल सके और उन्हें प्रभावी कदम उठाकर समय पर दूर किया जा सके।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 'कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को सशक्त बनाना एवं नवाचार के साथ कृषि बाजारो को आगे बढ़ाना' विषय पर राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान, जयपुर में प्रथम चरण में 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तथा द्वितीय चरण में 8 से 10 जनवरी तक प्रशिक्षण आयोजित किये जा चुके है। राजन विशाल ने बताया कि इन तीन दिवसीय प्रशिक्षणों में एफपीओ को मजबूत करने एवं ग्रामीण विकास में इनकी प्रासंगिकता पर जोर देने, फूड पार्क की अवधारणा, मूल्य संवर्धन एवं निर्यात प्रोत्साहन की जानकारी, कृषि स्टार्ट-अप एवं इनोवेशन और एफपीओ के लिए मूल्य श्रृंखला विकास के सत्रो का आयोजन किया जा रहा है।

शासन सचिव ने राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान के नवाचार और उद्यिमता फेडरेशन के इन्क्यूबेशन सेन्टर में आयोजित पांच दिवसीय बूट कैम्प में प्रतिभागी स्टार्ट-अप्स को भी सम्बोधित किया। उन्होंने नवाचार एवं उद्यिमता केन्द्र में स्टार्ट-अप्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और इस तरह के कार्यक्रमों को कृषि क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में मील का पत्थर बताया।

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आये युवाओं व उद्यिमयों ने अपनी परियोजनाओं को साझा किया और प्रशिक्षण सत्रो से लाभान्वित होने के अपने अनुभव बताये। यह बूट कैम्प स्टार्ट-अप्स के विकास और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

# जिला समाप्त करने के विरोध में शाहपुरा पूर्णतया बंद रहा

## सब्जी मंडी, चाय की थड़ी, निजी विद्यालय सहित मेडिकल की दुकानें भी पूर्णतया बंद रही

**शाहपुरा/भीलवाड़ा,** (निसं)। अभिभाषण संस्था शाहपुरा के बैनर तले जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में संपूर्ण शाहपुरा पूर्णतया बंद सफल रहा। 28 दिसंबर 2024 को सरकार द्वारा शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में 28 जनवरी 2025 को ब्लैक डे मनाया गया, जिसमें शाहपुरा कोरोना के बाद पूर्णतया ऐतिहासिक रूप से बंद सफल रहा। शाहपुरा में व्यापारियों, सब्जी मंडी, चाय की थड़ी, निजी विद्यालय सहित मेडिकल की दुकानें भी पूर्णतया बंद रही और जनता ने जिला बचाओ संघर्ष समिति को संपूर्ण शाहपुरा बंद कर समर्थन दिया। वहीं महलों के चौक में आम सभा में शाहपुरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीण और शहरवासी, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हजारों की संख्या में भाग लिया।


शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में आयोजित महापड़ाव में भारी जनसमूह उमड़ा।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक शाहपुरा जिला नहीं बन जाता, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। संयोजक रामप्रसाद जाट ने 15 दिन में शाहपुरा को जिला का दर्जा वापस नहीं देने पर सरकार के विरुद्ध नेशनल हाईवे चक्का जाम कर महापड़ाव कर उग्र आंदोलन का ऐलान किया। आम सभा को किसान केसरी संघ के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ओझा, भारत विकास परिषद के जयदेव जोशी, अधिवक्ता अनिल शर्मा, नमन ओझा, सामाजिक कार्यकर्ता अर्पित कसेरा, अविनाश शर्मा, मुस्लिम समाज से एडवोकेट ताज मोहम्मद ने संबोधित किया। कवि दिनेश बंटी ने कविता के माध्यम से शहीद से कौन बड़ा कविता सुनाई और उर्मिला कुमार ने देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगों प्रस्तुत किया तथा आभार अभिभाषक संस्था के सहसचिव एडवोकेट कमलेश मुंडेतिया ने व्यक्त किया। संचालन एडवोकेट राम प्रसाद जाट ने किया।

आम सभा के बाद जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा के नेतृत्व में आमसभा में उपस्थित हजारों की संख्या में आमजन ने महलों के चौक से विशाल जन आक्रोश रैली में नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग का ज्ञापन सौंपा। जिला बचाओ संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सह सचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि शाहपुरा की जनता ने शाहपुरा जिला समाप्त होने पर 28 जनवरी को ब्लैक डे मनाया और आमसभा से पूर्व सभी अधिवक्ताओं ने शहर के महलों के चौक से सदर बाजार होते हुए नए बस स्टैंड और कालिजारी गेट से फुलिया गेट तक शांतिपूर्ण वाहन रैली निकालकर लोगों को जिला रहने का महत्व बताया एवं शाम छह बजे घरों में ताली और ताली बजाकर तथा आठ बजे घरों की लाइट बंद कर ब्लैक आउट मनाने की अपील की।

आम सभा महलों के चौक में विभिन्न गांव से आए लोगों, किसानों, ग्रामीणों ने शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग के समर्थन में रैली निकाली। इस आमसभा में करीब 7 - 8 हजार लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के शहर काजी सैयद शराफत अली, मौलाना निसार मोहम्मद, विश्व हिंदू परिषद के रामेश्वर लाल धाकड़, बजरंग दल के हनुमान धाकड़, संघर्ष समिति के रामेश्वर लाल सोलंकी, अभिभाषक संस्था के उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत, सचिव वीरेंद्र पथरिया, कोषाध्यक्ष तेजप्रकाश पाठक, पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा, वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा, नरेंद्र रेगर, पीसीसी सदस्य संदीप जीनगर, दुर्गा बैरवा, रेगर समाज अध्यक्ष रतनलाल मुंडेतिया, विप्र समाज अध्यक्ष अंकुर ओझा, माहेश्वरी समाज के कृष्ण गोपाल मुंदडा, अग्रवाल समाज के शंकर अग्रवाल, जैन समाज अंबेडकर विचार मंच यातायात सलाहकार समिति प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन राजेंद्र बोहरा रामस्वरूप खटीक सहित कई मंचासीन रहे।

- जनता ने जिला बचाओ संघर्ष समिति को संपूर्ण शाहपुरा बंद कर समर्थन दिया

## लवली कंडारा एनकाउंटर मामले में जांच शुरू

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के बहुचर्चित लवली कंडारा एनकाउंटर केस में अब सीबीआई जांच आरंभ हो गई है। मंगलवार को सीबीआई की टीम जोधपुर पहुंची और जानकारी जुटानी शुरू की। नौ जनवरी को सीबीआई की तरफ से तत्कालीन पुलिस अधिकारी एवं जवानों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

- सीबीआई टीम जोधपुर पहुंची और जांच शुरू की
- अलग-अलग स्थानों पर टीम की तरफ से पड़ताल किए जाने के साथ बयान लेने के साथ सबूत जुटाए जा रहे हैं

जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम जोधपुर पहुंची। अलग-अलग स्थानों पर टीम की तरफ से पड़ताल किए जाने के साथ बयान लेने के साथ सबूत जुटा रही है। समाचार पत्रों और टेलीविजन पर उस वक्त चले कवरेज से भी कड़ी से कड़ी से जोड़ रही है। पुलिस ने मामले को एनकाउंटर करार दिया था। दिल्ली स्पेशल पुलिस के डिप्टी एसपी मोहिन्दर सिंह के निर्देशन में यह जांच आरंभ की गई है। प्रकरण के अनुसार इसमें रातानाडा थाने के तत्कालीन एसएचओ लीलाराम, कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, किशन सिंह, विश्वास और अंकित को आरोपी बनाया गया है। जानकारी के अनुसार लवली कंडारा के परिजनों और रिश्तेदारों ने एनकाउंटर केस में सीबीआई जांच की मांग की थी। पुलिस पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया था।

**युवक की मौत :** गंगापुर सिटी के समीपवर्ती विनेगा गांव में टेंट हाउस की दुकान में काम करने वाले युवक की करंट से झुलसने से मौत हो गई। युवक दो साल से बिनेगा गांव स्थित टेंट हाउस पर काम कर रहा था। टेंट लगाते समय वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद लवकुश मीणा (22) को साथ के युवक गंगापुर सिटी के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।


कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक :- राजकाज 13233154 दिनांक :- 27/01/2025

ई-निविदा सूचना संख्या - मुख्यालय (पूल)/40/2024-25

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से निर्धारित प्रपत्र मे ई- प्रोक्युमेन्ट प्रकिया से निम्न कार्य हेतु (संविदा पर आपूर्ति के तहत) ऑनलाईन बिड आमत्रिंत की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2425A0156

Tender ID/UBN No. :- JOD2425WSOB00340

राज.संवाद/सी/24/10910 अधिशाषी अभियंता (मुख्यालय)



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता मुरलीपुरा जोन नगर निगम, ग्रेटर जयपुर

मुरलीपुरा स्कीम, सब्जी मण्डी, जयपुर

क्रमांक :- ज.स.अ./2024/234 दिनांक :- 27/01/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 26-35/2024-25

केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए" व "ए" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की Web Site www.jaipurmc.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगीं।

UBN No. JMC2425WSOB01182 To 01193

राज.संवाद/सी/24/10918 अधिशाषी अभियन्ता (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर



कार्यालय नगर निगम, अजमेर

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान)

दूरभाष–0145–2429953, फैक्स–0145–2433813, Email - ajmermc@gmail.com, ajmermc@rajasthan.gov.in Website - www.lsg.urban.rajasthan.gov.in/mcajmer, www.ajmermc.org

क्रमांक :– MEW/2024-25/4139 दिनांक :– 24.01.2025

निविदा सूचना सं0 48/2024–25

नगर निगम अजमेर द्वारा विभिन्न अभियांत्रिकी विभागों तथा नगर निगम अजमेर में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से 01 कार्य (गांधी भवन पार्क के पास पार्किंग स्थल पर चैन पाईप लगाने का कार्य) हेतु कुल राशि 1.35 लाख रूपये की निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो प्रकाषन दिनांक से 30.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक विक्रय की जाकर दिनांक 31.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त की जाकर दिनांक 31.01.2025 को दोपहर 3.30 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी। कार्यो की विस्तृत जानकारी वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं।

NIB No Code :-ANN2425A0182

UBN No. :-ANN2425SSOB00300

राज.संवाद/सी/24/10942 अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम अजमेर



Rajasthan State Council of Educational Research and Training

111, SAHELI MARG, UDAIPUR (Raj.) Pin 313001, Telephone : 0294-2415171

E-mail:- director.rscert@rajasthan.gov.in

No. F-RSCERT-UDR/Acct./2024-25/632 Date :- 28/01/2025

NOTICE INVITING E-BID

FOR HIRING AN ASSESSMENT AGENCY IN RSCERT, UDAIPUR

(NIB No. 9/2024-25 ) NIB Code SCE2425A0009

Single Stage Two-envelopes unconditional online Bids are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for Hiring an assessment Agency in Rajasthan State Council of Educational Research and Training, Udaipur. The estimated cost of the required services is Rs. 1.22 crore (in words one crore twenty two lakh only). All interested bidders should submit the required documents and DD/Banker's cheque until 17 February 2025, 1:00 PM. All the terms and conditions for participating in the bid can be seen and downloaded from https://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in.

UBN: SCE2425SLOB00011

निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

Raj.Samwad/C/24/10957


# चार हजार की रिश्वत लेते प्राईवेट व्यक्ति गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को जोधपुर जिले के पीपाड़ तहसील कार्यालय में एक प्राइवेट व्यक्ति को चार हजार की रिश्वत लिए जाने के आरोप में पकड़ा है। अब तक जानकारी में पता लगा कि वह तहसीलदार एवं रीडर के नाम से रिश्वत ले रहा था। परिवादी की एक रजिस्ट्री संशोधन के नाम पर यह रिश्वत ली गई।

ब्यूरो के ग्रामीण एएसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने बताया कि जोधपुर जिले के तहसील कार्यालय पीपाड़ सिटी में दलाल का चार हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर शहर ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि तहसील कार्यालय पीपाड़ सिटी जिला जोधपुर में परिवादी की रजिस्ट्री में संशोधन करवाने की एवज में आरोपी द्वारा रीडर व तहसीलदार के नाम से चार हजार रूपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है, जिस पर डीआईजी हरेन्द्र महावर के सुपरविजन में एएसपी चक्रवर्ती सिह राठौड़ के नेतृव में ट्रेप अधिकारी उपाधीक्षक किशनसिंह चारण एवं निरीक्षक सुनिता कुमारी ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी जितेन्द्र मुन्दियाडा उर्फ जिताराम को रीडर व तहसीलदार के नाम से चार हजार रूपए रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। एएसपी राठौड़ ने बताया कि तहसीलदार पीपाड़ सिटी व उनके रीडर की संदिग्ध भूमिका की जांच की जाएगी।


आरोपी प्राईवेट व्यक्ति

- जानकारी में पता लगा कि वह तहसीलदार एवं रीडर के नाम से रिश्वत ले रहा था

## तस्कर गिरफ्तार

**करौली,** (नि.सं.)। करौली पुलिस ने ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत स्मैक तस्करी के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने धोबी दह चोर खिड़कियां के रहने वाले आकाश माली 23 को पकड़ा है। थानाधिकारी सुनील कुमार के अनुसार पुलिस टीम जब मासलपुर दरवाजा के बाहर गश्त कर रही थी, तब एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेर कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 5 ग्राम 95 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी महवा से करौली में स्मैक की सप्लाई करने आया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ स्मैक तस्करी का मामला दर्ज कर लिया है और अब स्मैक तस्करी में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटाने के लिए आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

# हथियार सहित गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा

## आरोपियों के खिलाफ अनेक मामले दर्ज हैं

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे में बंद मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में अवैध हथियार और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

थाना अधिकारी राजेश सिहाग ने बताया कि जेल भेजे गये आरोपी हनुमान बांवरी पुत्र मनफूल बांवरी निवासी आईआईटी कॉलोनी हनुमानगढ़ जंक्शन को एक देशी कट्टा मय दो जिंदा कारतूस सहित तथा आरोपी सज्जन कुमार पुत्र हंसराज कुम्हार निवासी अमरपुरा तहसील अबोहर पुलिस थाना भाववाला जिला फाजिल्का पंजाब को एक पिस्टल मय एक जिंदा कारतूस सहित तथा तीसरे आरोपी मुकेश कुमार उर्फ भीम पुत्र साधुराम नाई निवासी वार्ड नं. दो नन्दा कॉलोनी नोहर पुलिस थाना नोहर हाल उधमसिंह चौक संगरिया जिला हनुमागनढ़ को गिरफ्तार किया था। जिनमें गिरफ्तार आरोपी हनुमान बावरी हनुमानगढ़ पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर है तथा आरोपी के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्र में चोरी के अलावा आर्म्स एक्ट, हत्या, लूट व डकैती के दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अन्य दोनों आरोपियों के खिलाफ भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।


राजस्थान सरकार

कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान

आबकारी भवन2-गुनियावाला, पंचवटी, उदयपुर-313001

क्रमांक-F.32(B)(1)(AP)EX/L/2024-25-03000 part(6)/1462 दिनांक-28.01.2025

पडत मदिरा की रिटेल ऑफ कम्पोजिट दुकानों के अनुज्ञापत्र हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2024-25 के अनुसार पडत रही कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-निविदा प्रक्रिया से बन्दोबस्त करने हेतु निम्नानुसार ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन डाउनलोड करने की दिनांक व समय | दिनांक 29.01.2025 दोपहर 3.00 बजे से |
| 2 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 31.01.2025 दोपहर 3.00 बजे तक |
| 3 | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक, समय, व स्थान | दिनांक 31.01.2025 को दोपहर 4.00 बजे से संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय |

ई-निविदा में भाग लेने की शर्ते-

1. यह निविदा वेबसाईट https://www.sppp.rajasthan.gov.in तथा विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाएं वेबसाईट https://www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। ई-निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में लॉगिन/साइन करने हेतु काम में आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए (CCA) द्वारा द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैद्य डिजिटल सर्टिफिकेट है उन्हें नया सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
2. देशी मदिरा, राजस्थान निर्मित मदिरा (RML) भारत निर्मित विदेशी मदिरा (IMFL) एवं बीयर की कम्पोजिट दुकानों का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, अनुमानित गारण्टी राशि, अमानत राशि, धरोहर राशि, पंजीकरण शुल्क का विवरण विभागीय वेबसाईट https://exeise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।
3. ई-निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा मदिरा दुकान का फार्म डाउनलोड करके फार्म के साथ प्रक्रिया शुल्क, आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि के चालान राजकोष में ऑनलाईन/ऑफलाईन जमा करवाकर चालानों की प्रति अपलोड करनी होगी। इन राशियों के जमा नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता को निम्नलिखित राशियां उनके सामने उल्लेखित राजकोष मद में जमा करवानी होगी-

| क्र.सं. | विवरण | राशि (रूपये में) | राजकोष लेखा मद |
|---|---|---|---|
| 1 | RISL की प्रक्रिया/ पंजीकरण शुल्क | रू. 2000/- | 8658-00-102-(16)-01 (सिविल विभाग) |
| 2 | आवेदन शुल्क | निविदा के संबंध में जारी दिशा-निदेश एवं शर्तो की शर्त संया 6.11 के अनुसार रू. 10,000/- से लेकर रू. 20,000/- तक (अनुमानित गारण्टी राशि के अनुसार) | 0039-00-501-01-00 (आवेदन शुल्क) |
| 3 | अमानत राशि | अनुमानित गारण्टी राशि की 2 प्रतिशत | 8443-00-103-00-00 (प्रतिभूति जमा) |

ई-प्रोक पोर्टल से प्रक्रिया शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि का एक चालान जनरेट करने पर लेखा मद 0075-00-800-52-01 (निविदा प्रपत्र शुल्क) में राशि रू. एक रूपया जमा करवाकर आवेदन शुल्क का चालान पृथक से राजकोष में मद 0039-00-50-00-00 में किया जा सकता है।

4. अनुमानित गारण्टी राशि से कम राशि की निविदा प्राप्त होने पर स्वीकृति के संबंध में सक्षम स्टार से निर्णय लिया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने के समस्त अधिकार आबकारी आयुक्त को होंगे।
5. स्वीकृत निविदादाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक गारण्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-निविदा के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तो जो विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है के अनुसार जमा करानी होगी।
6. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा धरोहर राशि अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जप्तराज की जायेगी।
7. मदिरा दुकानों के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-निविदा में भाग ले सकेंगे, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 व भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश, आबकारी नीति वर्ष 2024-25 तथा प्रारूप अनुज्ञापत्र इत्यादि https://excise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, जिनका ई-निविदा में भाग लेने से पूर्व भली भांति अध्ययन कर लेना चाहिए। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
8. ई-निविदा के संबंध में अन्य प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 एवं राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेंगे।
9. ई-निविदा के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो न्यायिक क्षेत्र संबंधित जिला ही रहेगा।

UBN-EXC2425GLOB00172

(शिवप्रसाद नकाते)

DIPR/C/_____/2025 आबकारी आयुक्त, राजस्थान


# राजस्व मंडल में 22 कार्मिकों की पदोन्नति

**अजमेर,** (कासं)। राजस्व मंडल में आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा से 22 कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान की गई है, जिनमें छह कार्मिक संस्थापन अधिकारी तथा 16 कार्मिक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत किए गए हैं।

राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि संस्थापन अधिकारी बने कार्मिकों में महेंद्र सिंह गौड़, निरंजन, विशन सिंह राठौड़, कमला चांदवानी, जगतनारायण पारीक व राजेंद्र चौधरी शामिल हैं। इसी प्रकार प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत कार्मिकों में करम सिंह चौहान, ललिता साहू, दीपेंद्र शर्मा, विनोद प्रकाश मालाकार, राधेश्याम शर्मा, रामेश्वर लाल जाट, निशा गुप्ता, दयानंद कुमावत, मधुसूदन भाटी, मुकेश कुमार पांडेय, नवनीत कुमार माहेश्वरी, विक्रम भारती, अर्जुन यादव, भैरूराम वर्मा, अजय कुमार व टीकमचंद दीदावत शामिल हैं। सभी पदोन्नत कार्मिकों का पदस्थापन भी कर दिया गया है।

# हादसे में पिता-पुत्री की मौत

**पाली,** (निसं)। पाली में मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रोला अनियंत्रित होकर बाइक पर गिर गया। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री की कुचलने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों के शव हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाये गये हैं।

गुंदोज चौकी प्रभारी चंपालाल प्रजापत ने बताया कि हादसा पाली जिले के गुड़ा एंदला थाना एरिया के किरवा के निकट पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दोपहर में हुआ। मोड़ पर अनियंत्रित होकर सोलर प्लेट्स से भरा ट्रोला सड़क किनारे चल रहे बाइक सवार पिता-पुत्री पर पलट गया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गुड़ा एंदला थाने के किरवा गांव निवासी 45 साल के मांगीलाल पुत्र हिमताराम मीणा और उनकी बेटी ललिता के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों पिता-पुत्री मजदूरी का काम करते थे। काम खत्म होने पर दोनों बाइक से घर आ रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए।

## अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। पुलिस थाना नसीराबाद सदर ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ राजस्थान पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नसीराबाद बाइपास के पास एक कार से 954 ग्राम अफीम जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उप महानिरीक्षक अजमेर रेंज ओमप्रकाश के निर्देशानुसार और जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। थाना अधिकारी अशोक बिशु के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने नसीराबाद बाइपास सरहद दिलवाड़ी पर एक कार को रोककर तलाशी ली।

कार से 954 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। इस दौरान कार चालक परविंद्र सिंह पुत्र गुरबक्स सिंह और खलासी सीट पर बैठे जगरूप सिंह पुत्र दिलीप सिंह दोनों निवासी तलवंडी साबो, जिला भटिंडा, पंजाब को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। थाना अधिकारी अशोक बिशु ने बताया कि मामले मे तस्करी के नेटवर्क को खंगालने के लिए गहन अनुसंधान किया जा रहा है।

# टैंकरों से केमिकल चोरी करने वाले चालक व खरीददार गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। टैंकरों से केमिकल चोरी करने वाले चालकों व खरीददारों के खिलाफ भाबरु थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक टैंकर चालक सहित माल खरीददार एक मुल्जिम को गिरफ्तार किया है। वहीं दो टैंकर वाहन, केमिकल चोरी करने में प्रयुक्त जनरेटर मय टेंपो जब्त किये।

- दो टैंकर वाहन, केमिकल चोरी करने में प्रयुक्त जनरेटर मय टेंपो जब्त
- टैंकरों से निकाले गए केमिकल में उतनी ही मात्रा में पानी मिलाकर कंपनी को धोखा दे रहे थे


पुलिस ने केमिकल चोरी के मामले में कार्रवाई की।

जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया कि भाबरु थाना प्रभारी जयसिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए केमिकल से भरे हुए दो टैंकरों व जनरेटर मय टेंपो एवं पानी की मोटर मय पाइप को जप्त कर एक टैंकर चालक गोविंद सिंह पुत्र भैरू सिंह निवासी रेडियाखेड़ी पुलिस थाना मावली जिला उदयपुर व खरीददार स्थानीय युवक यूसुफ अली उर्फ बबलू पुत्र अब्दुल करीम उर्फ कालू निवासी सब्जी मंडी के पीछे गांधीनगर तन केरली पुलिस थाना भाबरु दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि 25 जनवरी को एनएच 48 पर टैंकरों से केमिकल चोरी होने की सूचना पर टैंकर चालक गोविंद सिंह को मय टैंकर पकड़ लिया। वहीं दूसरा टैंकर चालक बालूसिंह फरार हो गया। दोनों टैंकर उदयपुर से केमिकल भर पंजाब व हरिद्वार जा रहे थे एवं चालक स्थानीय युवक यूसुफ अली उर्फ बबलू से मिलकर रास्ते में तरल केमिकल निकालते समय चोरी के उपकरणों सहित पुलिस द्वारा पकड़े गए। यह शातिर चोर टैंकरों से निकाले गए केमिकल में उतनी ही मात्रा में पानी मिलाकर कंपनी को धोखा दे रहे थे। फरार मुल्जिम बालू सिंह की तलाश जारी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से 55 मवेशियों की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। खारा गांव में ट्रेन से कटकर 55 मवेशियों की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 10:30 बजे 4-5 जेएमडी स्थित खेत में भेड़-बकरियों को चराते समय हुआ। सुबह साढ़े दस बजे ये भेड़-बकरियां लूणकरणसर से बीकानेर आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई।

हादसा भींवसिंह के खेत में ही हुआ, जहां से ट्रेन की पटरियां गुजरती है। कहीं से दो-तीन श्वान भेड़ों की ओर झपट पड़े, भेड़ों ने दौड़ना शुरू कर दिया। श्वान भी उनके पीछे दौड़े। इस भागादौड़ में कुछ भेड़-बकरियां पटरियों पर चली गईं और तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई।

हादसे में 39 भेड़, 15 बकरियां और एक गधे सहित 55 मवेशियों की मौत हो गई। हादसे के बाद मवेशियों की लाशें पटरी के दोनों और बिखर गई।

सूचना मिलने पर उपखंड अधिकारी बीकानेर के आदेश पर हल्का भू निरीक्षक अनवर अली ने मौके पर पहुंचकर फर्द रिपोर्ट तैयार की है। भाजपा बीछवाल मंडल के महामंत्री गजेसिंह ने विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल से फोन पर वार्ता कर पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में दो बार जिला कलेक्टर से वार्ता की।

# विकास पर चर्चा करने आए थे पार्षद; लेकिन लड़े-झगड़े...गुत्थमगुत्था हुए और घर लौट गए

## जयपुर ग्रेटर निगम की साधारण सभा की बैठक में दूसरे दिन भी हुई पार्षदों के बीच हाथापाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ग्रेटर नगर निगम जयपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी भाजपा-कांग्रेस पार्षदों के बीच हाथापाई हुई। जयपुर शहर के विकास पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए पार्षद जनता के मुद्दों को उठाने के बजाय आपस में ही उलझ गए। देखते ही देखते बात गाली-गलौच, अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने तक पहुंची और फिर पार्षद आपस में गुत्थम-गुत्था हो गए, जिन्हें छुड़ाने के लिए अन्य पार्षदों और पुलिस बल ने कोशिश भी की, लेकिन यह नाकाफी सा नजर आया।

काफी देर तक चले इस सियासी ड्रामे से तंग आकर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। बैठक के बीच भाजपा-कांग्रेस पार्षदों ने एक-दूसरे के ऊपर अमर्यादित भाषा का उपयोग करने और गाली देने का आरोप लगाया है। मजेदार बात यह है कि बोर्ड मीटिंग में अधिकांश चेयरमैन नहीं पहुंचे।

दरअसल, मंगलवार को लगातार दूसरे दिन जयपुर नगर निगम ग्रेटर की साधारण सभा की बैठक बुलाई गई थी। इस दौरान कांग्रेस के पार्षद राजेश गुर्जर एक प्रस्ताव पर अपनी बात रख रहे थे। तभी बीजेपी के चेयरमैन लक्ष्मण नुनीवाल ने बीच में खड़े होकर कुछ कहा। इस दौरान दोनों के बीच जबरदस्त बहस हो गई और कांग्रेस और बीजेपी पार्षद वेल में आकर हाथापाई करने लगे। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने काफी देर तक उनसे समझाइश की और शांति से सदन चलाने का आग्रह किया, लेकिन जब बात नहीं बनी तो उन्होंने तंग आकर सभा को अनिश्चिकाल के लिए स्थगित कर दिया।



ग्रेटर नगर निगम में मंगलवार को साधारण सभा की बैठक में दूसरे दिन कांग्रेस पार्षद राजेश गुर्जर और भाजपा चेयरमैन लक्ष्मण नूनीवाल के बीच हाथापाई हुई। दोनों को गुत्थमगुत्था होता देखकर अन्य सदस्यों ने बीचबचाव किया।





पार्षद रणवीर राजावात व चेयरमैन पारस जैन के बीच भी विवाद हुआ, उन्हें अन्य पार्षदों ने समझाइश कर अलग किया।

- भाजपा-कांग्रेस के पार्षदों ने एक-दूसरे पर अर्यादित भाषा का उपयोग करने और गाली-गलौच का आरोप लगाया
- काफी देर तक चले इस सियासी ड्रामे से तंग आकर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया

### बोर्ड बैठक में 150 में से मेयर समेत 81 पार्षद जुटे

मजेदार बात यह रही कि इस बार बोर्ड मीटिंग में 23 प्रस्तावों में से मात्र 3 पर भी ठीक से चर्चा नहीं हो पायी। सोमवार को भी दिनभर सियासी ड्राम और हाथापाई व तनातनी का दौर चला था, इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू होने वाली यह बैठक करीब आधे घंटे देरी से शुरू हुई, लेकिन 150 में से मेयर सहित 81 पार्षद सदन में मौजूद रहे। उप महापौर पुनीत कर्णावट के अलावा कई समितियों के चेयरमैन भी नहीं पहुंचे। कांग्रेस के 20 और बीजेपी के 50 पार्षद सदन में आए थे।

### चेयरमैन बदलने के एजेंडे से बीजेपी में मनमुटाव

सूत्रों का कहना है कि बैठक में मुख्य एजेंडा, ग्रेटर नगर निगम की वर्किंग कमेटियों को भंग करने से जुड़ा था। कुछ पार्षदों का कहना है कि, मेयर की तरफ से लाए गए इस प्रस्ताव का उद्देश्य सरकार और संगठन पर दबाव बनाना था। इस एजेंडे का भाजपा का एक धड़ा लगातार विरोध कर रहा है। संगठन तक भी अपनी बात पहुंचा चुका है। उसके बावजूद प्रेशर पॉलिटिक्स करते हुए इस एजेंडे को बैठक में शामिल किया गया था, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हो सकी।

सूत्रों की मानें तो भाजपा आलाकमान ने महापौर को साफ मना किया था कि इस तरह का कोई भी एजेंडा बोर्ड मीटिंग में शामिल नहीं किया जाए, परंतु इसके बावजूद भी जब यह एजेंडा सोमवार को सामने आया तो वर्तमान समिति अध्यक्षों और भाजपा पार्षदों में महापौर के प्रति नाराजगी बढ़ गई।

### समिति चेयरमैनों ने बना ली बोर्ड मीटिंग से दूरी

सूत्रों की मानें तो नगर निगम ग्रेटर की साधारण सभा के दूसरे दिन डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट, चेयरमैन सुखप्रीत बंसल, रश्मि सैनी, राखी राठौड़, विनोद चौधरी, चेयरमैन शील धाभाई, मीनाक्षी शर्मा, दुर्गेश नंदनी, चेयरमैन अरुण शर्मा, अरुण वर्मा, अभय पुरोहित, जितेंद्र श्रीमाली सदन में नहीं पहुंचे। इधर चेयरमैन भारती लख्यानी भी सदन छोड़कर चली गयीं। चर्चाएं है कि भाजपा प्रदेश संगठन तक वर्किंग कमेटियों को भंग करने की शिकायत पहुंची है, इसके बाद संगठन ने भी कड़ी नाराजगी जताई है। उधर उपमहापौर पुनीत कर्णावट समेत अधिकांश चेयरमैनों ने बैठक में शामिल नहीं होकर साफ कर दिया है कि, वे महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के इस फैसले से खफा है।

# 'कॉनफेड अन्य संस्थाओं के लिए फेसिलिटेटर की भूमिका निभाएं'



कॉनफेड की 39वीं वार्षिक साधारण सभा को प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने संबोधित किया।

**जयपुर**। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव, रजिस्ट्रार सहकारी समितियां एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) की प्रशासक मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारिता की भावना केवल लाभ अर्जित करना नहीं है, अपितु सहकारी संस्थाओं को प्रत्येक कार्य क्षेत्र में लाभ अर्जन एवं रोजगार सृजन के प्रयास करने चाहिए।

राजपाल मंगलवार को नेहरू सहकार भवन में आयोजित कॉनफेड की 39वीं वार्षिक साधारण सभा को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि सहकारिता विभाग 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में निरन्तर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर परिणाम अर्जित करने के लिए सहकारी संस्थाओं के मध्य भी सहकार की भावना होनी चाहिए।

कॉनफेड प्रशासक राजपाल ने विगत वर्ष में बेहतर लाभ अर्जन के लिए सभी को बधाई दी और कॉनफेड के अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि चालू वर्ष में भी कॉनफेड भरसक प्रयास कर बेहतर परिणाम हासिल करेगा। मंजू राजपाल ने कहा कि कॉनफेड बेहतर कार्य कर अन्य सहकारी संस्थाओं के लिए भी फेसिलिटेटर की भूमिका निभाए। साथ ही, उन्होंने नवाचारों पर फोकस करते हुए संघ के कार्यकलापों में नई गतिविधियां शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन में ऐसी गतिविधियों को शामिल किया जाना चाहिए, जिनसे रोजगारों का सृजन हो और सदस्यों को लाभ अर्जन हो। राजपाल ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप कॉनफेड एवं भण्डारों को आरजीएचएस की बकाया 59 करोड़ की राशि के भुगतान के आदेश जारी हो गए हैं और भुगतान मिलना भी शुरू हो गया है। कॉनफेड की प्रबंध संचालक शिल्पी पांडे ने बताया कि वर्ष 2023-24 में संस्था का कुल शुद्ध लाभ लगभग 22.26 करोड़ रुपये रहा। वर्ष 2023-24 हेतु सदस्य संस्थाओं को अधिकतम लाभांश 7.50 प्रतिशत वितरित करेंगे।

# व्यापारी के घर में महिलाओं को बंधक बनाकर डकैती की योजना बना रहे 6 बदमाश गिरफ्तार

## पूछताछ में आरोपियों ने अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला

**जयपुर**। संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बनाते छह बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से डकैती डालने के उपकरण सहित ई-रिक्शा और लूटे गए 2 लाख रुपये के छह मोबाइल भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि जिस जगह पर डकैती डालनी थी। उसकी डेढ़ माह से पहले ही रेकी कर रखी थी और वह मौके से इन्तजार में थे। वहीं सामने आया है कि डकैती वाली जगह पर रात्रि में केवल महिलाएं ही रहती है। पुलिस की अब तक की पूछताछ में आरोपियों ने डेढ़ दर्जन से अधिक नकबजनी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- बदमाशों ने डकैती वाली जगह की डेढ़ माह पहले कर ली थी रैकी, अब वारदात की फिराक में थे
- पुलिस ने आरोपियों से वारदात के लिए खरीदे गए उपकरण, ई-रिक्शा और 2 लाख रु. के 6 मोबाइल बरामद किए



संजय सर्किल थाना पुलिस ने डकैती की योजना बनाते छह बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चांदपोल अनाज मंडी में किसी व्यापारी के घर में महिलाओं को बंधक बनाकर डकैती करने की योजना बना रहे आरोपी मोहम्मद लालचंद (22)निवासी आबादपुर जिला कटिहार(बिहार)हाल शास्त्री नगर जयपुर,मोहम्मद अंजार (26) निवासी आबादपुर जिला कटिहार (बिहार) हाल शास्त्री नगर जयपुर,अल्लाफ हुसैन (35) निवासी आबादपुर जिला कटिहार (बिहार) हाल शास्त्रीनगर,मुमताज अली (21) निवासी आबादपुर जिला कटिहार (बिहार)हाल जयपुर ,नाजिम अली (28) निवासी हरिशचंद्रपुर जिला मालदा (पश्चिमी बंगाल) हाल शास्त्रीनगर और विनोद स्वामी उर्फ बिनु (22)निवासी शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से डकैती करने में प्रयोग में लिये जाने वाले खिलौना पिस्टल, गुप्ती, कटार, पेचकश, रस्सिया, मिर्ची पाउडर, बैग सहित एक ई रिक्शा सहित लूटे गये दो लाख रूपये से अधिक कीमत के छह मोबाइल जब्त बरामद किये हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डूडी डोगरा ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों से सामने आया कि सभी आरोपित मोबाइल स्नैचिंग, पर्स स्नैचिंग, लैपटॉप आदि छीनते हैं तथा सूने पड़े मकानों,निमार्णाधीन मकानों, बडी ज्वैलरी की दुकानों की कचरा बीनने के बहाने दिन में सम्पूर्ण रैकी कर लेते है। उसके पश्चात मौका मिलते ही दिन या रात में वारदात को अंजाम दे देते हैं।

वारदात होने के पश्चात किसी जगह पर फुटेज में आ जाने पर फरारी काटने सीधे बंगाल व बिहार चले जाते है। उसके पश्चात वहां से नये साथियों को वारदात करने भेजते हैं एवं पुनः दो चार महिने बाद वापस आकर वारदातों को अंजाम देने लग जाते है। आरोपियों ने जयपुर शहर के करणी विहार, मुरलीपुरा, अशोक नगर, भांकरोटा, बनीपार्क, झोटवाड़ा, मानसरोवर आदि थाना इलाके में नकबजनी की वारदात करना स्वीकार किया है। सभी आरोपी अव्वल दर्जे के नकबजन व मोबाइल स्नैचर है। जिनसे पूछताछ में और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

# युवक को गोली मारकर हत्या की कोशिश करने वाला हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

**जयपुर**। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोली मारकर युवक की हत्या के प्रयास के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध पिस्टल-कारतूस के साथ वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन को भी जब्त किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि बिटकॉइन की लेन-देन पर हुए विवाद पर कहासुनी होने पर फायरिंग करना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- बिटकॉइन के लेन-देन के विवाद में बदमाशों ने की थी फायरिंग



पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर हत्या के प्रयास मामले में हिस्ट्रीशीटर बंशी लाल गुर्जर (27) निवासी सीतारामपुरा नरैना जिला जयपुर और सुरेश गुर्जर (22) निवासी सांभर लेक फुलेरा जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाश बंशी लाल गुर्जर नरैना थाने का हिस्ट्रीशीटर है। सांभरलेक में किन्नर के सुसाइड मामले में बदमाश सुरेश गुर्जर वांछित है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो अतिरिक्त मैगजीन और वारदात में वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन (स्कॉर्पियो) को बरामद किया है। गौरतलब है कि 20 जनवरी की रात को पुलिस कंट्रोल रूम से अजहरुद्दीन पुत्र मुन्ना के गोली लगने पर सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दी। पुलिस सूचना पर सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती अजहरुद्दीन के बयान लेने पहुंची। पर्चा बयान में घायल अजहरुद्दीन ने बताया कि उसके परिचित मनीष, दीपेन्द्र, दाऊद, पुष्पेन्द्र के साथ वह जयपुर आया। इसकी जानकारी साथी सौरभ, युवराज व उसका साथी दौ सौ फीट अजमेर रोड पर उनसे मिले। बिटकॉइन के लेन-देन के दौरान आपस में कहासुनी हो गई। बिटकॉइन (युएसडीटी) खरीदने वालों ने फायरिंग कर दी। जिसमें उसे गोली लगने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच में सामने आया कि बदमाश बंशीलाल गुर्जर की अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर हत्या का प्रयास किया है। पुलिस टीमों ने दबिश देकर गोली मारकर हत्या के प्रयास के मामले में दोनों बदमाशों को धर-दबोचा।

## जयपुर संभाग स्तर रोजगार मेले का आयोजन

**जयपुर**। राजकीय महाविद्यालय जयपुर में मुख्यमंत्री बजट घोषणा अनुरूप आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर, रोजगार विभाग के सहयोग से जयपुर संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आकाश नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी एवम संयुक्त निदेशक डॉक्टर श्रुति गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवम गणेश वंदना से हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ श्रुति गुप्ता ने राजस्थान सरकार द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने और व्यक्तित्व विकास में रोजगार मेले की उपयोगिता बताई। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के रोजगार उन्मुख होने और युवाओं को सशक्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बिना किसी भेदभाव के सभी को रोजगार के समान अवसर मिल सके और राष्ट्र की आर्थिक उन्नित में सहयोगी बने इसके लिए जिला स्तर पर रोजगार मेले के निरंतर आयोजन की बात कही विशिष्ट विशिष्ट अतिथि नवरेखा उपनिदेशक रोजगार विभाग से रही।

उन्होंने मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत महिला पुरुष लाभार्थियों को मिलने वाले बेरोजगारी भत्ते, युवाओं के कौशल विकास,प्लेसमेन्ट आदि पर विस्तार से बताया।

# जन्मदिन मना रहे युवकों पर दूसरे गुट ने किया हमला

**जयपुर**। महेश नगर इलाके में स्थित गोपालपुरा बाईपास पर बर्थडे मना रहे युवकों पर दूसरे गुट के युवकों ने हमला कर दिया। दोनों पक्षों ने इस दौरान छह से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। बीच सड़क पर गाड़ियों पर हमला होता देख दोनों तरफ का ट्रैफिक रुक गया। इसके बाद पुलिस को तोड़फोड़ की सुचना दी गई। पुलिस के पहुंचते ही बदमाश मौके से भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

सहायक पुलिस आयुक्त योगेश चौधरी ने बताया जांच में सामने आया कि एक पक्ष के वैभव जाट उर्फ जाट साहब का कल जन्मदिन था। इसे सेलिब्रेट करने के लिए वैभव जाट के दोस्त रात गोपालपुरा 10बी कट के पास एकत्रित हुए। इसमें भरतराज, आकाश, गोलू और रणवीर चौधरी सहित करीब बीस लोग शामिल थे। जो छह से ज्यादा गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे थे। बर्थडे के जश्न में शामिल गोलू का कार रैंटल को लेकर सैम नाम के एक युवक से विवाद चल रहा था। पार्टी में शामिल आकाश को पता चला की गोलू लड़कर आया है। कुछ लड़के उसे पीटने के लिए त्रिवेणी पुलिया पर आए हैं। आकाश ने यह बात वैभव जाट को बताई। वैभव ने कहा कि वह त्रिवेणी पुलिया पर नहीं जा रहे। पेट्रोल पंप पर ही केक काटते हैं। इस पर वैभव और उसके दोस्त पम्प के पास केक काटने लगे। इसी दौरान त्रिवेणी पुलिया की तरफ से तीन कार आईं। इसमें बारह से अधिक लोग सवार थे। दूसरे गुट के लोगों ने आते ही गोलू और अन्य युवकों पर हमला कर दिया। इस पर कई युवक मौके से भाग निकले। दोनों पक्षों के बीच जमकर झगड़ा हुआ। सैम के साथ आए युवकों ने हथियार लहराकर और लाठी डंडों से जमकर गाड़ियों में तोड़फोड़ की। मौके पहुंची पुलिस वैभव जाट, गोविंद और गजेंद्र को थाने लेकर आई है। पुलिस जांच जारी हैं। थानाधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि कुछ युवक सड़क पर गाड़ियां लगा कर बर्थडे सेलीब्रेट कर रहे थे। अचानक दूसरे पक्ष के लोग बड़ी संख्या में थार और स्कॉर्पियो कार में सवार होकर मौके पर पहुंचे। एक दूसरे पर लाठियां चलाने लगे। इस दौरान मौके पर खडे लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इन बदमाशों ने एक दूसरे पर जमकर पथराव और लाठियां चलाई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश मौके से भाग छूटे इन की कुछ गाड़ियां मौके पर खड़ी मिलीं। इस पर पुलिस ने गाड़ियां जब्त की है।

## सार-समाचार

### जे.के.के. में नृत्योत्सव की बसंत बहार




**जयपुर**। जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में बसंत ऋतु के आगमन को लेकर हो रहे नृत्योत्सव बसंत बहार का आग़ाज़ मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में अदिति शर्मा ने कथक और रीला होता व समूह कलाकारों ने ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति से वासंती रंग बिखेरे। बसंत बहार उत्सव के दूसरे दिन बुधवार को शाम 6 बजे डॉ. तरुणा जांगिड़ एवं समूह कथक और शान्तनु शर्मा एवं समूह के कलाकार भरतनाट्यम एवं कथक संयोजन की प्रस्तुति देंगे। नृत्यांगना अदिति ने रचना विघ्न हरण गौरी के नंदन...पर गणेश स्तुति की भ्भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके बाद आकर्षक फुटवर्क और आंगिक भंगिमाओं के बेहतरीन संयोजन में जयपुर घराने का शुद्ध पारंपरिक कथक की लालित्यपूर्ण प्रस्तुति दी। उन्होंने ठाट, आमद, कवित्त, चक्करदार परण के अलावा तीन ताल में पारंपरिक कथक का सलोनापन दर्शाया। अंत में राग बसंत में बसंत ऋतु पर आधारित रचना... पर कथक नृत्य के नयनाभिराम प्रदर्शन से अपने कार्यक्रम को विराम दिया। सितार पर हरिहरशरण भट्ट, गायन में मुन्नालाल भाट, और तबले पर मुजफ्फर रहमान और पढ़ंत पर कथक गुरु किरण मंजरी रहीं। कलाकार रीला होता व साथी कलाकारों ने आंगिक मुद्राओं और नृत्याभिनय से ओडिसी नृत्य का सौन्दर्य छलकाया। इस कलाकार ने प्रारंभ में मंगलाचरण करते हुए अग्नि, जल और परमात्मा की स्तुति की। इसके बाद महिलाओं का सम्मान और परिवार में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। रीला होता के साथ, सचिकांत प्रधान, किरण माझी और शोशन्ना शुभदर्शिनी ने संन्यास आश्रम पर आधारित प्रस्तुति में मोक्ष की प्राप्ति के लिए किए यत्न का प्रदर्शन किया।

### प्रकाश चन्द यादव पुनः बने अध्यक्ष



**जयपुर**। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) के पांचवीं बार निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष बने गजेन्द्र सिंह राठौड के स्वागत के लिए मंगलवार को वन विभाग संयुक्त वन कर्मचारी संघ द्वारा अरण्य भवन में आम सभा और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पारीक, महामंत्री देवेन्द्र सिंह नरूका, कुलदीप यादव, पप्पू शर्मा, विभागीय समिति पेंशन विभाग अध्यक्ष कल्पित जैन, कॉलेज एजूकेशन के अध्यक्ष, राहुल कुमार, वाहन चालक के प्रदेशाध्यक्ष अजयवीर सिंह सहायक कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष, देवी सिंह, स्टेनोग्राफर के पृथ्वीसिंह तथा बडी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय समिति वन विभाग के अध्यक्ष प्रकाश चन्द यादव ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर पद छोडने की घोषणा की, जिस पर उपस्थित सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों ने एक कार्यकाल के लिए पुनः प्रकाश चन्द यादव को अध्यक्ष चुने जाने का आग्रह किया। इस पर विभाग के प्रशासनिक अधिकारी सुबोध दाधीच ने तर्क भी दिया कि आज की परिस्थिति एवं ज्वलन्त समस्याओं को देखते हुए प्रकाश चन्द यादव को ही पुनः अध्यक्ष चुना जाना चाहिए, जिसका सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों ने ध्वनिमत से समर्थन करते हुए यादव को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया।

### 'मंत्रालयिक संवर्ग की लंबित पदोन्नति हो'



महेन्द्र शर्मा

**जयपुर**। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शिष्ट मंडल ने अध्यक्ष महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में मुख्य अभियंता (प्रशासन) दिनेश गोयल से मुलाकात की। कर्मचारी नेता महेन्द्र शर्मा ने जलदाय विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग की वर्ष 2023-24 और 2024-25 की कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक, वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी की वर्ष 2024-25 तक की लंबित डी.पी.सी. (विभागीय पदोन्नित समिति) प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की। कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के बाद मुख्य अभियंता (प्रशासन) दिनेश गोयल ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आश्वासन दिया कि दोनों वर्षों की सभी बकाया डीपीसी अतिशीघ्र पूर्ण कर दी जाएगी। इस वार्ता में संघ अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के साथ सचिव कृष्णेंदु चटर्जी, संघ के सलाहकार छगन लाल मीणा और अन्य पदाधिकारी ब्रह्मदेव शर्मा व विनोद कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

### प्योर ईवी व बीई एनर्जी के बीच करार

**जयपुर**। इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरीज़ की क्षमता बढ़ाने और पर्यावरण कि सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाते हुए भारत की इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी प्योर ईवी ने फ्रांस की क्लाइमेट टेक कंपनी "बीई एनर्जी" के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। प्योर ईवी के फाउंडर और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत लिथियम-आयन बैटरी रिकंडीशनिंग टेक्नोलॉजी को भारतीय मार्केट में लाया जाएगा, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरीज़ की रियूज क्षमता को बढ़ाने, उनकी स्थिरता में सुधार और डिकार्बोनाइजेशन प्रयासों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकेगी। बीई एनर्जी के ग्लोबल प्रेसिडेंट बर्ट्रेंड कॉस्टे ने कहा कि "हम अपनी उन्नत बैटरी रिकंडीशनिंग तकनीक भारत लाने और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने को लेकर उत्साहित हैं। यह साझेदारी खराब बैटरीज़ को फिर से उपयोगी बनाकर पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी।"

### 'मिलावट रोकने के लिए कार्रवाई जारी रखें'

**जयपुर**। प्रदेश में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निरंतर मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिलों में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा तथा संयुक्त आयुक्त विजय प्रकाश शर्मा ने समीक्षा की। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को देशभर में प्रथम स्थान पर रहने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रतिमाह में आवश्यक नमूनीकरण किए जाने एवं निरीक्षण की जानकारी का पोर्टल पर नियमित इंद्राज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, प्रतिमाह 5 मिस ब्रांडेड के प्रकरण बनाने, मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब का नियमित संचालन करने, ईट राइट गतिविधियों के लक्ष्यों की पूर्ति करने, जिलों में 4 बड़ी कार्रवाई करने एवं माननीय न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणों में लगाई गयी सजा या शास्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

### जयपुर आर्ट वीक में नवीन प्रथाओं पर चर्चा

**जयपुर**। जयपुर आर्ट वीक के दूसरे दिन का कार्यक्रम कलाकारों की वॉकथ्रू, चर्चा और वर्कशॉप्स से भरपूर रहा, जिसमें नवीन प्रथाओं और प्रेरक कथाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। जयपुर के प्रतिष्ठित स्थलों पर आयोजित इस कार्यक्रम ने कलाकारों, क्यूरेटर्स और दर्शकों को रचनात्मकता और खोज की एक साझा यात्रा में जोड़ा। एड्रियन फर्नांडीज ने सेवन एलेगोरीज़ ऑन ऑयल एक्सट्रैक्शन नामक एक बहुआयामी परियोजना पर वॉकथ्रू किया, जिसमें भारत के खनन उद्योगों के जटिल संबंधों का विश्लेषण किया गया। ड्रॉइंग्स, मॉडल्स, फोटोग्राफी और वीडियो के माध्यम से फर्नांडीज ने ऊर्जा उत्पादन के परिदृश्य और समुदायों पर प्रभाव, पैमाने, हिंसा और भौतिकता के विषयों पर प्रकाश डाला। शिल्पा बावने ने थ्रू द फर्स्ट रूफ ऑफ एयर नामक एक इंटरएक्टिव इंस्टॉलेशन प्रस्तुत किया, जो राजपूताना वास्तुकला और पारंपरिक शीतलन तकनीकों से प्रेरित था। वेटिवर और जलवायु-संवेदनशील डिज़ाइन को मिलाकर इस कार्य ने आगंतुकों को ठंडक, उपचार और स्थायित्व प्रदान करने वाले सामग्रियों के साथ संवाद करने का मौका दिया। मंसी शाह ने टेथरिंग डायमेंशन्स नामक एक कवितामय इंस्टॉलेशन पर वॉकथ्रू किया। इस कार्य में जिज्ञासा और खोज की साहसिक लय को समाहित किया गया था। इसकी प्रवाहित आकृतियाँ दर्शकों को अज्ञात को अपनाने और दुनिया की अपनी समझ को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रेरित करती हैं। हर्षित अग्रवाल ने दो एआई-चालित कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। मास्क्ड रियलिटी, जो दर्शकों के चेहरों को कथकली और तेय्यम अभिव्यक्तियों में बदलती है, और (अन)स्टिल लाइफ, जो स्थिर जीवन सौंदर्यशास्त्र की एआई अन्वेषण है।



## Freethinkers Day

Freethinkers Day falls on the birthday of Thomas Paine, a prominent thinker whose work and publications, promoting a philosophy of Enlightenment, heavily influenced the course of the American and French revolutions. Although he was English-born, Paine was a courageous man whose life and work was an inspiration for those who wanted to find their independence (particularly from his native land of England). Particularly, his efforts promoted the rejection of abstract authority that embodied power and self-promotion over reason.





# The Mela Fete Bazaar Exponentially



A notable feature of JLF 2025 is its commitment to linguistic diversity. Sessions will be conducted in multiple Indian languages including Hindi, Bengali, Rajasthani, Kannada, Tamil, Telugu, Odia, Sanskrit, Assamese, Malayalam, Marathi, Punjabi, and Urdu. This initiative not only broadens the festival's reach but also celebrates India's rich tapestry of languages, making literature accessible to a wider demographic. The event will showcase works in 26 languages, including 13 Indian and 13 international languages, highlighting the importance of multilingual appreciation.

PART:2



Shruti Kothari

Jaipur Literature Festival will continue its tradition of fostering literary thought and engaging with the most pertinent global themes, albeit a little out of reach to the college enthusiast. A little bit out of the easy way and more expensive than the pocket allowance of the student. More circumspect and the riff-raff shall stay away. There will be space for intellectual engagement, where ideas are debated and stories shared, more quietly. The halls will have better acoustics, and warmer. My mother, and also my father, have been to this extravaganza earlier, and are iffy about it this time. They have been tempted by me to attend the books bonanza in languages other than English. I hope they will listen to me.

But the Jaipur Literature Festival is not just about books, it's a cultural extravaganza. The event integrates music, art, and the traditional crafts of Rajasthan into its fabric. From Khartal maestro Bhungar Khan to performances at the heritage evening at Amer Fort, JLF 2025 will be a sensory feast. That is planned as it used to be. The festival's commitment to showcasing local culture is evident in the colourful bazaar, set up by local artisans, offering everything from handmade jewellery to traditional Rajasthani attire. So now, it is truly a *mela*, *fete*, *bazaar*, whichever you prefer, all in one. Additionally, the festival includes a dedicated music stage, where artists from various genres perform, adding a musical dimension to the literary discussions.

### Geetanjali Shree




Geetanjali Shree, also known as Geetanjali Pandey, is an Indian Hindi-language novelist and short-story writer based in New Delhi. She is the author of several short stories and five novels.

Geetanjali Shree made history by winning the *2022 International Booker Prize* for translated fiction, with her novel 'Ret Samadhi' (Tomb of Sand), becoming the first South Asian non-English language novelist to receive this accolade. Translated into English by Daisy Rockwell, the novel follows the life of an 80-year-old Partition survivor, who crosses borders to revisit her roots. The novel was also shortlisted for the Emile Guimet Prize.

Shree was born in the city of Mainpuri in Uttar Pradesh. Her father, Anirudh Pandey, was a civil servant, causing her family to live in various towns throughout Uttar Pradesh. Shree says that it was this upbringing in Uttar Pradesh, along with a lack of children's books in English, which gave her a rich connection to Hindi. She is ancestrally from Ghazipur District, Gondaur village.




Her first story, 'Bel Patra' (1987), was published in the literary magazine 'Hans' and was followed by a collection of short stories 'Anugoonj' (1991).

- Our City, that Year
  Geetanjali Shree in conversation with Mandira Naya
  Jan 30, 2025 | 11:00 AM - 11:50 AM
  FRONT LAWN
- Where Does Fiction Come From
  David Nicholls, V. V. Ganeshananthan, Geetanjali Shree in conversation with Nandini Nair
  Feb 01, 2025 | 2:00 PM - 2:50 PM
  CHARBAGH

## #JLF2025

### Akshata Murty



Akshata Murty is the enigmatic billionaire heiress who became Britain's First Lady. A businesswoman and heiress to a fortune worth billions, she has lived a life divided between three continents. Her father founded one of India's biggest companies, Infosys, while she launched her own eponymous clothing label. Akshata Murty is passionate about education and the positive effects it has on young people. During her time, living in Downing Street, she launched 'Lessons at 10.' This initiative provided children from schools across the United Kingdom with a unique opportunity to go behind the famous black door of Number 10 and learn important life lessons from special guests. She is also a keen supporter of the veteran community in the United Kingdom.

Akshata spent over a decade investing in early-stage consumer-focused British companies. Originally from India, Akshata obtained her undergraduate degree from Claremont McKenna College and an MBA from Stanford University. She is on the board of Claremont McKenna College and was previously a Trustee of the San Francisco Exploratorium.

Akshata is mother to two girls, Krishna and Anoushka, who are 12 and 13, and is married to Rishi Sunak, MP.

- My Mother, Myself
  Sudha Murty and Akshata Murty in conversation
  Feb 01, 2025 | 10:00 AM - 10:50 AM
  FRONT LAWN

### John Vaillant

John Vaillant (born in 1962) is an award-winning American Canadian writer and journalist, whose work has appeared in The New Yorker, The Atlantic, National Geographic, and Outside. He has written both non-fiction and fiction books. His most recent book, 'Fire Weather: On the Front Lines of a Burning World,' was a finalist for the Pulitzer Prize and the U.S. National Book Award, and was named one of the






ten best books of 2023 by The New York Times. It also won Britain's Baillie Gifford Prize and Canada's Shaughnessy-Cohen Prize. Vaillant was born and raised in Massachusetts and has lived in Vancouver since 1998. He is the son of Harvard psychiatrist and social scientist George Eman Vaillant, and grandson to the famed archaeologist, George Clapp Vaillant.

- The Earth on Fire
  Sunil Amrith and John Vaillant in conversation with Mridula Ramesh, introduced by Deputy High Commissioner for Canada to India, Geoffrey Dean
  Feb 02, 2025 | 12:00 PM - 12:50 PM
  CHARBAGH

### Kader Abdolah




Kader Abdolah is the pen name of Hossein Sadjadi Ghaemmaghami Farahani. Opposed to the rule of the last Shah and that of the ayatollahs who followed, Abdolah was forced to leave Iran as a political refugee in 1988. He now lives in Holland and writes in Dutch, and lept to literary fame after 2005's *House of the Mosque*. That novel, 'My Father's Notebook' (2000), and 'The King' (2014), have appeared in English, and he has been acclaimed as 'moving and illuminating' (Publishers Weekly), 'captivating and distinctive' (TLS), 'poignant and colourful' (The Economist), and 'clean and lyrical' (Kirkus Reviews).

- Its Dutch to Me
  Kader Abdolah and Benjamin Moser in conversation with Georgina Godwin
  Jan 31, 2025 | 11:00 AM - 11:50 AM
  SURYA MAHAL

### Ila Arun






Ila Arun is an Indian actress, TV personality and Rajasthani folk-pop singer, known for her works in Hindi cinema, and Indian pop. She has appeared in many prominent Bollywood films such as Lamhe, Jodhaa Akbar, Shaadi Ke Side Effects and Begum Jaan. Arun was born on 15 March, 1954 at Jodhpur in Rajasthan. She hails from Jaipur.

Ila Arun, a legendary folk singer, actor, playwright, and theatre producer/director, is set to release her memoir 'Parde ke Peeche' at the Jaipur Literature Festival. The city of Jaipur lays a significant role in her story, it's where she spent her formative years, a backdrop to many of her cherished memories, and the place that profoundly shaped her artistic identity. With accolades in Bollywood, international cinema, and a celebrated career as a playback singer, Ila's contribution to the arts has spanned decades. Her memoir will not only chronicle her personal journey, but also reflect on her vast experiences as a writer, composer, and cultural ambassador, highlighting, among other achievements, her founding of the Surnai theatre group, her yearly Ibsen Festival in Mumbai, and being honoured by H.M. King Harald V of Norway with the 'King's Order of Merit- Knight 1st Class.'

- Memories from the Screen and Stage
  M.K. Raina, Ila Arun and Anjula Bedi in conversation with Asad Lalljee
  Jan 31, 2025 | 11:00 AM - 11:50 AM
  CHARBAGH

### Championing Linguistic Diversity


A notable feature of JLF 2025 is its commitment to linguistic diversity. Sessions will be conducted in multiple Indian languages including Hindi, Bengali, Rajasthani, Kannada, Tamil, Telugu, Odia, Sanskrit, Assamese, Malayalam, Marathi, Punjabi, and Urdu. The event will showcase works in 26 languages, including 13 Indian and 13 international languages. This is an attempt to open doors to new worlds and fosters cross-cultural dialogue, enriching the festival's offerings, and take care of annoyed diaspora at the overlooking of their talents by the festival before this. I hope that we have a good attendence on this front, as it will mean a huge jump into the ocean of culture, as opposed to a dip in the 'river.' This initiative not only broadens the festival's reach but also celebrates India's rich tapestry of languages, making literature accessible to a wider demographic.

### Sustainability at the Heart

With an increasing global consciousness towards environmental issues, JLF has taken steps towards sustainability. The 2025 edition will focus on environmentally-conscious practices, aiming to reduce the carbon footprint of such a large gathering. This includes initiatives like minimizing waste, promoting digital over physical resources, wherever possible, and encouraging green transport options for attendees. This year's festival will be a testament to how cultural events can also lead in environmental stewardship. A host of authors and thinkers will present their latest works, enriching discussions with fresh ideas and perspectives. So, where do we make the beeline to! What's offering!

**Let us take a look!**

### Kailash Satyarthi



Kailash Satyarthi (born on 11 January, 1954) is an Indian social reformer, who campaigned against child labour in India and advocated the universal right to education.Children's rights activist, Kailash Satyarthi, was awarded the Nobel Peace Prize for ' focusing attention on the grave exploitation of children for financial gain.' Another important reason was that he followed the non-violent tradition of Indian independence leader Mahatma Gandhi.

The Peace Prize laureate was born to a high-caste family. He completed a degree in





electrical engineering, but soon gave up his career and his high-caste name, Sharma. Instead, he called himself Satyarthi, which means 'seeker of truth.' Satyarthi founded the Save the Childhood Movement and the GoodWeave organisation, which certifies carpet manufacturers, who do not use child labour in their production. As of 2014, Satyarthi and his colleagues had freed 83,000 children from slavery.

In 1998, Satyarthi led a global march against child labour. This protest helped spur the United Nations' International Labour Organisation (ILO) to adopt a convention, protecting children against exploitation and hazardous work.

- FIRST EDITION: 'Diyasalai' by Kailash Satyarthi
  Kailash Satyarthi in conversation with Puneeta Roy, launch by Namita Gokhale
  Jan 30, 2025 | 1:00 PM - 1:50 PM
  BAITHAK

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com

## #JLF

# MUSIC EVENINGS AT JLF

Whether you're a connoisseur of classical traditions, a fan of fusion, or simply a lover of great music, the Jaipur Music Stage has something for everyone.


Kamakshi Khanna.


Susheela Raman.



Tusharika Singh
*Freelancer Writer and City Blogger*

As the Pink City gears up for the 18th edition of the Jaipur Literature Festival, music lovers have an equally exciting reason to rejoice. Running parallel to the literary extravaganza, the Jaipur Music Stage (JMS) promises three unforgettable evenings of eclectic sounds, cultural rhythms, and unparalleled performances from January 30th to February 1st, 2025.

Boasting a line-up of illustrious artists and ensembles, this year's JMS will feature Kailash Kher's *Kailasa*, The *Amir Khusrau* Project by Abhijit Pohankar, *Kabira Khada Bazaar Mein* by Dastaan LIVE, Kamakshi Khanna, Susheela Raman and Sam Mills, Nathoo Lal Solanki and Chugge Khan, and Hrishi. Each act will showcase a unique interplay of styles, reflecting the diversity and depth of the Indian subcontinent's musical traditions. Here's a sneak peek into what's in store for attendees!

### 31st January : Soulful Rhythms

The second evening is dedicated to soul-stirring performances that bridge genres and geographies, embodying the essence of global fusion. Kamakshi Khanna, known for her soothing voice and deeply personal lyrics, will enchant audiences with her unique mix of pop, R&B, soul, and folk influences. Susheela Raman and Sam Mills, pioneers in cross-cultural music, will take the stage alongside Nathoo Lal Solanki, a 13th-generation master of the *Nagada*, and Chugge Khan, a celebrated performer of Rajasthani folk and Sufi traditions. This powerhouse ensemble will deliver an exhilarating fusion of Rajasthani folk, world music, and experimental sounds, transporting the audience to new sonic dimensions.

### 1st February : The Grand Finale


Kailash Kher.

The Jaipur Music Stage 2025 concludes with a spectacular finale, promising an electrifying mix of classical depth and contemporary vibrancy. Hrishi, acclaimed for his genre-defying fusion of classical and popular music, will present an innovative set that pushes musical boundaries. The evening culminates with Kailash Kher's *Kailasa*, a band celebrated for its distinctive blend of traditional instruments and modern beats. Frontman Kailash Kher's soulful, powerful voice is bound to leave a lasting impression, making the finale a fitting crescendo to this musical celebration. The Jaipur Music Stage is more than just a place for literature-enthusiasts to unwind after an exhilarating day of talks, it is a musical confluence, opening audiences up to new sounds. A night market, with a range of merchandise and diverse cuisines, will add sizzle to this unique medley of the popular and the subtle. The tickets for the Jaipur Music Stage can be booked online.

### 30th January: A Celebration of Khusrau and Kabir


The opening night sets a poetic tone with a tribute to two timeless literary and spiritual icons, Sufi poet Amir Khusrau and mystic-philosopher Kabir Das. Their profound legacies will be reimagined through music, offering a journey into India's cultural and spiritual ethos. The Amir Khusrau Project by Abhijit Pohankar will interpret Khusrau's mystical verses with the artist's signature blend of Indian classical fusion and contemporary melodies, showcasing his expertise as a keyboard virtuoso.

*Kabira Khada Bazaar Mein* by Dastaan LIVE will seamlessly blend Kabir's lyrical wisdom with an edgy mix of poetry, folk, and rock elements, creating a mesmerizing musical narrative.


Kabira Khada Bazaar Mein.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पानी की समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा फूटा, अधिकारियों का घेराव

## क्षेत्रवासियों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों का घेराव कर प्रदर्शन किया

**अजमेर,** (कासं)। एक ओर जहां बीसलपुर लबालब है तो वहीं दूसरी ओर शहर के कई क्षेत्रों में आज भी पानी की समस्या बनी हुई है। दो से तीन दिनों में पानी की सप्लाई वो भी कम प्रेशर के साथ की जा रही है। वैशाली नगर स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित माताजी मंदिर के पास रहने वाले करीब 30 घरों के लोग पिछले एक साल से पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में पाइप लाइन नहीं होने के कारण लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को क्षेत्रवासियों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों का घेराव कर प्रदर्शन किया और समस्या के समाधान की मांग की।


क्षेत्रवासियों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से समस्या समाधान की मांग की।

जलदाय विभाग पर प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रवासियों ने बताया कि हर दिन पानी के इंतजाम के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता है। गर्मियों के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। पिछले एक साल से पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं, लेकिन आज तक कोई हल नहीं निकल पाया है। वहीं स्थानीय निवासी सुभाष मीणा ने बताया कि पिछले एक साल से विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ है, अधिकारी केवल आश्वासन देकर चले जाते हैं। गुस्साए लोगों ने जलदाय विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द पाइपलाइन बिछाने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

■ **30 घरों के लोग एक साल से पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं**

# तिल्ली से भरा ट्रक चोरी मामले में एक गिरफ्तार

## कानपुर से राजकोट जा रहा तिल्ली से भरा ट्रक चोरी हुआ था


पुलिस ने 372 कट्टे बरामद कर आरोपी को दबोचा।

**कपासन,** (निसं)। कपासन पुलिस ने तिल्ली से भरे ट्रक की चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी हुआ ट्रक और 372 तिल्ली के कट्टे बरामद कर एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है।

मामले के अनुसार 10 जनवरी को कानपुर से राजकोट जा रहा तिल्ली के 424 कट्टों से भरा ट्रक चित्तौड़गढ़-उदयपुर मार्ग पर गायब हो गया था। ट्रक मालिक जयसिंह मीणा ने 19 जनवरी को कपासन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी सुधीर जोशी के निर्देशन में एएसपी सरिता सिंह और डीएसपी हरजी लाल यादव की निगरानी में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस की कार्रवाई में बेगूं थाने के नीलकंठ रोड जूनी बेगूं निवासी शेहजाद मोहम्मद पिंजारा (43) को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी, चोरी का माल खरीदने और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रक चालक कालूराम उर्फ रविन्द्र सहित अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

■ **दो दर्जन से ज्यादा मामलों में वांछित था आरोपी**

# अवैध पिस्टल के साथ तीन जने गिरफ्तार

**फुलेरा,** (निसं)। पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ तीन जनों को गिरफ्तार किया है। फुलेरा पुलिस ने पूर्व में भी एजीटीएफ की सूचना पर 3 पिस्टल, 5 मैग्जीन व 21 कारतूस समेत एक जने को गिरफ्तार किया था।

जयपुर ग्रामीण उप महानिरीक्षक सह पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनियां, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन तथा मौजमाबाद थानाधिकारी उमराव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की गठित टीम द्वारा 23 जनवरी को फुलेरा थाना द्वारा अवैध हथियार के मामले में गिरफ्तारशुदा अभियुक्त विवेक सैनी से पूछताछ की गई, तो विवेक सैनी ने खरगोन मध्यप्रदेश से अवैध हथियार खरीदकर यहां पर बेचना बताया। अभियुक्त ने प्रकाश मीणा व थावरमल उर्फ देवा गुर्जर व छीतरमल को एक पिस्टल देना कबूल किया, जिस पर टीम ने आरोपी प्रकाश मीणा पुत्र नाहरसिंह, थावरमल उर्फ देवा गुर्जर पुत्र हजारी लाल एवं छीतरमल पुत्र श्योलाल जाट को डिटेन कर गिरफ्तार कर अनुसंधान शुरु किया गया। इसके बाद अभियुक्त छीतरमल के कब्जे से एक अवैध पिस्टल जप्त की गई है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि थावरमल उर्फ देवा गुर्जर पुलिस थाना बानसूर व बहरोड़ मे भी वांछित है।

■ **फुलेरा पुलिस ने पहले हथियार सहित एक जने को गिरफ्तार किया था**


फुलेरा पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ तीन जनों को गिरफ्तार किया।

## गोवंश को घायल करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा तहसील के रजनामा पंचायत के रतनपुरा गांव में एक गोवंश को रस्सी से बांधकर लाठी व डंडों से बेरहमी से मार-मार कर घायल करने वाले पांच आरोपियों को चौथ का बरवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गंभीर रूप से घायल गोवंश का पशु चिकित्सालय में उपचार कराया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रतनपुरा गांव के राम लखन, शकूर, अंगद, बंटी कुमार व राजेश कुमार ने 24 जनवरी को एक गोवंश को रस्सी से बांधकर लाठी व डंडों से बेरहमी से मार-मारकर घायल कर दिया था। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने उनके द्वारा गोवंश को मारने की घटना को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अपलोड कर दिया। इसके बाद वायरल होते ही गो सेवकों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया एवं इस मामले को लेकर चौथ का बरवाड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सुमन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इन पांचों आरोपियों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया।

## हाई सिक्योरिटी जेल में तलाशी अभियान

**अजमेर,** (कासं)।घूघरा स्थित हाई सिक्योरिटी जेल में मंगलवार को पुलिस प्रशासन की सघन तलाशी में कोई अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर, एडिशनल एसपी के नेतृत्व में 10 अधिकारी तथा 50 जवानों ने हार्डकोर बंदियों की जांच की। सरकार की तरफ से जेलों में प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य सचिव स्तर से भी जेल सुरक्षा की मॉनिटरिंग की जा रही है। तलाशी में अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़, जेल अधीक्षक पारस जांगिड़, उप पुलिस अधीक्षक रूद्रप्रकाश, नेमीचंद तथा शहर के विभिन्न थानों के एसएचओ तथा 50 से अधिक जवान शामिल हुए। जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि आधुनिक तलाशी उपकरणों से कारागृह के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। बंदियों के सभी चारों वार्डों, 16 ब्लॉक, 88 सेल्स तथा सभी 156 बंदियों की तलाशी करवाई गई। तलाशी में किसी प्रकार की कोई अवांछनीय सामग्री नहीं पायी गई। तलाशी में जेलर सुखाराम, लालचंद मुख्य प्रहरी हेमराज आचार्य, मनिदेव आदि ने सहयोग किया।

# मृत बालक की आत्मा लेने अस्पताल पहुंचे परिजन

**कोटा,** (निसं)। जिला बूंदी निवासी एक बालक की चार साल पहले बीमारी के चलते कोटा के एमबीएस अस्पताल में हुई मौत के बाद बालक की आत्मा लेने के लिये मंगलवार को परिजन एमबीएस अस्पताल पहुंचे, जिनमें महिलाएं भी शामिल थी। वहीं सूचना पर एमबीएस पुलिस चौकी से पुलिस जवान मौके पर पहुंचे और परिजनों को अस्पताल के अंदर जाने से रोक लिया। अस्पताल परिसर में गेट के बाहर ही एक महिला के शरीर में देवी-देवता आने लगे। उसी समय अन्य लोग महिला के साथ अस्पताल में अंदर प्रवेश करने लगे तो अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों व पुलिस चौकी के जवानों ने उन्हें अस्पताल के अंदर प्रवेश करने से रोक दिया। काफी देर तक समझाने पर जब परिजन अस्पताल में भीतर जाने पर अड़े रहे तो परिजनों द्वारा किये जा रहे हंगामे की सूचना नयापुरा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शांतिभंग में तीन जनों को पकड़ लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बूंदी के डापटा पंचायत के झाडगंज निवासी रामफुल के बालक मनराज की चार वर्ष पहले बीमारी के चलते एमबीएस अस्पताल मे मौत हो गई थी। बालक की आत्मा लेने के लिये परिजनों के साथ गांव के दो दर्जन से ज्यादा लोग जिसमे महिलाएं भी अस्पताल पहुंची और जब लोग अस्पताल के भीतर प्रवेश करने लगे तो अस्पताल सुरक्षाकर्मियों व पुलिस चौकी के जवानों ने उन्हें अस्पताल परिसर के बाहर की रोक दिया। नयापुरा पुलिस ने बताया कि चार साल पहले बीमारी के चलते बूंदी जिले के झाडगंज गांव के लोग व मृत बालक के परिजन अस्पताल पहुंचे थे। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे और झाडगंज गांव निवासी रामफूल, राजमल और गिर्राज को शांतिभंग में पकड़ कर न्यायालय में पेश किया जहां से तीनो को पाबंद करके जमानत पर छोड़ दिया गया।

■ **चार साल पहले बीमारी के चलते बालक की मौत हुई थी**

# प्रेमी ने अश्लील फोटोज वायरल की

## पुलिस ने बंद किया आरोपी का सोशल मीडिया अकाउंट, तलाश में जुटी

**जयपुर।** खोह नागोरियान पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला दर्ज किया है। युवती ने बताया कि सगाई से पहले वह एक युवक के साथ रिलेशनशिप में थी। सगाई होने के बाद दोनों अलग हो गए। कुछ दिन पहले उसके अश्लील वीडियो वायरल हो गए। युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि युवती ने शिकायत दी है कि वह एक युवक के साथ काफी समय तक रिलेशनशिप में थी। कुछ समय पहले उसकी सगाई हुई। दोनों ने बैठकर अलग होने का फैसला लिया। जो दोनों की मंजूरी से हुआ। इसके बाद युवती की अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की जानकारी मिली। इस पर युवती ने आरोपी से इस संबंध में बात की। जवाब नहीं मिलने पर युवती ने युवक के खिलाफ आईटी एक्ट में शिकायत दर्ज कराई।

इस पर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सोशल मीडिया हैंडल्स की जांच की जा रही हैं। युवती के अश्लील वीडियो मोबाइल में रखना और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी युवक शिकायत दर्ज होने के बाद से फरार है। उस से सम्भावित ठिकानों पर पुलिस टीम सर्च कर रही है। आरोपी का सोशल मीडिया अकाउंट भी बंद करा दिया गया है।

# विधायक और सदस्यों ने अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाये

**करौली,** (निसं)। करौली जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में विधायकों और सदस्यों ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।

जिला परिषद स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में मंगलवार को आयोजित साधारण सभा की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर नाराजगी जताई। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने जब जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता से अपने क्षेत्र की जनता जल योजना की स्थिति पूछी तो उन्होंने नए होने का हवाला देकर जानकारी देने में असमर्थता जताई। इस पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को बैठक में पूरी तैयारी के साथ आने की हिदायत दी। जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सोलंकी ने गंभीर नदी के बंद बोरवेल को चालू करने की मांग की और अधिकारियों पर झूठी पालना रिपोर्ट देने का आरोप लगाया। सदस्य सुमेर ने हिंडौन अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति और मरीजों की समस्याओं को उठाया। अनुसुइया देवी ने पिछली बैठक में उठाई गई समस्याओं का समाधान न होने पर चिंता जताई। टोडाभीम विधायक घनश्याम महर ने नादौती चंबल पेयजल परियोजना की विफलता का मुद्दा उठाया।

जिला परिषद सीईओ शिवचरण मीना और अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने सभी शिकायतों के तुरंत समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आगामी बैठकों में पूरी तैयारी के साथ आने के निर्देश दिए। जिला प्रमुख शिमला ने कहा कि साधारण सभा की बैठक में जन प्रतिनिधियों के द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिये अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें, जिससे कि ग्रामीणों को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान 10 हजार 712 नरेगा कार्यों के लगभग 53 हजार 855 लाख रूपये के एक्शन प्लान के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना, अधीक्षण अभियन्ता सानिवि जयलाल मीणा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता जौहरी लाल मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ **करौली जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा**

# जे.डी.ए. कमिश्नर ने ली भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की बैठक

**जयपुर ।** जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में मंगलवार को भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 206वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में बालिका छात्रावास, 33/11 केवी सब स्टेशन, फैसिलिटी सेंटर, कौशल विकास केन्द्र और जलदाय विभाग को जमीन आवंटन का फैसला लिया गया है। कुछ प्रकरण राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजे जाएंगे।


आयुक्त आनंदी ने बताया कि जोन-8 में 33/11 केवी सब स्टेशन के लिए निजी खातेदारी की आवासीय योजना गणेश नगर के सुविधा क्षेत्रफल 1015 वर्गमीटर में भूमि का आवंटन करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा जयपुर को बालिका छात्रावास के लिए जेडीए की योजना रामचन्द्रपुरा में भूखण्ड संख्या-29 क्षेत्रफल 3437.06 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। जोन 9 में मारवाड़ी इन्टरनेशरल फैडरेशन को फैसिलिटेशन सेन्टर की स्थापना के लिए 4000 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की मंजूरी के लिए भेजने का फैसला लिया गया।

# अवैध हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा, सात जिंदा कारतूस बरामद किये।

जिला कोटपूतली बहरोड पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि संपूर्ण जिले में फायर आर्म्स के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन और प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए सौरभ पुत्र सुभाष व राहुल पुत्र सोरन सिंह निवासी साकीपुर थाना सूरजपुर जिला गौतम बुद्ध नगर ग्रेटर नोएडा यूपी को एक देशी कट्टा, सात जिंदा कारतूस व तीन खाली कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

■ **एक देसी कट्टा, सात जिंदा कारतूस जब्त**


पुलिस ने हथियार सहित दो जनों को गिरफ्तार किया।

## बाइक चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। चार रोज पूर्व भगत सिंह सर्किल वार्ड नंबर तीन राजगढ़ से दिनदहाड़े हुई मोटरसाइकिल चोरी मामले में राजगढ़ थाना पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल जप्त की। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशानुसार तथा स्थानीय पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में चोरी के मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी अंतर्गत चलाए गए अभियान अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को राधेश्याम भार्गव के घर के आगे खड़ी मोटरसाइकिल की हुई चोरी मामले में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर एवं तकनीकी सहायता से आरोपी सतीश वाल्मीकि पुत्र मोहर सिंह वाल्मीकि निवासी प्रताप नगर भट्टू कला पुलिस थाना भट्टू कला जिला फतेहाबाद हरियाणा हाल माता मंडी राजगढ़ जिला चूरू तथा दिनेश सिंह सोडा पुत्र किशन सिंह राजपूत निवासी वार्ड नंबर 36 राजगढ़ पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरु को गिरफ्तार किया है।

# सचिवों के स्थानांतरण का मामला गरमाया, तीन विधायक धरने पर बैठे

■ **जिला परिषद् की साधारण सभा की बैठक में सचिवों के स्थानांतरण का मामला उठा**

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिला परिषद् की साधारण सभा की बैठक में सचिवों के स्थानांतरण का मामला इतना गरमा गया कि तीन विधायक धरने पर बैठ गये और उनके समर्थन में कुछ जिला परिषद् सदस्य भी टीएडी सभागार में जमीन पर बैठ गये।

इस दौरान जिला प्रमुख रेशम मालवीया एवं विधायक अर्जुन सिंह बामनिया के बीच तीखी बहस हुई। जिला प्रमुख ने कहा कि बैठक में जब चिकित्सा का मुद्दा चल रहा है तो उस पर ही चर्चा होनी चाहिए। इसी दौरान धरने पर बैठे बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल आक्रोशित होकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी की ओर बढ़े तो अन्यों ने उन्हें रोका। इसी बीच गढ़ी विधायक कैलाश मीणा ने भी तीखा रुख अपनाया और सदन की गरिमा का ध्यान रखने की हिदायत दी। इधर अर्जुन सिंह बामनिया ने तीखा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि सचिव नहीं होंगे तो जिम्मेदार कौन होगा। ऐसे में सरपंचों पर मुसीबत खड़ी हो जायेगी। काफी देर तक हंगामा होता रहा। काफी देर तक जब हंगामा नहीं थमा तो जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत सिंह यादव स्वयं डायस से उठकर नीचे आये और विधायक अर्जुन सिंह बामनिया, नानालाल निनामा और जयकृष्ण पटेल को मनाकर मंच पर ले गये। बाद में संशोधित आदेशों पर हस्ताक्षर करवाये गये तब जाकर बैठक प्रारंभ हो सकी।

जानकारी के अनुसार घाटोल विधायक नानालाल निनामा ने सचिवों के स्थानांतरण का मामला उठाया था। इसी बीच बांसवाड़ा विधायक अर्जुन सिंह बामनिया ने कमान संभाल ली और वे आक्रामक हो उठे और सवाल उठाये। इसी बीच जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने कहा कि सदन की कार्यवाही नियमानुसार चलनी चाहिए जब चिकित्सा का मुद्दा है तो उसी पर बात होनी चाहिए लेकिन बामनिया अड़ गये और विवादों के बीच वे निनामा को साथ लेकर मंच से नीचे आये तो बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल भी नीचे उतर आये और उसके बाद ये लोग जमीन पर बैठे गये तो कुछ जिला परिषद् सदस्य भी इनके साथ आकर धरना देने लगे। इसी तरह बैठक में जब चार साल बाद नेशनल हाईवे के अधिकारी आये तो उन पर भी सवालों की झड़ी लगा दी गयी।

जनप्रतिनिधियों ने पूछा कि जब गुजरात और राजस्थान में एक साथ काम हो रहा है तो वहां बढ़िया और यहां घटिया कैसे। इस पर अधिकारी ने बताया कि अभी दोनों ही राज्यों में काम रुका हुआ है। बैठक में जब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हीरालाल ताबियार जानकारी देने लगे तो विधायक बामनिया ने टोकते हुए उन्हें पूछा कि क्या आपको वित्तीय पावर मिल चुकी है इस पर ताबियार ने कहा कि वे अपने पद पर यथावत हैं और न्यायालय का आदेश है। जिला परिषद् सदस्य धीरजमल डिंडोर ने आक्रोशित होते हुए कहा कि हमारे साथ गिल्ली-डंडे का खेल नहीं खेला जाये। इसी तरह हकरु मईड़ा भी काफी गर्म होते नजर आये। गढ़ी विधायक कैलाश मीणा ने कहा कि कुछ क्षेत्र कमांड वाले क्षेत्र घोषित हो चुके हैं लेकिन इन क्षेत्रों में कई जगह पानी नहीं पहुंचता ऐसे में पटवारियों को निर्देश देने होंगे। इस पर गढ़ी प्रधान कांता ने कहा कि इसमें पटवारी के सर्टिफिकेट्स की जरुरत ही नहीं है ग्राम पंचायत जो निर्णय लेगी वहीं मान्य होगा। जिला परिषद् सदस्य कृष्णा कटारा एवं अन्यों ने भी कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल लाल स्वर्णकार सहित विभागीय अधिकारी व प्रधान सहित जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### भाजपा मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया

**सिकराय।** बहरावंडा भाजपा मंडल के नव नियुक्त भाजपा मंडल धर्मेंद्र अवस्थी का मंगलवार को लांका गांव आवास पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र अवस्थी ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन में मजबूती के लिए संगठित रहने साथ ही भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कराने में सहयोग व प्रचार प्रसार करने की अपील की । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना में नाम दर्ज करवाने के लिए पोर्टल 26 जनवरी से चालू किया है। पात्र लोगों को अपना आवेदन करना चाहिए ताकि खाद्य सुरक्षा योजना में नाम दर्ज हो सकें। इस दौरान बनवारी मीना गढोरा, ओम सिंह,जीतेन्द्र सिंह, सुनील शर्मा, घनश्याम बैराडा, कैलाश बैराडा, प्रेमचंद,सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को जूते वितरित किए

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत कोलाहेड़ा के गांव जोधपुरा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में नारायणपुर निवासी भामाशाह रत्ती मीणा ने एक सराहनीय पहल करते हुए 40 विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। इस अवसर पर शाला परिवार ने भामाशाह रत्ती मीणा और उनके बेटे दीपक मीणा का माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार शर्मा ने भामाशाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह पहल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। इससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें शिक्षा के प्रति अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थी और स्टाफ मौजूद थे।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**निवाई।** महात्मा गाधी राजकीय विद्यालय झिलाय में नवीन भवन का लोकार्पण व वार्षिकोत्सव का समारोह पूर्वक आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत मेहता, संत प्रकाशदास महाराज, डीआर नरेश नायक, सरपंच कान्तादेवी शर्मा, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी सुशीला करनानी, दीपक दहिया, समाजसेवी छोटूलाल शर्मा व प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही हर क्षेत्र मे विकास संभव है। शिक्षा प्राप्त करना ही अपना उद्वेष्य व लक्ष्य रखे।

### अवैध बजरी परिवहन कर स्टॉक के विरूद्ध कार्यवाही

**टोंक।** जिले के पुलिस, माईनिंग व राजस्व विभाग द्वारा अवैध बजरी परिवहन के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही की गई। कार्यवाही में वृताधिकारी टोंक राजेश विधार्थी के निर्देशन में गठित टीम ने ग्राम छानबास सूर्या, नया गांव बरवास से 2 हजार टन अवैध बजरी का स्टॉक जप्त कर पुलिस जाप्ते की मोजूदगी में माईनिंग विभाग ने जप्त बजरी को उठाया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख बताई गई है। क्षैत्र में अवैध बजरी परिवहन व खनन के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में वृताधिकारी पीपलू अरविन्द कुमार के सुपरविजन में अवैध बजरी परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 5 ट्रैक्टर मय ट्रोली बजरी से भरी हुई को जप्त किया तथा इस दौरान चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा ।

### कन्या महाविद्यालय में हुई प्रतियोगिताएं

**निवाई।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक साहित्यिक एवं खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिय़ा ने बताया खेलकूद के अंतर्गत कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल रस्साखींच, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ बैडमिंटन आदि का आयोजन हुआ। जिसमें कबड्डी में अंतिमा यादव एंड पार्टी विजेता रही। वॉलीबॉल में मीनाक्षी साहू एंड पार्टी विजेता रही। 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ दोनों में ही सेवंता गुर्जर प्रथम स्थान पर रही। फुटबॉल में टीम बी अंतिमा जाट एंड पार्टी विजेता रही। रस्साकशी प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं प्रथम रही है

# भिवाड़ी में कलेक्टर ने झाड़ू लगाकर सफाई अभियान का किया शुभारंभ

**भिवाड़ी।** केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की और से भिवाड़ी कि वायु गुणवत्ता व कचरा प्रबंधन को सुधारने और स्वच्छ भिवाड़ी, हरित भिवाड़ी बनाने की दिशा में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक माह का विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है।

इस अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने वार्ड नंबर 01 में जीएसटी कार्यालय के सामने से प्रात: 8 बजे फीता काटकर किया गया। शुभारंभ के अवसर पर जिला कलेक्टर ने स्वयं सड़क पर झाड़ू लगाकर आमजन को सफाई का संदेश दिया तथा इस अभियान को सफल बनाने में आमजन की भागीदारी की अपील की।



भिवाड़ी में सफाई अभियान का शुभारंभ करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार व अधिकारी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विन के पंवार, भूमि अधिग्रहण अधिकारी बीडा कपिल कुमार यादव, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, नगर परिषद आयुक्त मुकेश कुमार, सहायक अभियंता नगर परिषद अंकित श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भिवाड़ी को "स्वच्छ भिवाड़ी, हरित भिवाड़ी, भव्य भिवाड़ी" बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि सफाई केवल एक दिन या एक माह का अभियान नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो हमारे जीवन और समाज की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। हमें यह समझना होगा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद या सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी नागरिकों की समान जिम्मेदारी है।

■ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के स्वच्छ भिवाड़ी हरित भिवाड़ी के प्रयासों को पूरा करने का किया आव्हान

इस अवसर पर भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने नागरिकों से अपील कि वे सफाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सड़क पर कचरा न फेंकें, पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें और कचरे का सही प्रबंधन करें। हमें बच्चों और युवाओं को इस दिशा में प्रेरित करना चाहिए, क्योंकि वे हमारे समाज के भविष्य हैं। यह अभियान तभी सफल होगा जब हम सभी मिलकर इसे एक आंदोलन का रूप देंगे। जिला कलेक्टर ने इस अभियान का प्रभारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद भिवाड़ी मुकेश कुमार को बनाया तथा सह प्रभारी सहायक अभियंता अंकित श्रीवास्तव को नियुक्त किया। उन्होंने इस अभियान हेतु 4 टास्क फोर्स का गठन कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ के सभी कर्मचारियों को वार्डों की सफाई के लिए तैनात किया है।

## नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष दीक्षित का स्वागत

**राजगढ़।** भाजपा नेतृत्व की ओर से मनोनीत भाजपा राजगढ़ मण्डल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित का राजगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपाइयों सहित अनेक संगठनों की ओर से दीक्षित का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर प्रमुख मार्गो से ढोल एवं बाजे के साथ अभिनंदन किया गया। इसके साथ मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति की अटकलो को विराम लग गया। मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित व बन्ना राम मीणा प्रत्याशी राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ सराय मोहल्ला अध्यक्ष के निवास तक जयकारे लगाते व पटाखे बजाते हुए पहुचे। अध्यक्ष का स्वागत बड़े ही जोश खरोश के साथ श्री बन्नाराम मीणा व पूर्व मण्डल अध्यक्ष राहुल दीक्षित के नेतृत्व में साफा व माला तथा मिठाईया बाँट कर किया गया स्वागत के पश्चात् अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने भाजपा नेता बन्ना राम मीना को संगठन की मजबूती एवं एकजुटता के लिए संकल्प व्यक्त किया।

# 'मोदी के नेतृत्व में देश के 25 करोड़ परिवार गरीबी से ऊपर उठे है'

**शाहपुरा।** भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा पिछले 10 दिन से दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रवास पर है। प्रवास के दौरान उन्होंने करोल बाग विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम के पक्ष में मतदान करने की अपील की आज उन्होंने करोल बाग मंडल क्षेत्र के डोरी बालन में दो टू डोर जनसंपर्क करके भाजपा के पक्ष में मत देने की अपील की

रत्ना कुमारी ने क्षेत्र का दौरा कर लोगों को भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया उन्होंने बताया कि अबकी बार दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी तो भाजपा ने जो वादे किए है वो सरकार बनते ही पूरे होंगे। घरेलू कामगारों के लिए वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा, उनके लिए 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा, उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और 6 महीने की पेड मैटरनिटी लीव का प्रावधान किया जाएगा। ऑटो - टैक्सी चालकों के लिए वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा, उन्हें 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा एवं वाहन बीमा और उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को से तक की मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।



भाजपानेत्री रत्ना कुमारी ने करोल बाग मंडल क्षेत्र के डोरी बालन में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के 25 करोड़ गरीब परिवार गरीबी से ऊपर उठे हैं। लोगों के जीवन स्तर में व्यापक बदलाव हुए हैं। इसी के साथ पीएम आवास योजनान्तर्गत देश के 3 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के आवास मुहैया करवाए गए हैं। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने की सोच के साथ उज्ज्वला योजना में उन्हें मुफ्त गैस सिलेण्डर प्रदान किए गए, पीएम मुद्रा योजना व एमएसएमई की रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में 60 प्रतिशत महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई है। राजीविका के लखपति दीदी कार्यक्रम से देश की 3 करोड़ महिलाओं के साथ प्रदेश की 5 लाख महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार होगा एवं देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग मिलेगा।

# 'वर्षों से रुके विकास कार्यों को शुरू कराया'

**किशनगढ़ बास।** अलवर से भूपेंद्र यादव का लोकसभा चुनाव लड़ना और जीतकर केंद्र की मोदी सरकार में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का कैबिनेट मंत्री बनाया जाना अलवर संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए बेहद खास और फायदेमंद सिद्ध साबित हो रहा है । केवल आठ माह के अल्प अल्प समय में भूपेंद्र यादव ने देश की बड़ी जिम्मेदारी संभालते हुए अपने संसदीय क्षेत्र के गांव-गांव शहर-शहर लोगों एवं कार्यकर्ताओं के बीच जाकर यह तो सिद्ध कर ही दिया है कि वह दिल्ली में बैठकर राजनीति करने वाले नेताओं में से नहीं है और अपने क्षेत्र की चिंता रखते हैं।

अलवर में पीने के पानी से लेकर सिंचाई तक के पानी के नहीं होने का सबसे बड़ा मुद्दा था। चुनाव के दौरान भूपेंद्र यादव की एक ही बात थी कि उनकी पहली प्राथमिकता अलवर को पानी दिलाने की रहेगी जिसे उन्होंने कार्यभार संभालते ही ईआरसीपी की योजना से अलवर को जुड़वाकर पूरा करने के साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की किल्लत को दूर करने व सड़कों के लिए करोड़ों रुपए की योजना को स्वीकृति दिलाई। वर्षों से रुके विकास के कार्यों को शुरू कराया है। भिवाड़ी में जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए मिले 50 करोड़ की प्रथम किस्त का कार्य प्रारंभ कराया जा चुका है।

भिवाड़ी में वेस्ट टू एनर्जी मॉडल पर जोर देते हुए इस दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया गया है वहीं इससे कचरे से बिजली और कंपोस्ट उत्पादन जैसी परियोजनाएं न केवल कचरा प्रबंधन का स्थायी समाधान बनेंगी, बल्कि इससे क्षेत्र को स्वच्छ और हरित बनाने में मदद मिलेगी। कलेक्टर किशोर कुमार व एसपी के साथ समीक्षा बैठक की और निर्देशित करते हुए कहा भिवाड़ी को देश के सबसे सुव्यस्थित औद्योगिक शहरों में से एक के रूप में विकसित किये जाने के लिए सभी विभागों को सम्मिलित प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा राजस्थान में आ रहे बडे निवेश में एनसीआर रीजन तथा विशेष रूप से भिवाड़ी की बड़ी भूमिका रहेगी।भिवाड़ी क्षेत्र में भावी विकास की संभावनाओं के मध्यनजर लैण्ड रिकॉर्ड को त्रुटिरहित बनाने तथा आमजन से संबंधित सेवाओं के शीघ्र निष्पादन के लिये डिजिट्लाईजेशन कार्य पर भी चर्चा करते भिवाड़ी को देश का पहला शत प्रतिशत डिजिट्लाईज्ड लैण्ड रिकॉर्ड वाला शहर बनाये जाने हेतु प्रयास करने का लक्ष्य दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि मंत्री भूपेंद्र यादव अपने अलवर और भिवाड़ी को राजस्थान का सबसे सुंदर और स्वच्छ शहर बनाना चाहते हैं। क्योंकि उनकी लोकसभा का भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र अपना प्रमुख स्थान रखता है तो वही अलवर सरिस्का अभयारण्य पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और दोनों ही शहर जितना अधिक से अधिक विकसित होंगे उतनी ही भिवाड़ी में निवेशकों की संख्या बढ़ेगी और अलवर में पर्यटकों का इजाफा होगा जिस रोजगार के साधन बढ़ेंगे।

गांव गरीब का नए सिरे से कैसे विकास हो इसको लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने नवाचार किया है। और शुरुआत भी उन्होंने अपने अलवर संसदीय क्षेत्र के गांव के सरपंचों से की है। बताया जा रहा है की मुलाकात के बहाने मंत्री गांव और ढाणियों के विकास का रोड मैप तैयार करने में जुटे हैं जो देश में अनूठी मिसाल बन सकती है।

## मंदबुद्धि महिला व बेटे की जमीन की रजिस्ट्री का मामला

**आमेर।** आमेर तहसील के गुणावता गांव में मंदबुद्धि प्रभु देवी पत्नी स्व. कल्याण मीणा और उनके पुत्र भैरूलाल मीणा के नाम की करोड़ों रुपए की जमीन को लेकर एक बड़ा षड्यंत्र उजागर हुआ है। इस जमीन के 34 खसरा नंबरों (खसरा नंबर 424, 432, 437-440, 445, 446, 459-466, 477-484, 479-494, 501-503) में कुल 2.78 हेक्टेयर खातेदारी भूमि थी, जिसमें 4/9 हिस्से पर उनका मालिकाना हक था।

यह जमीन राहुल पुत्र बाबूलाल मीणा, मामराज मीणा (राजस्थान पुलिस), जयराम मीणा (राजस्थान पुलिस), बाबूलाल मीणा (पर्यटन विभाग), और कानाराम मीणा ने साजिश के तहत 13 दिसंबर 2024 को मात्र 80 लाख रुपए में रजिस्ट्री करवा ली। इस जमीन की असली कीमत करीब 6 करोड़ रुपए आंकी गई थी।

भू-माफियाओं ने मंदबुद्धि भैरूलाल मीणा को धोखे में रखकर उनके खाते में धनराशि जमा की और तुरंत बड़ी रकम वापस निकाल ली। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि 29 अक्टूबर को 20 लाख रुपए खाते में डाले गए, लेकिन उसी दिन 18 लाख वापस निकाल लिए गए। इसके बाद 13 दिसंबर को 20 और 31 लाख रुपए जमा किए गए, लेकिन उसी दिन 43 लाख रुपए फिर से निकाल लिए गए। इस धोखाधड़ी की जानकारी जब गांव वालों को हुई तो उन्होंने भैरूलाल मीणा को बुलाकर इस बारे में पूछा।

इसके बाद गांव में पंचायत बुलाई गई, जहां भू-माफियाओं ने अपना गुनाह कबूल किया और जमीन वापस मूल काश्तगार के नाम करने का वादा किया। उन्होंने 15 दिन का समय मांगा, लेकिन इस दौरान एक और साजिश रची गई। भैरूलाल मीणा के चाचा के बेटे रमेश मीणा पुत्र छितरमल मीणा ने भू-माफियाओं के साथ मिलकर जमीन को बेचने और पैसे हड़पने की योजना बनाई। 27 जनवरी 2025 को, जब गांव में पंच पटेल स्व श्री गोपाल लाल मीणा की तीये की बैठक चल रही थी, उसी का फायदा उठा कर रमेश मीणा पुत्र छितरमल मीणा और भू-माफिया ने इस मौके का फायदा उठाकर मंदबुद्धि प्रभु देवी और उनके बेटे भैरूलाल को आमेर थाने में ले जाकर उनसे राजीनामा करवाने की कोशिश की।

हालांकि, सुरेंद्र यादव ने इस षड्यंत्र को पहचान लिया और मामले में गुणावता गांव के 25 से 30 पंच पटेलों को बुलाने की बात कही। इससे गांव वालों को समय पर मामले की जानकारी मिल गई।

# आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया, निर्वाण लड्डू चढाया

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज एवं मुनि निपूर्णनन्दी महाराज संघ के सानिध्य में आयोजित 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य के साथ पूजा अर्चना की। चातुमार्स कमेठी अध्यक्ष सुनील भाणजा, प्रवक्ता विमल जौंला एवं हितेश छाबडा ने बताया कि 16 दिवसीय अनुष्ठान में प्रतिष्ठाचार्य पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के निर्देशन में सेकंडों श्रद्धालु 3 काव्यों की संगीतमय पूजा अर्चना कर पुण्यार्जन कर रहे हैं। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंगलवार को भक्तामर महामण्डल विधान की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके किया गया। विधान में सोधर्म इन्द्र बनने का सोभाग्य महावीर प्रसाद, शिखरचंद सुरेश कुमार, अशोककुमार जैन माधोराजपुरा को मिला।

■ 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य के साथ पूजा अर्चना की



भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में पूजा-अर्चना करते हुए श्रद्धालु।

कुबेर इन्द्र बनने का सोभाग्य रतनलाल, शान्तिलाल, ताराचन्द बरवाडा को मिला। विधान में सुरेशचन्द, महेन्द्र कुमार, गोपाललाल, कठमाणा एवं जैन समाज बरवाड़ा को इंद्र बनने का सोभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को सुशील कुमार नीरा जैन राहुल जैन आरामशीन द्वारा डोम का शिलान्यास किया जाएगा। मंगलवार को सुबह तीर्थ क्षेत्र कमेटी जैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन महामंत्री जवाहरलाल जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेशचन्द तिजारिया, महामंत्री उदयभान जैन, महेन्द्र बैराठी, सांध्य लक्ष्मी चेनल के डायरेक्टर शरद जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट मेधा जैन, वास्तुकार संजय जैन निवाई के शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पहुंचे जहां दिगम्बर जैन अग्रवाल समाज अध्यक्ष विष्णु बोहरा के नेतृत्व में जैन समाज ने स्वागत किया।

इस दौरान सुशील आरामशीन, प्रेमचन्द गिंदोडी, महेन्द्र चंवरिया, हितेश छाबडा, विज्ञातीर्थ कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा, रामपाल चंवरिया व अनिल भाणजा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। सुनील भाणजा ने बताया कि मंगलवार को शहर के सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों में भगवान आदिनाथ का निर्वाण महोत्सव मनाया गया जिसमें बड़ा जैन मंदिर सहित सभी जिनालयों में भगवान आदिनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया जिसमें सोधर्म इन्द्र महावीर प्रसाद, शकुंतला, हितेश व मयंक छाबडा ने संगीत के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया।

## मेटाडोर व स्कार्पियो में भिंडत,चालक घायल

**मालपुरा ।** जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर चांदसेन मोड के पास सोमवार की मध्य रात्री को तेज रफ्तार स्कॉर्पियों व मेटाडोर मे हुई आमने-सामने की भिंडत हादसे मे मेटाडोर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया। मिली जानकारी मे सामने आया कि सोमवार की देर रात्री को जयपुर से केकडी के लिये लकडी की प्लाई से भरी मेटाडोर अपने गंतव्य स्थान की और जा रही थी इसी दौरान मालपुरा की और से जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो व मेटाडोर मे चांदसेन मोड के पास आमने-सामने की जोरदार भिंडत हो गई। दोनो वाहनो की भिंडत मे मेटाडोर चालक गोपाल राव पुत्र रामरतन राव निवासी सरोली गंभीर रूप से घायल हो चालक सीट पर ही फंस गया। वाहनो की भिंडत से गाडी मे हुये भारी नुकसान व स्पार्किंग से गाडी की वायरिंग सुलग गई। इसी दौरान जयपुर से रैफर केश छोडकर मालपुरा आ रही 108 एम्बूलेंस के पायलट बद्रीलाल शर्मा व ईएमटी संजय व्यास ने दोनो वाहनो को बुरी तरह क्षतिग्रस्त देख अपना मानव निभाते हुये डिग्गी थानाधिकारी कप्तान सिंह को घटना की सुचना दी।

## सार-समाचार

### आरोपियों को 5 दिन के डिमांड पर भेजा

**सांभरझील।** रक्तदान शिविर के दौरान रक्त एकत्रित कर अवैध परिवहन करने के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों को सांभर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उन्हें आगामी पूछताछ के लिए 5 दिन के पुलिस डिमांड पर भेजा गया है। आनन्द शर्मा आईपीएस उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक, जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया है कि 28 जनवरी को पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें एक टीम को मकराना व दूसरी टीम को सवाईमाधोपुर मामले की गंभीरता से जांच करने हेतु रवाना किया गया है। तथा पुलिस ने आरोपियों का 5 दिन का पीसी रिमाण्ड लिया गया है जिसके अन्दर कई तथ्यों का खुलासा किया जाएगा। पुलिस रिमांड पर लिए गया आरोपी मोहम्मद जाबीर पुत्र श्री मोहम्मद हनीफ जाति मुसलमान उम्र करीब 35 साल निवासी इंदगाह रोड गुलाबपुरा थाना मकराना जिला डीडवाना कुचामन, मोहम्मद आमीन पुत्र यूसुफ सोलंकी जाति तेली मंसूरी उम्र करीब 26 साल निवासी हिम्मत कॉलोनी मालावर रोज थाना मकराना जिला कुचामन-डीडवाना व श्रवणसिहं पुत्र उम्मेदसिंह जाति राजपूत उम्र करीब 28 साल निवासी हरनावा (तोसीणा) थाना मकराना जिला कुचामन डीडवाना के निवासी हैं।

### उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**पावटा।** ब्लॉक पावटा के पटवार संघ का आंदोलन मंगलवार को 16वें दिन भी जारी रहा। संघ ने पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय को मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आंदोलन को उग्र करने की चेतावनी दी। पटवार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश स्वामी ने बताया प्रदेशाध्यक्ष के आव्हान पर पटवारी अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जनवरी 2025 से सामूहिक अवकाश पर हैं और लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रमुख मांगों में पटवारी पद को तकनीकी पद घोषित करते हुए ग्रेड पे 3600 करने और गिरदावरी एप में पटवार संघ के सुझावों के अनुसार आवश्यक संशोधन करने की मांग सहित अन्य मांग शामिल है। सरकार की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण पटवार संघ ने 5 फरवरी 2025 को जयपुर में विशाल रैली और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। संघ ने कहा है कि अगर सरकार मांगें नहीं मानती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक पावटा पटवार संघ अध्यक्ष महेश स्वामी, पटवारी महेश रावत, कल्पना चौधरी, मुकेश वर्मा, जीतू चौधरी, नवीन, अनिल मिश्रा, रेखा मीणा, कानूनगो संजय गुप्ता सहित कई पटवारी मौजूद रहे।

### अनाज चुराने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत बालाजी मंदिर से चुगे के गेहूं, बाजरा चुराने के दूसरे आरोपी को भी बौंली पुलिस ने गिरफ्तार कर 90हजार की राशि बरामद कर ली है। बौली थाना प्रभारी राधारमन गुप्ता ने बताया कि इस मामले को लेकर बालाजी मंदिर के पुजारी ने 22 जनवरी को एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें से एक आरोपी बनवारी लाल वैष्णव को टाटा टेंपो के साथ पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था इस पर हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी को अनुसंधान अधिकारी बनाया गया जिसमें उनके नेतृत्व में गठित टीम में शामिल कांस्टेबल महेंद्र सिंह व धर्मवीर सिंह ने 27 जनवरी सोमवार की रात्रि को लगातार पीछा करते हुए दूसरे आरोपी इतवारी बावरिया उम्र 20 वर्ष निवासी हंभीर पुलिया कच्ची बस्ती हाल बंबोरी क्वार्टर थाना कोतवाली सवाई माधोपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चुगे के अनाज गेहूं व बाजरा बेचकर प्राप्त की गई 90हजार की राशि भी बरामद की गई है। आरोपी से अन्य प्रकरणों में अनुसंधान जारी है।

### अन्नप्राशन दिवस मनाया

**श्रीमाधोपुर** ।आँगनबाड़ी पाठशाला पी एच डी बराल्या हांसपुर में अन्नप्रासन्न दिवस मनाया गया । आँगन बाड़ी कार्यकर्ता सुमन शर्मा द्वारा नक्ष सैनी पुत्र राकेश सैनी के 6 माह पूर्ण होने पर खीचड़ी खिलाकर अन्न प्रारम्भ किया गया । इसी क्रम में मीरा सैनी पत्नि ओमप्रकाश सैनी की गोद भराई रस्म भी की गई । भेट स्वरूप नक्ष को कटोरी चम्मच और मीरा सैनी को सुहाग सामग्री नारीयल पत्तासे दिए गए। कार्यक्रम में सहायिका सुनिता सैनी ,आशा शकुन्तला ,मीरा देवी पूनम शर्मा ,सुमित्रा, ज्योती ,सलोचना , सोना सैनी, सुमन ,अनिता , मीरा सैनी इत्यादि महिलाएँ और बच्चे उपस्थित हुए। सुमन शर्मा द्वारा गर्भवती महिलाओं को उनमें हो रहे शारीरिक और मानसिक रूप से बदलाव के प्रति सजग किया ताकि लाभार्थी स्वयं जटिलताओं से घबराएँ ना। पोष्टिक आहार ग्रहण करें अपने बच्चे को दूध के साथ ऊपरी अल्पाहार भी देने की जानकारी दी।

### सांस्कृतिक महोत्सव गोरबंद का आयोजन

**श्रीमाधोपुर ।** राजकीय कन्या महाविद्यालय होद में 27 से 31 जनवरी तक खेल एवं सांस्कृतिक सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। सांस्कृतिक सप्ताह के दूसरे दिन प्राचार्य मालीराम वर्मा की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि जवाहर सिंह की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम गोरबंद का रंगारंग आयोजन किया गया। सचिन हंसराज चौहान ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के आदेशानुसार राजकीय कन्या महाविद्यालय होद के प्राचार्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं का महाविद्यालय के प्रति जुड़ाव एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक सचिव डॉ हंसराज चौहान ने बताया कि राजकीय कन्या महाविद्यालय होद मे खेल सप्ताह के दूसरे दिन एकल गायन एवं भाषण प्रतियोगिता में समीम जौहरी, सामूहिक नृत्य में मोनिका एंड हर्षिता और एकल नृत्य में सरिता कुमावत विजेता रही। इस अवसर पर डॉ आशीष फोगाट, सुरेश मिठारवाल, सुधा, अभिलाषा, अमित कुमार गर्ग, अनिल कुमार शर्मा, डॉ अजय कुमार जांगिड एवं रजनीश सिद्धार्थ, गुरुदयाल सिंह, सुरेश बिवाल, मूल चंद आदि उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों की दी जानकारी


**पावटा।** भाबरु थाना अंतर्गत निझर मोड़ पर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देश पर पुलिस द्वारा होटलों और ढाबों पर ट्रक चालकों को साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। जिले में पूरे जनवरी माह में चल रहे इस विशेष अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस द्वारा विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों में भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत भाबरु थाना पुलिस द्वारा निझर मोड़ होटलों पर विशेष रूप से ट्रक चालकों पर ध्यान दिया देते हुए क्योंकि वे लंबी दूरी की यात्रा करते हैं और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की विशेष जानकारी की आवश्यकता होती है। सड़क सुरक्षा नियमों के साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए उन्हें साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक किया गया।

### जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन

**टोंक।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत संरक्षित खेती की महत्ता विषय पर कॉन्फ्रेंस हॉल, कृषि ऑडिटोरियम, टोंक में दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन मंगलवार को उद्यान विभाग द्वारा किया गया। जिसमें जिले के लगभग 125 किसानो ने भाग लिया। सेमीनार का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र, वनस्थली के डॉ. बंशीधर एवं उद्यान विभाग के उपनिदेशक चंद्र प्रकाश बड़ाया टोंक ने किया। इस मौके पर बायो पेस्टीसाइड व बायो एजेंट्स, लैब टोंक के उपनिदेशक डॉ. सूरजमल जाट समेत राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, टोंक सहायक निदेशक एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र, वनस्थली, निवाई के वैज्ञानिक डॉ. बंशीधर द्वारा कृषकों को संरक्षित खेती की महत्ता एवं आने वाले समय में कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक अपनाने पर कृषकों के साथ संवाद कर जानकारी दी।

### बाबूलाल ब्लॉक कोर्डिनेटर नियुक्त

**मालपुरा।** निदेशालय साक्षरता एवं सतत शिक्षा राजस्थान सरकार शासन सचिव द्वारा जारी आदेशो मे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सेकण्ड मेन्ट के आधार पर ब्लॉक कोर्डिनेटर लगाने हेतु पंचायत राज शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। शासन सचिव के निर्देशो की पालना मे शिक्षा विभाग विशिष्ट सहायक जयनारायण मीणा के निर्देशो पर महात्मा गांधी विद्यालय मालपुरा मे पदस्थापित लेवल 2 अध्यापक बाबूलाल यादव को मालपुरा ब्लॉक कोर्डिनेटर नियुक्त किया गया। साथ ही पूर्व मे लगे समस्त ब्लॉक स्तर पर तृतीय श्रेणी अध्यापक जो कि सेकेण्ड मेन्ट पर ब्लॉक कोर्डिनेटर लगे हुये है उन्है तत्काल प्रभाव से मूलस्थान पर पदस्थापन के लिये कार्यमुक्त किये जाने के आदेश जारी किये।



बडोनी ही कैप्टेंसी जारी रखें। यह कहते हुए मना कर दिया कि आयुष बडोनी को ही कप्तानी जारी रखने दें, मैं नेतृत्व नहीं करना चाहता। - विराट कोहली

भारतीय बल्लेबाज, रणजी में दिल्ली की कप्तानी से इनकार करते हुए कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** – **मोहम्मद शमी**



इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 से पहले सोमवार शाम टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पूरी तरह फिट हैं। तीसरे टी-20 से पहले मीडिया ने शमी की फिटनेस पर सवाल किया था। कोटक ने कहा, मोहम्मद शमी फिलहाल फिट हैं, उनके खेलने पर फैसला कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर करेंगे। फिलहाल उनकी फिटनेस पर कोई सवाल नहीं है, लेकिन उनके खेलने पर अंतिम फैसला टीम मैनेजमेंट करेगा। शमी इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और 19 फरवरी से खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के टीम भारतीय स्क्वॉड में शामिल हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** वनडे इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक (16 गेंदों में) एबी डिविलियर्स ने बनाया है, उन्होंने 2014-15 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

## राजस्थान-विदर्भ अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मैच में राजस्थान पारी व 113 रनों से जीता

जयपुर, 28 जनवरी। नागपुर में खेली जा रही बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी के खेले जा रहे राजस्थान –विधर्भ मैच को राजस्थान ने पारी व 113 रनो से जीता, राजस्थान की जीत में करण लाम्बा, सचिन यादव, मुकुल चौधरी, मोहित



चांगरा, अशोक शर्मा व चेतन शर्मा का शानदार प्रदर्शन। राजस्थान पहली पारी 462 आल आउट, विधर्भ पहली पारी 151 आल आउट, विधर्भ दूसरी पारी 198 आल आउट। राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 52/5, मनीष आचार्य 23/2, अशोक शर्मा 39/2 व आयुष अमेरिया 31 1 विकेट प्राप्त करते हुए टीम को पारी व 113 रनो से शानदार जीत दिलाई। राजस्थान की जीत में प्रमुख रूप से बल्लेबाज करण लाम्बा 206, सचिन यादव 96 , मुकुल चौधरी 51 रनो की पारी व मैच में गेंदबाज मोहित चांगरा पहली पारी 69/4 व दूसरी पारी 52/5, अशोक शर्मा पहली पारी 31/4 व दूसरी पारी 39/2, चेतन शर्मा 2 विकेट, मनीष आचार्य 2 विकेट प्राप्त करते हुए राजस्थान को जीत दिलाई। राजस्थान के मोहितचांगरा प्रतियोगिता में अब तक 36 विकेट प्राप्त कर चुके हैं।

## प्ले स्पोर्ट्स खेल कराटे स्कूल गेम्स सीजन 2 में राजस्थान के स्कूलों का दबदबा

जयपुर, 28 जनवरी। प्ले स्पोर्ट खेल कराटे स्कूल गेम्स सीजन 2 का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय खेल अकादमी द्वारा 25 से 27 जनवरी, जयपुर के प्रताप नगर स्थित बंसल पब्लिक स्कूल में किया गया। फाउंडर, धनंजय त्यागी ने बताया कि खेल कराटे



स्कूल गेम्स जमीनी स्तर से रॉ प्रतिभाओ को पहचानने और उनको तैयार करने का एक मंच है। प्रतियोगिता में देश भर से अंडर 6 से अंडर 19 वर्ष के 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनको देखने के लिए हजारों की संख्या में पैरेंट्स और उत्साही दर्शक स्कूल पहुंचे। प्ले स्पोर्ट्स खेल कराटे स्कूल गेम्स के सीईओ, शुभम चौधरी ने बताया कि प्ले स्पोर्ट्स प्रोग्राम का उद्देश्य ग्रास रूट लेवल से खिलाड़ियों की पहचान कर, उनको अंतरराष्ट्रीय मंच के लिये तैयार करना है। साथ ही स्कूलों में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप और स्पोर्ट्स की प्रोफेशनल ट्रेनिंग देने का काम कर रहा है। इन सभी पदक विजेताओं को बहुत - बहुत शुभकामना। संस्था के प्रेसिडेंट, आकाश सिंह और सेक्रेटरी, मोहित शर्मा ने बताया कि लीग का परिणाम इस प्रकार रहा - विनर्स गोल्ड ट्रॉफी, नॉलेज सिटी स्कूल; सिल्वर विटी इंटरनेशनल स्कूल; और ब्रॉन्ज़ एस जे पब्लिक स्कूल को मिली। बेस्ट कोच के अवार्ड सौरभ यादव; रजनी भंसाली और दीपक सैनी को दिए गए। बेस्ट टीम अवार्ड कैम्ब्रिज कोर्ट, प्रिंस स्कूल, एनके पब्लिक स्कूल , बंसल पब्लिक स्कूल, कान ज़ेन रयू स्कूल, वेदांता स्कूल को मिला। चैंपियन ऑफ़ चैंपियन का खिताब ओजस शर्मा, इशिता शर्मा, अद्विक तिवारी, महिमा कूलवाल, विहान भारद्वाज, अनाइता द्विवेदी, समर, इशिका गुप्ता, मानव बंशीवाल, अंशिका यादव, विश्वप्रताप, वैष्णवी विश्वकर्मा , शुभम, जैस्मिन कौर, अनुज सिंह, प्रिया सलामे , मन भूषण और दीक्षा को दिया गया।

## अस्मिता फुटबॉल लीग का खिताब मगन सिंह राजवी एकेडमी को

जयपुर/उदयपुर, 28 जनवरी। रॉकवुड स्कूल ग्राउण्ड उदयपुर में चल रही अखिल भारतीय फुटबॉल संघ की अस्मिता फुटबॉल लीग के आखिरी मैच में (खेलों इंडिया) (अंडर-15 बालिका वर्ग) में मगन सिंह राजवी फुटबॉल एकेडमी बीकानेर ने



एम.जे.ऐ.एस. अजमेर को हरा कर टूर्नामेंट में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। जिला फुटबॉल संघ उदयपुर के सचिव शकील अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में आज अंतिम दोनों लीग मैच खेले गए जिसमें पहले मैच में मगन सिंह राजवी फुटबॉल एकेडमी बीकानेर ने एम.जे.ऐ.एस. अजमेर को 11-0 से तथा दूसरे मैच में जिंक अकैडमी जावर माइंस, ने बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी को 3-0 से परास्त किया लीग मैचों के आधर पर मगन सिंह राजवी फुटबॉल एकेडमी बीकानेर ने 8 मैचों से 24 अंक प्राप्त कर प्रथम तथा 18 अंकों के साथ जिंक अकैडमी जावर माइंस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मंजू कँवर बीकानेर को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर प्रतिज्ञा मेहरा डीडवाना तथा सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर सविता जिंक अकैडमी जावर माइंस को घोषित किया गया मैच के उपरांत समापन समारोह का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि लाल सिंह झाला, विशिष्ट अतिथि राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं पूर्व सचिव राधेश्याम शर्मा, जिला फुटबॉल संघ उदयपुर के सचिव शकील अहमद,रॉकवुड इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल वसुधा थे। अध्यक्षता रॉकवुड संस्था के चेयरमैन अनिल शर्मा ने की अतिथियों ने विजेता उप विजेता टीमों को ट्रॉफी तथा व्यक्तिगत मेडल प्रदान किए।

# इंग्लैंड ने भारत को 26 रनों से हराया



राजकोट, 28 जनवरी। बेन डकेट (51) और लियम लिविंगस्टन (43) की साहसिक पारियों के बाद जेमी ओवर्टन (तीन विकेट), ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मैच में भारत को 26 रनों से हरा दिया हैं। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड की टीम ने पांच मैचों की सीरीज में खुद को बनाये रखा है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन (तीन) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। चौथे ओवर में ब्राइडन कार्स ने अभिषेक शर्मा (25) को आउटकर इंग्लैंड को दूसरी सफलता दिलाई। छठे ओवर में सूर्यकुमार यादव (14) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद भारत के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। आठवें ओवर में तिलक वर्मा (18) और उसके बाद 13वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर (छह) रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में अक्षर पटेल (15) के रूप में भारत का छठा विकेट गिरा।19वें ओवर में की पहली गेंदबाज जेमी ओवर्टन ने हार्दिक पंड्या को आउटकर भारत की मैच जीतने की उम्मीदों को करारा झटका दिया।

हार्दिक पंड्या ने 35 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुये (40) रनों की पारी खेली। 19वें ओवर में मोहम्मद शमी (छह) जेमी ओवर्टन को तीसरा शिकार बने। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी और 26 रनों से मुकाबला हार गई।

इंग्लैंड की ओर से जेमी ओवर्टन ने तीन विकेट लिये। जोफ्रा आर्चर और ब्राइडन कार्स को दो-दो विकेट मिले। मार्क वुड और आदिल रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (पांच) का विकेट गवां दिया। सॉल्ट को हार्दिक पंड्या ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान जॉस बटलर ने बेन डकेट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी हुई।

# भारत ने सुपर सिक्स मुकाबले में आयरलैंड को 150 रन से रौंदा, तृषा का शतक



क्वालालंपुर, 28 जनवरी। भारत ने अंडर 19 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2025 में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्कॉटलैंड को हरा दिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 209 रन बनाए, जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 58 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई। भारत के लिए जी तृषा ने कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने शतक जड़ा। वहीं जी कमलिनी ने अर्धशतक लगाया।

टीम इंडिया के लिए आयुषी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए।भारत ने पहले बैटिंग करते हुए पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा कर दिया। टीम इंडिया ने 20 ओवरों में एक विकेट के नुकसान के साथ 208 रन बनाए। इस दौरान तृषा ने नाबाद शतक जड़ा। उन्होंने 59 गेंदों का सामना करते हुए 110 रन बनाए। उनकी इस पारी में 13 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। तृषा के साथ-साथ जी कमलिनी ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 51 रनों की पारी केली। उनकी इस पारी में 9 चौके शामिल रहे। सनिका चाल्के ने नाबाद 29 रन बनाए।

स्कॉटलैंड का भारत के खिलाफ सुपर सिक्स मुकाबले में बेहद खराब प्रदर्शन देखने को मिला। पीपा केले बतौर ओपनर महज 12 रन ही बना पाई। ईम्मा भी 12 रन बनाकर आउट हो गई। कप्तान नायमा शेख भी कुछ खास नहीं कर सकीं। वे 18 गेंदों में 10 रन ही बना सकीं। हालांकि, नायमा नाबाद रहीं।

वहीं टीम इंडिया की घातक गेंदबाज आयुषी ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 3 ओवर फेंके। इस दौरान महज 8 रन देकर 4 विकेट झटके। आयुषी के साथ-साथ वैष्णवी शर्मा ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने 2 ओवरों में 5 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। तृषा ने ऑलराउंडर की भूमिका निभाई। उन्होंने शतक जड़ने के बाद 3 विकेट भी लिए। तृषा ने 2 ओवरों में 6 रन दिए।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ देहरादून में 38वें नेशनल गेम्स का आगाज, स्टेडियम में गूंजा मोदी-मोदी

देहरादून, 28 जनवरी। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज हो गया है। इस दौरान राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पीएम मोदी ने समारोह में खेला का शुभारंभ किया। सीएम धामी ने पीएम मोदी का सिल्क्वारा पर लिखी किताब, शाल और उत्तराखंड की पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत किया। वहीं जब पीएम मोदी स्टेडियम में पहुंचे तो लोगों ने खास उत्साह दिखाया। पीएम ने दर्शक दीर्घा से हाथ हिलाकर धन्यवाद किया। स्टेडियम में मोदी मोदी के नारे लगे तो वहीं जय श्री राम के नारे भी





लगे।इसके साथ ही कार्यक्रम में शिव तांडव नृत्य भी हुआ। उससे पहले मैं हिमालय हूं की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई।

## नेमार के साथ अनुबंध आपसी सहमति से समाप्त कर दिया गया : अल-हिलाल क्लब

रियो दि जिनेरियो, 28 जनवरी। सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल ने कहा है कि उसकी स्ट्राइकर नेमार के साथ आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त करने के लिए सहमति बनी है। किसी भी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। एसीएल (पैर की चोट) चोट के कारण अक्टूबर 2023 से बाहर रहने के बावजूद बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन टीम के पूर्व खिलाड़ी नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था।

### जसप्रीत बुमराह ने जीता सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड

## आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बनाकर रचा नया कीर्तिमान

नई दिल्ली, 28 जनवरी। टीम इंडिया के बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीतकर नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर



2024 बनाकर नया कार्तिमान रच दिया। वह प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने पिछले साल कमाल का प्रदर्शन किया।

उन्होंने 2024 में सबसे ज्यादा 86 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 71 विकेट झटके। उन्होंने 2024 का आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार भी अपने नाम किया है।बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड, इंग्लैंड के दिग्गज जो रूट और युवा क्रिकेटर हैरी ब्रूक को पछाड़ा है। ये ट्रॉफी एक साल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर को दी जाती है। पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड का नाम दुनिया के महान क्रिकेटर्स में से एक गारफील्ड सोबर्स के नाम पर रखा गया है। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर को को गैरी सबोर्स के नाम से भी जाना जाता है। जसप्रीत बुमराह से पहले भारत के लिए राहुल द्रविड़ के अलावा सचिन तेंदुलकर, रवि अश्विन और विराट कोहली ने प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार जीता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को विराट कोहली ने 2 बार जीता। लेकिन ये पहली बार हुआ है जब किसी भारतीय तेज गेंदबाज ने सर गारफील्ड सोबर्स पुर्सकार जीता हो। सर गारफील्ड पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय राहुल द्रविड़ हैं। राहुल द्रविड़ को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2024 से नवाजा गया था।

इसके बाद सचिन तेंदुलकर को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2010 से सम्मानित किया गया। वहीं रवि अश्विन ने साल 2026 में सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार अपने नाम किया। जबकि विराट कोहली ने लगातार 2 साल 2017 और 2018 में ये अवॉर्ड अपने नाम किया।



## बांग्लादेश की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराया

क्वालालंपुर, 28 जनवरी। निशिता ए निशी (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद फहमिदा छोया (नाबाद 14) और जुयैरिया फिरदौस (नाबाद 25) पारियों के दम पर बंगलादेश ने सुपर सिक्स ग्रुप ए में मंगलवार को महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप मुकाबले में वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हरा दिया है।

वेस्टइंडीज के 54 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश ने फहमिदा छोया (नाबाद 14) और जुयैरिया फिरदौस (नाबाद 25) की शानदार पारियों की मदद से 8.3 ओवर में बिना कोई विकेट गवांये 55 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। आज यहां बंगलादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने अमृता रामटहल (नाबाद 16), नईजनी कंबरबैच (13) और असाबी कॉलेंडर (11) के योगदान से 13 ओवर में छह विकेट पर 54 रन का स्कोर बनाया। बंगलादेश की ओर से निशिता ए निशी ने 11 रन देकर तीन विकेट लिये। अनीसा अख्तर सोबा ने 13 रन देकर दो बल्लेबाजों को आउट किया। जन्नतउल महुआ ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## कोहली 12 साल बाद रणजी खेलेंगे

नई दिल्ली, 28 जनवरी। विराट कोहली 12 साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे हैं। भारत के स्टार बैटर 30 जनवरी को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ खेलते नजर आएंगे। विराट ने आखिरी रणजी मैच गाजियाबाद में 2 से 5 नवंबर के बीच 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था।

2006 में रणजी मैच के दौरान ही विराट के पिता प्रेम कोहली का निधन हो गया था। रिश्तेदारों ने उन्हें मैच खेलने से मना किया था, लेकिन परिवार के मनाने पर विराट मैच खेलने गए थे। उन्होंने 90 रन बनाने के बाद पिता का अंतिम संस्कार भी किया था। विराट कोहली ने 2006 में तमिलनाडु के खिलाफ



रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था। उन्होंने दिल्ली के लिए 23 रणजी मैच खेले हैं, जिसमें 50 की औसत से 1574 रन बनाए हैं। उन्होंने टीम के लिए 5 सेंचुरी भी लगाई हैं। विराट ने 2012 में अपना आखिरी रणजी मैच वीरेंद्र सहवाग की कप्तानी में खेला था, जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने की कमान संभाली थी।

## एबी डीविलियर्स क्रिकेट मैदान में करेंगे वापसी

नई दिल्ली, 28 जनवरी। एबी डिविलियर्स ने हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर सकते हैं। डिविलियर्स ने 2018 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और 2021 में पूरी तरह से क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। अब डिविलियर्स एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। ये चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले डिविलियर्स का बड़ा फैसला है। चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में रिटायर्ड और नॉन कॉन्ट्रैक्ट खिलाड़ी खेलते हुए नजर आते हैं, जिसमें एबी डिविलियर्स भी शामिल हैं। ये टूर्नामेंट क्रिकेट के दिग्गजों को एक बार फिर मैदान पर उतरने का मौका देता है।

## राजस्थान यूनाइटेड एफसी और इंटर काशी एफसी के बीच रोमांचक मुकाबला 1-1 से ड्रॉ



जयपुर, 28 जनवरी। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में खेले गए आई-लीग के रोमांचक मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड एफसी और इंटर काशी एफसी के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

दोनों टीमों ने तेज और प्रतिस्पर्धी खेल दिखाया, जिससे दर्शकों को बेहतरीन फुटबॉल अनुभव मिला। मार्तंड रैना का शानदार प्रदर्शन: मेहमान टीम इंटर काशी एफसी ने पहले हाफ में गोल कर बढ़त बनाई। हालांकि, राजस्थान यूनाइटेड एफसी के मार्तंड रैना ने शानदार गोल कर हाफटाइम से पहले स्कोर को बराबरी पर ला दिया।

दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई अतिरिक्त गोल नहीं हो सका। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मंजू शर्मा और भाजपा महासचिव श्रवण सिंह बगड़ी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# राजस्थान टूरिज्म पोलो कप : डायनामिक्स अचीवर्स के अभिमन्यु ने जयपुर का दिल जीता



जयपुर, 28 जनवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, राजस्थान टूरिज्म पोलो कप (06 गोल) कैवेलरी ग्राउंड पर पहला मैच अरावली बनाम बेंगलोर ग्रेज के बीच 12 बजे खेला गया जिनमे बेंगलोर ग्रेज ने अरावली को 7.5-7 से हराया। बेंगलोर ग्रेज आधे गोल का एडवांटेज लिए हुए खेल रही थी। बेंगलोर ग्रेज की ओर से नवीन सिंह ने 6 ओर शमशीर अली ने 1 गोल किया।अरावली की ओर से डिनो धनखड़ ने 2, जयवीर सिंह ने 1 ओर मेन्युअल ने 4 गोल किये। वहीँ दूसरा मैच डायनामिक्स अचीवर्स बनाम जयपुर टीम के बीच रामबाग पोलो ग्राउंड पर दोपहर 2 बजे खेला गया। इंटरनेशनल खिलाड़ियों ओर भारत के बेहतरीन खिलाड़ियों के आपसी खेल का तालमेल देखने को मिला। डायनामिक्स अचीवर्स ने जयपुर को 9-7 से हराया। डायनामिक्स अचीवर्स की ओर से सलीम आज़मी, डेनियल ने 1-1, अभिमन्यु पाठक ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए 7 गोल कर टीम को जीताया। जयपुर की ओर से हिम्मत सिंह ने 1, लांस वाटसन ओर पदमनाभ सिंह ने भी मिलकर बेहतरीन खेलकर 3-3 गोल किये पर अपनी हार टाल नही पाए। मैच में दूसरे चक्कर मे महेन्द्र सिंह घोड़े से गिर गए थे पर वह सुरक्षित रहे, उन्हें कोई चोट नही आई। महेंद्र ने वापस मैदान में खेलेना जारी रखा।

## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 : भारत-पाकिस्तान मैच की कब मिलेगी टिकट, कितनी होगी कीमत

नई दिल्ली, 28 जनवरी। क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांचक चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है। पाकिस्तान और दुबई इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। जिसमें 8 टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। भारत का पहला मैच 20 फरवरी को है। लेकिन सबसे ज्याजा रोमांच 23 फरवरी को दुबई में होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच बड़े मुकाबले को लेकर है। आईसीसी ने टिकटों की बिक्री के लिए शेड्यूल की घोषणा कर दी है।पाकिस्तान में होने वाले ग्रुप मैचों और दूसरे सेमीफाइनल के टिकट 28 जनवरी 2025 को दोपहर 2.30 बजे भारतीय समयानुसार उपलब्ध होंगे। क्रिकेट फैंस आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर टिकट बुक कर सकते हैं। इसमें नाम, ईमेल, फोन नंबर, डेट ऑफ बर्थ और पसंदीदा टीम जैसी जानकारी भरनी होगी। रजिस्ट्रेशन पूरा करने के बाद फैंस टिकट खरीद सकते हैं।हालांकि, भारत के मैचों के लिए टिकट के लिए फैंस को थोड़ा और इंतजार करना होगा। अभी सिर्फ पाकिस्तान में होने वाले मैचों और पहले सेमीफाइनल के टिकट ही उपलब्ध होंगे।

### 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता

# राजस्थान यूथ की जीत में जतिन, वासु व रिहान चमके

जयपुर, 28 जनवरी। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज श्री हुकम सिंह क्रिकेट ग्राउण्ड, हाथोज में खेले गये क्वार्टर फाईनल मुकाबले में जतिन सैनी 59 रन नाबाद व 1 विकेट तथा वासु रन 79 रन नाबाद, रिहान अली 59 रन की अद्धर्शतकीय पारियों व अनुज 50 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की मदद से राजस्थान यूथ ने नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी को 5 विकेट से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया।



टॉस जीतकर नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन देव सिंघल 71 रन (66 गेंद 11 चौके), मानेन्द्र सिंह 51 रन (32 गेंद 5 चौके, 2 छक्के), तरूण शर्मा 47 रन, मोहित जैन 32 रन की मदद से निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 274 रन बनाये। गेंदबाजी में राजस्थान यूथ की ओर से अनुज 50 रन पर 3 विकेट, भुवनेश शर्मा 28 रन पर 2 विकेट, रोहन सिंह 45 रन पर 2 विकेट तथा जतिन सैन व संजय महावर प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में राजस्थान यूथ के लोकेश सैनी 33 रन तथा भुवनेश शर्मा 37 रन ने मिलकर पहले विकेट पर 58 रन की साझेदारी निभाकर अच्छी शुरूआत की लेकिन 17 ओवरों में 92 रन बनते-बनते राजस्थान यूथ के 4 खिलाड़ी आउट हो गये।

लेकिन मध्यक्रम में रिहान अली 56 रन (63 गेंद 4 चौके, 2 छक्के), वासु 79 रन नाबाद (58 गेंद 7 चौके, 3 छक्के), जतिन सैनी 59 रन नाबाद (38 गेंद 4 चौके, 2 छक्के) ने मिलकर शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को 39.2 ओवरों में 5 विकेट खोकर 278 रन बनाकर अपनी टीम को 5 विकेट से जीताकर सेमिफाईनल में पंहुचा दिया। नीरजा मोदी एकेडमी की ओर से अमित वर्मा 39 रन पर 3 विकेट तथा प्रध्युमन सिंह व मोहित जैन प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ द मैच जतिन सैनी 59 रन नाबाद तथा 8 ओवरों में 49 रन देकर 1 विकेट राजस्थान यूथ रहे।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को दिल्ली के मुंडका और रिठाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र दराल तथा कुलवंत राणा के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, दिल्लीवासी अंधकारमय शासन से मुक्ति चाहते हैं और आने वाले चुनाव में झूठे लोगों को सबक सिखाकर भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएंगे।*

# 'आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता के साथ धोखा किया'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली की मुंडका व रिठाला सीट पर चुनाव सभायें कीं

- **उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुशासन के कारण दिल्ली में आज प्रदूषण, टूटी सड़कें, सीवरेज के गंदे पानी, ट्रैफिक जाम और पेयजल की भारी समस्या है।**

नई दिल्ली/जयपुर, 28 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, पिछले 10 सालों से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता के साथ धोखा किया है। दिल्ली देश की राजधानी है, मगर यहां की स्थिति दिया तले अंधेरा जैसी है। दिल्लीवासी अब इस अंधकारमय शासन से मुक्ति चाहते हैं और आने वाले चुनाव में ऐसे झूठे लोगों को सबक सिखाकर भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएंगे। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के लोग चुनाव आने पर मदारी की तरह आते हैं और जनता को झूठे वादे और सपने दिखाकर भ्रमित करते हैं। शर्मा ने मंगलवार को दिल्ली के मुंडका और रिठाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र दराल तथा कुलवंत राणा के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया।

मुंडका में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे द्वारा शुरू किए गए आंदोलन से निकले थे, मगर भ्रष्टाचार में डूब गए। घोटाले में उनके मुख्यमंत्री जेल भी गए। खुद अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी का ढोंग करते थे, मगर करोड़ों रूपए खर्च कर अपने लिए शीशमहल बनवा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुशासन के कारण दिल्ली में आज प्रदूषण, टूटी सड़कें, सीवरेज के गंदे पानी, ट्रैफिक जाम और पेयजल की कमी की भारी समस्या है। आम आदमी पार्टी का पिछला घोषणा पत्र उठाकर देखिए कि उन्होंने कितनी घोषणाएं पूरी कीं। वहीं दूसरी ओर, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वही करते हैं। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार में दिल्ली को वह समृद्धि और विकास मिलेगा, जिसकी वह हकदार है।

कार्यक्रम में सांसद पी.पी. चौधरी एवं भाजपा के स्थानीय पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

रिठाला विधानसभा क्षेत्र की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्द मौसम में दिल्लीवासियों का उत्साह और गर्मजोशी बता रही है कि दिल्ली का मौसम बदलने जा रहा है। दिल्ली को आप-दा से मुक्ति मिलने वाली है।

उन्होंने जनता से आव्हान किया कि 5 फरवरी को कमल के पर बटन दबाकर कुलवंत राणा जैसे ईमानदार, मेहनती और जनसेवा के प्रति समर्पित प्रत्याशी को विजयी बनाएं। कार्यक्रम में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों सहित, बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

# अशोक गहलोत के कार्यकाल में हुये सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत उनके संसदीय सचिव ने की

## पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर ने आरोप लगाया कि घटिया निर्माण के कारण सड़क कई जगह से धंस गई है

- **उन्होंने कहा, राज्य सरकार से शिकायत होने के बाद आरयूआईडीपी ने जांच के लिए टीम भेजी थी, टीम ने अधिकांश सैंपल सड़क के बीच से लिए थे।**
- **झंवर ने आरोप लगाया कि डब्ल्यूएमएम और डामरीकरण की मोटाई तय मापदंड के अनुसार नहीं होने के कारण जहां ट्रैंच खोदकर पाइप लाइन बिछाई गई थी, वहां से सड़कें धंस रही हैं।**

बीकानेर, 28 जनवरी, (निसं)। राज्य की पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुये सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत कांग्रेस के ही पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर ने राज्य सरकार से की है। इस योजना में अब तक 48 करोड़ का भुगतान संवेदक फर्म को हो चुका है। सार्वजनिक निर्माण विभाग ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।

झंवर के अनुसार, पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2021 में नोखा में एडीबी वित्त पोषित राजस्थान शहरी अवसंरचना विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के तहत दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और 296 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए 153.51 करोड़ का बजट मंजूर हुआ था। वर्ष 2022 में काम शुरू होने के साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को लेकर विवाद भी शुरू हो गया। वह विवाद अभी थमा भी नहीं था कि पाइप लाइन बिछाने और सड़कों की मरम्मत को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। दो साल में करीब ढ़ाई सौ किलोमीटर सड़कें बनाई जा चुकी हैं। इसमें 30 किमी में ट्रैंच धंसने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पाइप लाइन बिछाने और उस पर सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कांग्रेस के ही पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर ने इस काम में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और एसीबी से शिकायत की है।

राज्य सरकार से शिकायत होने के बाद आरयूआईडीपी ने जांच के लिए टीम भेजी थी। टीम ने अधिकांश सैंपल सड़क के बीच से लिए, जहां से सड़क ठोस बनी हुई थी। पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य जी शिड्यूल के तहत नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। डब्ल्यूएमएम और डामरीकरण की मोटाई तय मापदंड के अनुसार नहीं होने के कारण जहां ट्रैंच खोदकर पाइप लाइन बिछाई गई थी, वहां से सड़कें धंस रही हैं। कहीं डामर ही उखड़ गया है, काम की क्वालिटी घटिया है। कलेक्टर भी नहीं सुन रही है।

उन्होंने मांग की है कि आरयूआई-डीपी नोखा के एक्सईएन को हटाकर टैक्निकल कमेटी से निर्माण कार्यों की जांच कराई जाए। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने नोखा खंड के एक्सईएन मनोज दूबे, जिला खंड की एईएन संजू शेखावत और तकनीकी सहायक पंकज दर्जी की कमेटी गठित कर सात दिन में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

नोखा में चल रहे कार्यों को लेकर पीडब्लयूडी के रिटायर्ड एक्सईएन नरेश जोशी ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के बाद ट्रैंच को वापस खुदाई में निकली रेत से ही भर दिया जाता है, जिसमें पत्थर भी होते हैं। इससे जमीन में गैप रह जाता है। पानी डालने और दबाव पड़ने से सड़क वहां से धंस जाती है। ऐसा ठेकेदार पैसा बचाने के लिए करते हैं। नियमानुसार ट्रैंच को बालू रेत से भरना चाहिए। उस पर कई दिन तक पानी डालना चाहिए। रेत ठोस होने के बाद तय मापदंड के अनुसार डब्ल्यूएमएम डालकर डामरीकरण करना चाहिए।

### यमुना में ज़हर: हरियाणा के मुख्यमंत्री केजरीवाल पर मानहानि का मुकदमा चलायेंगे

नई दिल्ली, 28 जनवरी। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के यमुना के पानी में जहर घोलने को लेकर हरियाणा सरकार पर लगाए गए आरोपों पर बीजेपी और आम आदमी पार्टी में जुबानी हमले तेज हो गए हैं। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने केजरीवाल से माफी की मांग करते हुए कहा है कि वे अपने बयान के लिए माफी मांगें, नहीं तो उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया जाएगा। वहीं, आप के आरोप पर चुनाव आयोग ने सैनी सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

आज 12 बजे तक सैनी सरकार चुनाव आयोग के सामने अपना पक्ष रखेगी। केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना में जहर घोलने का आरोप लगाते हुए इसे सामूहिक नरसंहार की साजिश करार दिया था। हालांकि दिल्ली जल बोर्ड ने केजरीवाल के दावे को नकार दिया है। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि भाजपा गंदी राजनीति करके दिल्ली के लोगों को प्यासा रखने की कोशिश कर रही है।

# 'सरकार को जिला बनाने या समाप्त करने का अधिकार है'

- **गंगापुर व नीमकाथाना की याचिका पर सरकार ने जवाब पेश किया।**
- **हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को 13 फरवरी तक प्रति-जवाब पेश करने का समय दिया।**

जयपुर, 28 जनवरी। गंगापुर सिटी और नीमकाथाना के जिले का दर्जा समाप्त करने के मामले में मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट में अपना जवाब पेश कर याचिका को खारिज करने की गुहार की गई। अदालत ने राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिकाकर्ता को इस पर अपना प्रति-जवाब पेश करने के लिए 13 फरवरी तक का समय दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने ये आदेश विधायक रामकेश मीणा, पूर्व विधायक रमेश चन्द्र खंडेलवाल और नीमकाथाना बार एसोसिएशन की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने अदालत में जवाब पेश कर कहा कि हमने विस्तृत राय और सभी कानूनी प्रक्रियाओं को अपनाने के बाद ही जिलों को खत्म करने का निर्णय लिया है। इससे पहले संबंधित जिलों की भौगोलिक और अन्य सभी जरूरी परिस्थितियों का भी परीक्षण कराया गया था। महाधिवक्ता ने अदालत से कहा कि राज्य सरकार को प्रदेश में सुचारू प्रशासन चलाने और विकास के लिए नए जिले बनाने या उनका अस्तित्व समाप्त करने का निर्णय लेने का अधिकार है। महाधिवक्ता की ओर से यह भी कहा गया कि यह जनहित याचिका बिना किसी आधार के जल्दबाजी में राजनीतिक हितों को साधने के लिए पेश की गई है। रामकेश मीणा के मामले में, जनहित याचिका दायर करने से पहले याचिकाकर्ता की ओर से इस संबंध में राज्य सरकार से कोई जानकारी नहीं मांगी गई। वहीं, याचिका दायर करने के बाद अदालत की ओर से इस संबंध में नाराजगी जताने के बाद आरटीआई के तहत दस्तावेज मांगे गए हैं। ऐसे में जनहित याचिका को खारिज किया जाए। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से राज्य सरकार के जवाब पर अपना प्रति-जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया। ऐसे में अदालत ने याचिकाकर्ता को समय देते हुए मामले की सुनवाई 13 फरवरी तक टाल दी है। तीनों जनहित याचिकाओं में कहा गया कि जिला अस्तित्व समाप्त करने का निर्णय राजनीति से प्रेरित है। इन्हें करीब डेढ साल पहले जिला बनाया गया था और उसके बाद यहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभाग स्थापित हो गये हैं। ऐसे में सरकार के इन्हें जिला निरस्त करने के आदेश को रद्द किया जाए।

### फैडरेशन ऑफ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

व्यवस्था में सुधार और भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए ब्याज समानता योजनाओं के जारी रहने का आव्हान किया।

सहभागियों ने ग्रोथ के लिए संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, और वैश्विक जोखिमों, जैसे भू-राजनीतिक तनाव, मुद्रास्फीति, और आपूर्ति श्रृंखला विघटन के खिलाफ उत्पादकता और लचीलापन को मजबूत करने वाली नीतियों का समर्थन किया।

वर्तमान सरकार का पहला पूर्ण बजट होने के कारण केन्द्रीय बजट 2025-26 भारत को एक प्रमुख स्थल के रूप में पुनः सुदृढ़ करने का एक अवसर प्रस्तुत करता है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि लगातार सुधारों, बढ़ते निवेशों और रणनीतिक हस्तक्षेपों के जरिए एक मजबूत, समावेशी और टिकाऊ विकास मार्ग को प्रोत्साहन देना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### ताहिर को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

घर नहीं जा सकेगा क्योंकि उसके घर पर ही अपराधिक षड़यंत्र रचा गया था, उसका घर मुस्तफाबाद चुनाव क्षेत्र के पास ही है। हुसैन और उसके साथ तैनात पुलिस अफसर, उसके वकील सिद्धांत अग्रवाल द्वारा बताए गए आवास पर या निर्दिष्ट होटल पर ही रहेंगे। कोर्ट ने दो दिन का खर्च 2.07 लाख रूपए एडवांस जमा करने को कहा, शेष अवधि के लिए भी उसे अग्रिम भुगतान करना होगा।

हुसैन आम आदमी पार्टी का पूर्व पार्षद है, उस पर आरोप है कि वर्ष 2020 के पूर्वोत्तर दिल्ली दंगों के दौरान उसने आई.बी. कर्मचारी अंकित शर्मा की हत्या की थी।

### दिल्ली के चुनाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

केजरीवाल के लिये यह चुनावी लड़ाई प्रासंगिक बने रहने या समाप्त हो जाने की लड़ाई है, क्योंकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही केजरीवाल की पार्टी की समाप्ति चाहती हैं।

असली काम की बात यह है कि कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे से बाद में भी लड़ सकती हैं, लेकिन यह समय दिल्ली में आम आदमी पार्टी का पटाक्षेप कर देने का है।

# सैम पित्रोदा ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

टैक्स (विरासत कर) के बारे में बोलते हुए, उन्होंने सुझाव दिया था कि भारत में ऐसा कानून होना चाहिए, जिसके तहत, मृत्यु के बाद व्यक्ति द्वारा अर्जित संपत्ति का एक छोटा भाग ही उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को मिले, बाकी बची संपत्ति को सरकार ले ले, जैसा कि युनाइटेड स्टेट्स में होता है।

इससे पहले, जून 2023 में पित्रोदा की इस टिप्पणी से भारी विवाद खड़ा हो गया था कि मंदिर से भारत की, गरीबी तथा बेरोजगारी जैसे समस्याएं दूर नहीं होंगी। चूँकि, यह बात अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन से पूर्व कही गई थी, भाजपा ने पित्रोदा व कांग्रेस पर भारी हमला बोला था।

मई 2019 में, 1984 के सिख दंगों को लेकर पित्रोदा की टिप्पणी के कारण राजनीतिक विरोधियों में भारी आक्रोश पैदा हुआ। उस समय पित्रोदा ने कहा था: "हुआ सो हुआ।"

फरवरी 2019 में पुलवामा हमलों के बाद पित्रोदा ने, बालाकोट में भारतीय वायु सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक्स की प्रभाव क्षमता पर प्रश्न उठाया था।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह कहकर, कि संविधान की रचना में बी.आर. अंबेडकर की तुलना में जवाहर लाल नेहरू का योगदान अधिक था, पित्रोदा ने अपने लिए भारी मुसीबत खड़ी कर ली थी।

### यमुना में ज़हर वाले ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बयानों के लिए तीन साल तक की कैद हो सकती है। आयोग ने कहा कि इस तरह के आरोपों से क्षेत्रीय समूहों और पड़ोसी राज्यों के निवासियों के बीच दुश्मनी पैदा होने, पानी की वास्तविक या कथित कमी या अनुपलब्धता के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति को खतरा पैदा होने का गंभीर खतरा है। आयोग ने केजरीवाल को 29 जनवरी, 2025 को रात 8 बजे तक शिकायतों पर अपना जवाब देने का निर्देश दिया है।

### 'पुलिस आरोपी को वॉट्सएप या ई-मेल पर नोटिस नहीं भेजे'

नई दिल्ली, 28 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के तहत पुलिस वॉट्सऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए आरोपी व्यक्ति को नोटिस नहीं भेज सकती है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बैंच ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पुलिस को सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो। शीर्ष कोर्ट ने कहा, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि वॉट्सऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। यह आदेश तब आया जब कोर्ट ने वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा का सुझाव स्वीकार किया, जिन्हें इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया गया था।

# मौनी अमावस्या पर हर 4 मिनट में प्रयागराज से ट्रेन चलेगी

## महाकुंभ में बुधवार को 10 करोड़ श्रृद्धालुओं के लिये 10 हजार आरपीएफ जवान ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर तैनात रहेंगे

- **महाकुंभ में यात्रियों की भारी भीड़ की व्यवस्था के लिये व्यापक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किये गये हैं, जिनमें एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे, खोजी कुत्तों और बम निरोधक दस्तों की तैनाती शामिल है।**

नई दिल्ली, 28 जनवरी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दूसरे अमृत स्नान से पहले, महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए रेलवे कल यानी 29 जनवरी को 60 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। मौनी अमावस्या से पहले भारतीय रेलवे द्वारा किए गए इंतजामों पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि हमने सावधानीपूर्वक योजना बनाई है और 13-14 जनवरी को हुये अपने अनुभव से सीखा है।

पूर्व के अलावा, 60 विशेष ट्रेनें बुधवार को निर्धारित संख्या में चलेंगी। कुल मिलाकर190 स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। उस रूट पर 110 नियमित ट्रेनें हमेशा की तरह चलेंगी। प्रयागराज से हर 4 मिनट में ट्रेन उपलब्ध होगी और यह एक बड़ी उपलब्धि है। अधिकारी और रेलवे कर्मचारी तैनात और चालू है अलर्ट। हम हर मिनट उनसे अपडेट ले रहे हैं।

सतीश कुमार ने बताया कि वॉर रूम एक्टिव हो गया है। हमें बुधवार को कम से कम 10 करोड़ आगंतुकों की उम्मीद है। हमारी पूरी मशीनरी बहुत सक्रिय है और राज्य सरकार के साथ समन्वय में है। 8000-10000 आरपीएफ जवानों को ट्रेनों और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात किया गया है।

रेलवे ने बताया कि 150 से ज्यादा ट्रेनों को प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूंसी से चलाया जाएगा।

### मतदान के एक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गया था कि आप 70 सदस्यों वाली विधानसभा में 36 सदस्यों के बहुमत के आँकड़े को पार कर जायेगी। किन्तु जैसे-जैसे मतदान का दिन पास आ रहा है, मार्केट ने अपने प्रोजेक्शन में थोड़ा-सा संशोधन किया है। ताजा अनुमान बता रहे हैं कि आप 39-41 सीटें जीतेगी, यानी आप के पक्ष में थोड़ी बढ़ोतरी की गई है। दूसरी तरफ, भाजपा के पक्ष में 29-31 सीटें प्रोजेक्ट की गई हैं तथा इस प्रकार वह बहुमत से 5-6 सीटें दूर रहेगी। कांग्रेस के पक्ष में कोई स्पष्ट प्रोजैक्शन नहीं किया गया है।

अरविंद केजरीवाल की आप को पिछले दो विधानसभा चुनावों में जबरदस्त विजय हासिल हुई थी, उसने 2015 में 67 सीटें तथा 2020 में 62 सीटें जीती थीं। पार्टी, राजधानी में अपनी मजबूत पकड़ के आधार पर, लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की जी-तोड़ कोशिश कर रही है।

### 'अधिकारी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का काम पूरा नहीं होने के कारण यहां घंटों तक जाम लगा रहता है। इसके अलावा वाहनों के डायवर्ज़न को लेकर भी कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, ऐसे में एनएचएआई और अन्य संबंधित अधिकारी आकर निर्माण पूरा होने की अंतिम तिथि के बारे में जानकारी दें।

जनहित याचिका में कहा गया कि जयपुर-अजमेर हाईवे पर बन रहे फ्लाईओवर का समय पर निर्माण पूरा नहीं हुआ है। जिसके चलते यहां जगह-जगह कई घंटों तक वाहन जाम में फंसे रहते हैं। इनका समय पर निर्माण पूरा करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

# विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

## आप पार्टी व भाजपा के नेता तथा एक पूर्व सांसद कांग्रेस में शामिल हुए

- **कांग्रेस नेता, पवन खेड़ा ने बताया कि कांग्रेस की सदस्यता लेने वालों में माउन्टेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी, बिहार प्रजापति कुम्हार संघ के प्रमुख मनोज प्रजापति, पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद अनबर अंसारी, भाजपा की पूर्व प्रवक्ता निखत अब्बास, आप के पूर्व प्रवक्ता निशांत आनंद और लेखक फ्रैंक हुज़ूर प्रमुख हैं।**

नयी दिल्ली, 28 जनवरी। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बढ़ रही राजनीतिक हलचल के बीच आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा एक पूर्व सांसद सहित कई प्रमुख लोग आज कांग्रेस में शामिल हुए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की मौजूदगी में यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इन हस्तियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

खेड़ा ने पार्टी में शामिल हुए नेताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं में माउंटेन मैन दशरथ मांझी के बेटे भागीरथ मांझी, अखिल भारतीय प्रजापति कुम्हार संघ, बिहार के प्रमुख मनोज प्रजापति, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी, डॉ. जगदीश प्रसाद, भाजपा की पूर्व प्रवक्ता निखत अब्बास तथा आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता निशांत आनंद और लेखक फ्रैंक हुज़ूर शामिल हैं।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अंसारी ने कहा कि वह पहले से ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित हैं। उनका कहना था कि गांधी के विचारों से बिहार में दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यकों में उत्साह पैदा हुआ है और वह भी कांग्रेस के विचारों से सहमत हैं।

निखत अब्बास ने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा के साथ यह सोचकर आगे बढ़ रही हैं कि हम साथ रहेंगे तो मजबूत रहेंगे। उन्होंने कहा, आज भाजपा की डर और कट्टरता की राजनीति को खत्म करने का समय आ गया है।

प्रजापति ने कहा कि बिहार का पिछड़ा वर्ग राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट है और इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# ट्रंप ने कहा, भारत अधिक अमेरिकी हथियार खरीदे

- **वाइट हाउस के बयान के अनुसार, ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से वार्ता में खरीद बढ़ाने पर जोर दिया।**

वाशिंगटन, 28 जनवरी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की ओर से अमेरिका निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की दिशा में आगे बढ़ने के महत्व पर जोर दिया है। ट्रंप ने सोमवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर भी चर्चा की। बयान में कहा गया, आज, राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सार्थक बातचीत की।

दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने और गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया और यूरोप में सुरक्षा सहित कई क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति ने भारत द्वारा अमेरिका निर्मित सुरक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों की ओर बढ़ने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, नेताओं ने दोनों देशों के बीच दोस्ती और रणनीतिक संबंधों की ताकत को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी और हिंद-प्रशांत क्वाड साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस साल के अंत में भारत पहली बार क्वाड नेताओं की मेजबानी करेगा।

### मौनी अमावस्या...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

12 बजे तक यह आंकड़ा पांच करोड़ को पार करने का अनुमान है।

गौरतलब है कि महाकुम्भ में मकर संक्रांति स्नान पर्व पर साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था।

इस बीच मौनी अमावस्या पर जनसैलाब के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के भारी इंतजाम किये हैं। चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किये गये हैं। ड्रोन और सीसीटीवी के जरिये भीड़ की निगरानी की जा रही है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908